www.tamsasanket.com

वर्षः 29 || अंक 344 || अम्बेडकरनगर

शुक्रवार

13 मार्च 2026 || पृष्ठः 08 || मूल्यः ₹2

आज़ादी का अमृत महोत्सव

समूह संपादक- डॉ. ओ.पी. मिश्रा

# दैनिक तमसा संकेत

» डॉ. लोहिया की जन्म भूमि से सर्वप्रथम प्रकाशित समाचार पत्र

https://epaper.tamsasanket.com

अम्बेडकर नगर व लखनऊ से एक साथ प्रकाशित

**मौसम**
सूर्योदयः 06:19
सूर्यास्तः 06:13
अधिकतमः 36:00
न्यूनतमः 20:00




पेज 07

विशेष समाचार | क्या जदयू में निशांत कुमार... >> पेज 04 | मथुरा में बहू ने सास की गला ... >> पेज 06 | मोनालिसा ने मुस्लिम बॉयफ्रेंड...

## पद संभालने के बाद मुजतबा का पहला बयान, कहा- होर्मुज का रास्ता नहीं खुलेगा

# ‘अमेरिकी बेस पर हमले जारी रहेंगे’



होर्मुज का रास्ता नहीं खुलेगा : अयातुल्ला मुजतबा खामेनेई

रिपोर्ट्स के मुताबिक अमेरिका और इजराइल के हमलों के पहले दिन मोजतबा खामेनेई के पैर में फ्रैक्चर हो गया था और उन्हें हल्की चोटें भी आई थीं। बताया गया कि वह उसी हवाई हमले में घायल हुए थे, जिसमें उनके पिता और पूर्व सुप्रीम लीडर अयातुल्ला अली खामेनेई की मौत हो गई थी।

**बयान**

तमसा संकेत, एजेंसी

तेल अवीव/तेहरान । ईरान के नए सुप्रीम लीडर अयातुल्ला मुजतबा खामेनेई ने पद संभालने के बाद गुरुवार को अपना पहला बयान जारी किया। इसमें उन्होंने अमेरिका को चेतावनी देते हुए कहा कि वह मिडिल ईस्ट में मौजूद अमेरिकी सैन्य अड्डों को बंद कर दे, नहीं तो उन पर हमले जारी रहेंगे।

मुजतबा ने अमेरिका और इजराइल को चेतावनी दी है कि उन्हें ईरान पर किए गए हमलों की ‘भरपाई’ करनी होगी।

ईरान के सरकारी टीवी पर पढ़कर सुनाए गए संदेश में खामेनेई ने कहा कि मौजूदा हालात में होर्मुज स्ट्रेट का रास्ता भी नहीं खोला जाएगा।

>> (शेष पेज 06 पर)



### मुजतबा बोले- हूती विद्रोहियों का भी जल्द साथ मिलेगा

मुजतबा ने यह भी कहा कि यमन के लड़ाकू समूह भी इस लड़ाई में भूमिका निभाएंगे। उन्होंने कहा कि इराक के सशस्त्र समूह भी इस्लामी क्रांति की मदद करना चाहते हैं।

दरअसल, ईरान मिडिल ईस्ट में कई ऐसे सशस्त्र समूहों के साथ जुड़ा रहा है जो उसका समर्थन करते हैं, जैसे यमन के हूती और इराक के शिया लड़ाकू समूह। इन्हें अक्सर ‘रेजिस्टेंस’ या ‘एक्सिस ऑफ रेजिस्टेंस’ कहा जाता है।


### क्या ईरान ने भारतीय जहाजों को जाने की इजाजत दी

मिडिल-ईस्ट में जारी इस संघर्ष के बीच भारत और ईरान के विदेश मंत्रियों ने पिछले कुछ दिनों में तीन बार बातचीत की है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने गुरुवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस में इसकी जानकारी दी।

उनसे पूछा गया कि क्या ईरान ने भारत जाने वाले जहाजों को अनुमति दी है। इस पर उन्होंने कहा कि फिलहाल इस विषय पर ज्यादा कुछ कहना जल्दबाजी होगा। हाल की बातचीत में समुद्री शिपिंग की सुरक्षा और भारत की ऊर्जा सुरक्षा से जुड़े मुद्दों पर चर्चा की गई।

जायसवाल ने यह भी कहा कि भारत ने ईरान के दिवंगत नेता अयातुल्ला अली खामेनेई को श्रद्धांजलि दी थी। उन्होंने बताया कि विदेश सचिव ने 5 मार्च को ईरानी दूतावास में जाकर शोक-पुस्तिका पर हस्ताक्षर किए थे।

राजधानी तेहरान की सड़क पर ईरान के नए सर्वोच्च नेता मोजतबा खामेनेई का पोस्टर लगाया गया है।




### ट्रम्प बोले- तेल की कीमत बढ़ने से हम बहुत पैसा बना रहे

अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प ने गुरुवार को ईरान के साथ बढ़ते तनाव के कारण तेल की बढ़ती कीमतों और बाजार में उतार-चढ़ाव को कम करके दिखाने की कोशिश की। उन्होंने कहा कि तेल की कीमतें बढ़ने से अमेरिका को भी फायदा होता है। ट्रम्प ने ट्रुथ सोशल पर लिखा, “अमेरिका दुनिया का सबसे बड़ा तेल उत्पादक है। इसलिए जब तेल की कीमतें बढ़ती हैं, तो हमें भी काफी फायदा होता है। लेकिन मेरे लिए सबसे ज्यादा अहम बात यह है कि एक ‘खतरनाक ताकत’ ईरान को परमाणु हथियार हासिल करने से रोका जाए, क्योंकि इससे मिडिल ईस्ट और पूरी दुनिया को खतरा हो सकता है।” उन्होंने आगे लिखा, “मैं ऐसा कभी होने नहीं दूंगा।”

>> (शेष पेज 06 पर)

### गैस की किल्लत, 900 वाला सिलेंडर 1800 में मिल रहा



नई दिल्ली । अमेरिका-इजराइल की ईरान से जंग की वजह से देशभर में LPG की किल्लत हो गई है। गैस एजेंसियों के बाहर लम्बी लाइनें हैं। सिलेंडर की कालाबाजारी भी हो रही है।

बिहार के कई शहरों में 1000 रुपए वाले घरेलू सिलेंडर के लिए 1800 रुपए तक वसूले जा रहे हैं।

>> (शेष पेज 06 पर)

### यूपी में हिंदुस्तान पेट्रोलियम के 2 अफसरों की हत्या




बदायूं । यूपी के बदायूं में ठेकेदार ने हिंदुस्तान पेट्रोलियम के DGM यानी उप महाप्रबंधक सुधीर गुप्ता (55 साल) और असिस्टेंट मैनेजर सेल्स हर्षित मिश्रा (35 साल) की गोली मारकर हत्या कर दी।

आरोपी अजय प्रताप सिंह उर्फ रामू प्लांट में पराली वेंडर था।

>> (शेष पेज 06 पर)

## सरकार ने माना- घबराहट की वजह से सिलेंडर बुकिंग बढ़ी

# एलपीजी संकट




सूचना और प्रसारण मंत्रालय, विदेश मंत्रालय, शिपिंग मंत्रालय और पेट्रोलियम मंत्रालय के अधिकारियों ने गुरुवार को दिल्ली में जॉइंट प्रेस कॉन्फ्रेंस की।

**कोहराम**

तमसा संकेत, एजेंसी

नई दिल्ली । भारत सरकार के विदेश, शिपिंग, पेट्रोलियम, सूचना और प्रसारण मंत्रालय ने गुरुवार को देश में कच्चे तेल और गैस की किल्लत को लेकर जॉइंट प्रेस कॉन्फ्रेंस की। सरकार ने माना कि देश में हालात चुनौतीपूर्ण हैं और घबराहट के कारण देशभर में सिलेंडर बुकिंग में कई गुना बढ़ोतरी देखी गई है। पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय में संयुक्त सचिव सुजाता शर्मा ने कहा कि भारत अपनी जरूरत का करीब 60% LPG आयात करता है, जिसमें से लगभग 90% सप्लाई स्ट्रेट ऑफ होर्मुज से आती है।

>> (शेष पेज 06 पर)

अमेरिका-इजराइल की ईरान से जंग के बीच भारत में एलपीजी की डिमांड बढ़ गई है। देशभर में गैस सिलेंडर एजेंसियों के बार लम्बी लाइनें लग रही हैं। सिलेंडरों की कालाबाजारी भी होने लगी है। राज्यों में 900 के घरेलू गैस सिलेंडर के लिए 1800 तक वसूले जा रहे

सरकार ने कमर्शियल गैस सिलेंडरों की बिक्री पर रोक लगा दी है, जिससे छोटे और बड़े दुकानदारों के सामने नई समस्या खड़ी हो गई है। इस फैसले का सबसे अधिक प्रभाव चाय की दुकानों, छोटे रेस्टोरेंट, फास्ट फूड स्टॉल और ढाबों पर पड़ रहा है, जहाँ रोज़ाना बड़ी मात्रा में गैस की आवश्यकता होती है।



### कब तक सुधरेंगे हालात?

इंडियन ऑयल के मुख्य महाप्रबंधक (LPG) के.एम. ठाकुर का कहना है कि ग्राहकों को घबराने की जरूरत नहीं है और घबराहट में सिलेंडर बुकिंग न करें। सरकार अब अमेरिका जैसे देशों से वैकल्पिक कार्गो मंगाने पर विचार कर रही है। वहीं, अंतरराष्ट्रीय स्तर पर G7 देश अपने इमरजेंसी तेल भंडार से सप्लाई जारी करने पर चर्चा कर रहे हैं, ताकि ग्लोबल मार्केट में ऊर्जा संकट को कम किया जा सके। रूस और अल्जीरिया से भी अतिरिक्त कच्चा तेल आने की उम्मीद है।

### रोज 50 लाख सिलेंडर डिलीवर हो रहे, 1 लाख पेट्रोल पंप पर तेल की कमी नहीं

### विदेश मंत्रालय : बोले मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल

तेहरान स्थित भारतीय दूतावास उन भारतीय नागरिकों की मदद कर रहा है जो ईरान छोड़ना चाहते हैं। उन्हें आर्मेनिया और अजरबैजान के रास्ते बाहर निकलने में सहायता दी जा रही है, जहां से उपलब्ध वाणिज्यिक उड़ानों का उपयोग किया जा सकता है। तेहरान में हमारा दूतावास भारतीय नागरिकों को वीज़ा सुविधा के साथ-साथ अंतरराष्ट्रीय भूमि सीमा पार करने में भी मदद कर रहा है। हमारे कई नागरिक इस विकल्प का लाभ उठाकर भारत लौट चुके हैं। >> (शेष पेज 06 पर)

**फास्ट न्यूज**

### सेंट्रल फोर्स में 93 हजार पद खाली सीआरपीएफ में सबसे ज्यादा 27 हजार

नई दिल्ली । केंद्र सरकार ने बुधवार को संसद में बताया कि सेंट्रल आर्म्ड पुलिस फोर्स और असम राइफल्स में कुल 93,139 पद खाली हैं। गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय ने लिखित जवाब में यह जानकारी दी।

**तनाव | आलोचना**

### अय्यर के लेटर का थरूर ने दिया जवाब


नई दिल्ली । कांग्रेस के दो दिग्गज नेताओं शशि थरूर और मणि शंकर अय्यर के बीच तनाव और बढ़ गया है। थरूर ने गुरुवार को अय्यर के ओपन लेटर का जवाब ओपन लेटर से दिया है। थरूर ने कहा है कि विदेश नीति पर मतभेद होना स्वाभाविक है, लेकिन इससे किसी की नीयत या देशभक्ति पर सवाल उठाना ठीक नहीं है। मणि शंकर अय्यर ने 10 मार्च को अपने लेटर में विदेश नीति पर थरूर के रुख की आलोचना की थी। उन्होंने आरोप लगाया कि थरूर ने अमेरिका-इजराइल और ईरान से जुड़े मुद्दों पर भारत के नैतिक रुख को कमजोर किया है।

### गुजरात-राजस्थान में लू चली, 11 शहरों में पारा 41 डिग्री सेल्सियस पार

नई दिल्ली । मार्च में लगातार मौसम में बदलाव देखने को मिल रहा है। उत्तर भारत के मैदानी राज्यों में मार्च के तीसरे हफ्ते में ही पारा 40 का आंकड़ा पार कर गया है। IMD ने गुरुवार को गुजरात, सौराष्ट्र और कच्छ में हीटवेव और लू का ऑरेंज अलर्ट जारी किया है।

## राहुल बोले- पेट्रोलियम मंत्री ने एपस्टीन को दोस्त कहा था, स्पीकर ने बोलने से रोका

# संसद के बाहर नारे : नरेंदर भी गायब सिलेंडर भी गायब



**प्रदर्शन**

एलपीजी संकट पर बोलेंगे पेट्रोलियम मंत्री राहुल ने कहा था- बड़ी समस्या आने वाली है

तमसा संकेत, एजेंसी

नई दिल्ली । राहुल गांधी ने लोकसभा में गुरुवार को एलपीजी संकट का मुद्दा उठाया। उन्होंने कहा, ‘अभी तो दर्द की शुरुआत हुई है। रेस्टोरेंट बंद हो रहे हैं, एलपीजी को लेकर घबराहट है और सड़क किनारे के विक्रेता प्रभावित हो रहे हैं।

उन्होंने कहा कि किसी भी देश की बुनियाद उसकी ऊर्जा सुरक्षा होती है। अगर अमेरिका यह तय करे कि हम रूस से गैस या तेल खरीद सकते हैं या नहीं, तो यह समझ से परे है। मैं समझने की कोशिश कर रहा हूं कि यह पहेली क्या है और यह समझौते से जुड़ी लगती है। तेल मंत्री खुद कह चुके हैं कि वे एपस्टीन के दोस्त हैं। >> (शेष पेज 06 पर)




पुरी ने कहा- एलपीजी की कमी नहीं, विपक्ष की नारेबाजी

### निशिकांत दुबे बोले- राहुल गांधी संसद पिकनिक मनाने आते हैं

भाजपा सांसद निशिकांत दुबे ने कहा, ये संसद है कोई कैंटीन नहीं, आप आम जनता की बातें उठा रहे हैं, LPG की किल्लत की समस्या उठा रहे हैं। सरकार उसका जवाब देगी, क्या यह पिकनिक की जगह है? दुबे ने कहा कि संसद अलग है, सड़क अलग है। संसद का आंदोलन अलग होता है, सड़क का आंदोलन अलग होता है। जो स्थितियां दिखाई दे रही हैं उससे दिखता है कि 2047 तक कांग्रेस वापस नहीं आने वाली है। >> (शेष पेज 06 पर)

# एक करोड़ रिश्वत मामले में सस्पेंड आईएएस अभिषेक प्रकाश बहाल

## योगी ने एक साल पहले निलंबित किया था, बिजनेसमैन ने की थी शिकायत

**निर्णय**

तमसा संकेत, एजेंसी

लखनऊ। यूपी सरकार ने सस्पेंडेड IAS अधिकारी अभिषेक प्रकाश को करीब 1 साल बाद बहाल कर दिया है। आरोप था कि उन्होंने अपने करीबी बाबू निकांत जैन के जरिए सोलर इंडस्ट्री प्रोजेक्ट की मंजूरी के लिए बिजनेसमैन विश्वजीत दत्ता से 1 करोड़ रुपए का कमीशन मांगा था। न मिलने पर प्रोजेक्ट की फाइल रोक दी। बिजनेसमैन ने इसकी शिकायत योगी से की थी। सीएम ने STF से जांच कराने के बाद एक्शन लिया था।

>> (शेष पेज 06 पर)



### आईएएस के बाबू ने रिश्वत मांगने की बात कबूली थी

सीएम योगी आदित्यनाथ ने मामले की जांच STF को सौंपी। इसके बाद 20 मार्च, 2025 को STF ने बाबू निकांत जैन को गिरफ्तार कर लिया। उसके खिलाफ लखनऊ के गोमती नगर थाने में केस दर्ज कराया। पूछताछ में उसने कमीशन मांगने की बात कबूल कर ली।

>> (शेष पेज 06 पर)

### बिजनेसमैन ने योगी से की थी शिकायत

पिछले साल इन्वेस्टर विश्वजीत दत्ता ने सीएम योगी से शिकायत की थी। उन्होंने बताया था- उनका ग्रुप SEAL सोलर P6 प्राइवेट लिमिटेड यूपी मे सोलर सेल और सोलर उर्जा से संबंधित कल पुर्जे बनाने की यूनिट लगाना चाहता था। इसके लिए उन्होंने इन्वेस्ट यूपी के ऑफिस में और ऑनलाइन आवेदन किया। इसके बाद मूल्यांकन समिति की बैठक हुई। जिसमें आवेदन पत्र रखा गया। एक सीनियर IAS अधिकारी ने निकांत जैन का नंबर दिया। कहा- उससे बात कर लीजिए।

>> (शेष पेज 06 पर)

# फारूक अब्दुल्ला पर हमला सिर पर कुछ इंच दूर से चलाई गोली

## फारूक अब्दुल्ला बोले- ऊपर वाले ने बचाया

**गोलीबारी**

तमसा संकेत, एजेंसी

श्रीनगर । नेशनल कॉन्फ्रेंस अध्यक्ष और जम्मू-कश्मीर के पूर्व मुख्यमंत्री फारूक अब्दुल्ला पर बुधवार रात एक व्यक्ति ने फायरिंग कर दी। हमलावर ने सिर पर कुछ इंच दूर से गोली चलाई थी। गनीमत रही कि सुरक्षाकर्मियों ने हमलावर का हाथ ऊपर कर दिया और उन्हें गोली नहीं लगी। अधिकारियों के मुताबिक फारूक जम्मू में एक शादी समारोह में पहुंचे थे। उनके साथ राज्य के डिप्टी सीएम सुरिंदर चौधरी भी थे। फारूक अब्दुल्ला ने गुरुवार को कहा- मुझे ऊपर वाले ने बचाया है। शादी से निकलते समय मैंने कुछ आवाज सुनी, मुझे लगा कि यह पटाखा है। बाद में मुझे बताया गया कि एक आदमी ने पिस्तौल से दो गोलियां चलाईं। सुरक्षाकर्मियों ने बीच-बचाव किया, जिससे हथियार ऊपर की ओर हो गया और नुकसान होने से बच गया। वहीं, हमलावर कमल ने पुलिस को बताया कि वह पिछले 20 सालों से फारूक अब्दुल्ला को मारना चाहता था।

>> (शेष पेज 06 पर)




हमलावर ने पहले कहा यही मकसद था, फिर बोला- गलती हो गई

## मुलाकात : अखिलेश यादव ने शंकराचार्य से लिया आशीर्वाद, बोले- गैस संकट के लिए भाजपा सरकार जिम्मेदार

# नकली संतों का होगा अंत

हेमन्त कृष्णा

तमसा संकेत, लखनऊ। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने गुरुवार को लखनऊ में ज्योतिर्मठ बद्रिकाश्रम के पूज्य शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद से मुलाकात कर उनका आशीर्वाद प्राप्त किया। मुलाकात के बाद उन्होंने कहा कि किसी भी शुभ कार्य की शुरुआत से पहले संत-महात्माओं का आशीर्वाद मिलना सबसे बड़ी बात होती है। प्रदेश और देश में रसोई गैस की कमी को लेकर भी अखिलेश यादव ने केंद्र और राज्य सरकार को जिम्मेदार ठहराया।

>> (शेष पेज 06 पर)



### प्रदेश में कानून व्यवस्था और प्रशासन पर सवाल

अखिलेश यादव ने कहा कि पिछले कुछ दिनों से ऐसा लग रहा है मानो उत्तर प्रदेश में सरकार ही नहीं है। लगातार घटनाएं हो रही हैं और मीडिया पर दबाव बनाया जा रहा है कि सच्चाई सामने न आए। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा लोकतंत्र को कमजोर करने का काम कर रही है।

>> (शेष पेज 06 पर)

अखिलेश यादव ने कहा कि शंकराचार्य जी का आशीर्वाद मिलने से समाज में फैले नकली संतों का अंत होगा। उन्होंने कहा कि हर व्यक्ति के भीतर अच्छा और बुरा करने की लड़ाई चलती रहती है और ऐसे समय में हम सबके अंदर सुदर्शन चक्र जैसा साहस होना चाहिए, जिससे समाज में फैले पाप और बुराइयों को मिलकर खत्म किया जा सके।



### समाजवादी सरकार में गाय सेवा के लिए लिए गए फैसले

पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा कि समाजवादी सरकार के दौरान गाय की सेवा और संरक्षण को लेकर कई महत्वपूर्ण फैसले लिए गए थे। उन्होंने बताया कि उनके कार्यकाल में कन्नौज में प्रदेश का पहला काऊ मिल्क प्लांट स्थापित किया गया था, जहां देशी गाय के दूध से बनने वाले उत्पाद तैयार किए जाते थे। इससे एक ओर गायों की सेवा होती थी तो दूसरी ओर लोगों की आर्थिक स्थिति भी मजबूत होती थी।

>> (शेष पेज 06 पर)

C M Y K

## कौशल केंद्रों की गुणवत्ता और पारदर्शिता सुनिश्चित करने के लिए मजबूत निगरानी व्यवस्था जरूरी

# युवाओं को वैश्विक प्रतिस्पर्धा के लिए तैयार करना सरकार की प्राथमिकता

चर्चा

**तमसा संकेत, संवाददाता**




- समाज में श्रम और कौशल को सम्मान देने की संस्कृति विकसित करनी होगी : प्रमुख सचिव डॉ. हरिओम
- युवाओं को उद्योगों की मांग के अनुरूप प्रशिक्षण देना मिशन की प्राथमिकता : पुलकित

लखनऊ । लखनऊ में आयोजित नेशनल स्किल एंड एजुकेशन समिट – उत्तर प्रदेश का शुभारंभ उत्तर प्रदेश कौशल विकास मिशन के निदेशक पुलकित खरे की अध्यक्षता में किया गया। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि मुख्यमंत्री के सलाहकार अवनीश अवस्थी, मुख्य अतिथि प्रमुख सचिव डॉ. हरिओम सहित सरकार, उद्योग, बैंकिंग, शिक्षण संस्थानों तथा कौशल विकास से जुड़े अनेक विशेषज्ञों ने प्रतिभाग किया। होटल सेंट्रम में आयोजित कार्यक्रम में प्रदेश में कौशल विकास, शिक्षा और नवाचार के माध्यम से भविष्य के कार्यबल को तैयार करने पर व्यापक चर्चा हुई। मुख्यमंत्री सलाहकार अवनीश अवस्थी ने कहा कि योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश सरकार प्रदेश के युवाओं को आधुनिक कौशल प्रदान कर उन्हें वैश्विक प्रतिस्पर्धा के लिए तैयार करने के लिए लगातार कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि कौशल विकास केंद्रों की गुणवत्ता और पारदर्शिता सुनिश्चित करने के लिए एक मजबूत निगरानी व्यवस्था विकसित की जानी चाहिए। उन्होंने सुझाव दिया कि प्रत्येक मंडल में सेवानिवृत्त आईएएस, आईपीएस, पीसीएस अधिकारियों, उद्योग विशेषज्ञों और बैंकरों की एक समिति गठित की जाए जो कौशल केंद्रों का निरीक्षण कर प्रशिक्षण की गुणवत्ता सुनिश्चित करे। प्रमुख सचिव डॉ. हरिओम ने अपने संबोधन में कहा कि शिक्षा और कौशल विकास को एक साथ जोड़ना समय की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि केवल ज्ञान प्रदान करना पर्याप्त नहीं है, बल्कि उसे व्यवहारिक रूप से लागू करने की क्षमता विकसित करना भी जरूरी है। उन्होंने कहा कि भारत जैसे विशाल देश में विकास के लिए संस्थागत ढांचे को मजबूत करना आवश्यक है ।

**शिक्षा और कौशल विकास को एक साथ जोड़ना समय की आवश्यकता**

### सार्वजनिक क्षेत्रों में सीसीटीवी कैमरे लगाए जाएं

अवनीश अवस्थी ने कहा कि कौशल केंद्रों में पारदर्शिता बनाए रखने के लिए सार्वजनिक क्षेत्रों में सीसीटीवी कैमरे लगाए जाएं और उनकी निगरानी सार्वजनिक डोमेन के माध्यम से भी संभव हो। साथ ही सभी कौशल केंद्रों से संबंधित जानकारी जैसे पाठ्यक्रम, छात्रों की संख्या, प्रमाणपत्र और रोजगार की संभावनाएं वेबसाइट पर उपलब्ध कराई जाएं, ताकि व्यवस्था अधिक जवाबदेह और पारदर्शी बन सके। उन्होंने बताया कि प्रदेश में कौशल विकास के क्षेत्र में तेजी से विस्तार हो रहा है और लगभग 750 प्रशिक्षण भागीदार इस मिशन से जुड़े हुए हैं। उन्होंने सुझाव दिया कि जो भी नए प्रशिक्षण भागीदार मिशन से जुड़ें हैं, उनके लिए मुख्यमंत्री की उपस्थिति में एक भव्य प्रमाणपत्र वितरण समारोह आयोजित किया जाए।

### युवा आबादी को कौशलयुक्त बनाना अत्यंत आवश्यक

मुख्यमंत्री सलाहकार ने कहा कि प्रदेश की बड़ी युवा आबादी को कौशलयुक्त बनाना अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने अपने हालिया सिंगापुर और जापान दौरे का उल्लेख करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री ने अंतरराष्ट्रीय मंचों पर भी उत्तर प्रदेश की युवा शक्ति और उसके कौशल विकास की संभावनाओं को प्रमुखता से रखा है। उन्होंने बताया कि गोरखपुर में महाराणा प्रताप प्रौद्योगिकी संस्थान में लगभग 48 करोड़ रुपये की लागत से एक अत्याधुनिक उत्कृष्टता केंद्र स्थापित किया जा रहा है, जहां एआई, साइबर सुरक्षा, 3डी प्रौद्योगिकी और ड्रोन तकनीक जैसे क्षेत्रों में युवाओं को प्रशिक्षण दिया जाएगा। इस केंद्र का उद्घाटन 15 अप्रैल को मुख्यमंत्री द्वारा किया जाएगा।

# गोमती किनारे बने ग्रीन कॉरिडोर का लोकार्पण

## 5 लाख लोगों को मिलेगी जाम से राहत

**तमसा संकेत, एजेंसी**



लखनऊ । लखनऊ में बहुप्रतीक्षित ग्रीन कॉरिडोर फेज-2 का 13 मार्च को लोकार्पण होगा। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ इसे जनता को समर्पित करेंगे। झूलेलाल पार्क में लोकार्पण समारोह होगा। उत्तर प्रदेश सरकार के कई मंत्री और बीजेपी पदाधिकारी भी शामिल होंगे।

गोमती नदी के दोनों किनारों पर बन रहा ग्रीन कॉरिडोर कुल 57 किलोमीटर लंबा है, जिसे चार चरणों में विकसित किया जा रहा है। इस कॉरिडोर में चौड़ी सड़कें, अलग-अलग लेन, हरियाली और सुगम यातायात के लिए आधुनिक डिजाइन अपनाया गया है। अलग-अलग हिस्सों में मल्टी-लेन रोड बनाई जा रही है, ताकि बिना रुकावट तेज और सुरक्षित सफर हो सके। ग्रीन कॉरिडोर का दूसरा फेज गोमती नगर के समता मूलक चौक से निशातगंज होते हुए हनुमान सेतु डालीगंज तक है। 6 लेन सड़क बनाई गई है। दोनों ओर सड़क की चौड़ाई करीब 11.50 मीटर है। निशातगंज में चौराहा बनाया गया है। इसके शुरू होने से शहर के करीब 5 लाख लोगों को ट्रैफिक जाम से राहत मिलने की उम्मीद है। औपचारिक उद्घाटन से पहले तक कॉरिडोर के एंट्री और एग्जिट पॉइंट्स पर कंक्रीट डिवाइडर लगाकर रास्ता बंद रखा गया है।

फास्ट न्यूज

### मेयर ने किया साहित्य पार्क-वर्किंग वुमन हॉस्टल का निरीक्षण

लखनऊ । लखनऊ मेयर सुषमा खर्कवाल ने गुरुवार को जोन-8 के चक गंजरिया क्षेत्र स्थित निर्माणाधीन साहित्य पार्क और ट्रांसपोर्ट नगर के पास बन रहे वर्किंग वूमेन हॉस्टल का निरीक्षण किया।

मेयर ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि कार्यों में तेजी लाई जाए, ताकि जल्द से जल्द कार्यरत महिलाओं को सुरक्षित और सुविधाजनक आवास की सुविधा उपलब्ध कराई जा सके।

### मुख्यमंत्री द्वारा 17 मार्च को कैलाश यात्रियों का सम्मान एवं अनुदान वितरण

लखनऊ। 2025 में कैलाश मानसरोवर की यात्रा पूर्ण करने वाले उ. प्र. के कैलाश यात्रियों का सम्मान एवं 1 लाख अनुदान का वितरण मा. मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा 17 मार्च को अपराह्न 3 बजे लोक भवन सभागार में किया जाएगा। यह जानकारी कैलाश मानसरोवर सेवा समिति लखनऊ, उ.प्र. के अध्यक्ष के. के. सिंह द्वारा दी गई।

इसी क्रम में समिति के सचिव आर.एस. भदौरिया ने जानकारी दी कि 2025 में लिपू मार्ग का यात्रा व्यय लगभग रू. 231000 तथा नाथुला मार्ग का व्यय लगभग रू. 335000 आया है।

### घरों में नहीं जला चूल्हा, शादियां टली

लखनऊ । लखनऊ में घरेलू और कमर्शियल गैस सिलेंडर को लेकर उपभोक्ताओं की परेशानी बढ़ती जा रही है। शहर की कई गैस एजेंसियों के बाहर गुरुवार सुबह से ही लोग सिलेंडर के लिए लाइन में खड़े दिखाई दिए। कपूरथला स्थित अशोक गैस सर्विस समेत कई एजेंसियों पर उपभोक्ताओं ने आरोप लगाया कि उनके मोबाइल पर आए OTP लेकर सिलेंडर किसी और को दे दिया जा रहा है।

# 14 मार्च को राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन

**तमसा संकेत, संवाददाता**



- शीर्ष सुलभ व सक्षम न्याय पाने के लिए आए लोक अदालत - जीवक कुमार सिंह

लखनऊ। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्वावधान में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन 14 मार्च को किया जाएगा। उक्त के संबंध में जानकारी देते हुए जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव सिविल जज ( सीडी ) जीवक कुमार सिंह ने बताया कि 14 मार्च को विशाल लोक अदालत का आयोजन किया जा रहा है जिसमें वादों का निस्तारण किया जाएगा। उन्होंने बताया कि राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण, नई दिल्ली एवं उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ के निर्देशानुसार जिला विधिक सेवा प्राधिकरण लखनऊ द्वारा राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन 14 मार्च शनिवार को सुबह 10:00 बजे से कार्यावधि तक जनपद न्यायालय परिसर लखनऊ, परिवार न्यायालय, मोटर दुर्घटना दावा अधिकरण, कमर्शियल कोर्ट लखनऊ तथा कलेक्ट्रेट, समस्त तहसीलों एवं अन्य सम्बन्धित विभागों में वादों का निष्पादन किया जायेगा। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव सिविल जज ( सीडी ) जीवक कुमार सिंह ने जनता से अपील करते हुए कहा है कि वह राष्ट्रीय लोक अदालत में पहुंचकर फायदा उठाएं और शीर्ष सक्षम और सुलभ न्याय पाएं।

## जहां नारी की इज्जत, सम्मान होता है, वही देवता सज्जन पुरुषों का वास होता है: निर्मला

# महिलाओं के सामने चुनौतियां विषय पर एक संगोष्ठी का आयोजन

**तमसा संकेत, संवाददाता**




लखनऊ। सामाजिक संस्था अलग दुनिया द्वारा अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर प्रेस क्लब लखनऊ के सभागार में राजनीति में महिलाओं के सामने चुनौतियां विषय पर एक संगोष्ठी का आयोजन किया गया संगोष्ठी में जाने माने विषय विशेषज्ञ वरिष्ठ पत्रकार और संपादक कृष्णकांत वत्स, पूर्व आईपीएस डॉ बीपी गौतम, इंजी. एम ए राईनी. डॉ वंदना अवस्थी. डॉ अशोक मिश्रा. गौतम राणा. डॉ. चंद्रेश राज, इंदु पांडे, आलोक चटिया, सर्वेश द्विवेदी, सावित्री सिंह, पीसी कुरील, सोहित यादव, प्रमोद कुमार आदि ने महिलाओं का सर्वश्रेष्ठ योगदान तभी संभव है जब हम उनको जीवन के हर क्षेत्र में भागीदारी सुरक्षित करें साथ ही बेटियों को उच्च सपने देखने के लिए प्रेरित करें और उन्हें हर कदम पर पूरा करने में उनका तन मन धन से सहयोग करें। देश और समाज के विकास के लिए उत्थान के लिए उन्हें अंधविश्वास और पाखंडों से भी मुक्त करना होगा और खुद को भी अपने को अंधविश्वास पाखंड और ढकोसलों से मुक्त करना होगा. संविधान शिल्पी बाबा साहब भारत रत्न डॉभीमराव अंबेडकर के संविधान के अनुरूप चलने के लिए तथा वैज्ञानिक सोच भी उनके मन मस्तिष्क में पैदा करने की जरूरत है । समाजसेवी गौतम राणा ने कहा कि महिलाओं के अधिकारों पर अतिक्रमण न होने दे यूं तो कहा है कि स्त्री पुरुष गाड़ी के दो पहिए हैं किंतु गाड़ी में एक पहिया यदि मारुति का है और दूसरा ट्रैक्टर का लग जाए तो गाड़ी नहीं चल सकती महिलाओं को बाबा साहब डॉक्टर अंबेडकर का आभार प्रकट करना चाहिए कि उन्होंने देश का इतना अच्छा संविधान दिया और उनको बराबरी का दर्जा दिया उनके हर अधिकार पर संविधान में जबरदस्त रूप से बखान किया गया है महिलाओं को खुद आगे बढ़ाने के लिए प्रेरित करना चाहिए उनके साथ जगह जाकर उनको विकलांग या हैंडिकैप्ड बनाने का कार्य न करें।

**पूर्व महिला आयोग के सदस्य निर्मला ने कहा की जहां नारी की इज्जत सम्मान होता है वही देवता सज्जन पुरुषों का वास होता है संस्कारों को मजबूत किया जाए संस्कार अच्छे होते हैं तो परिवार समाज देश अच्छा होता है एक दूसरे की इज्जत करना सीखें यही सभी धर्म सीख देते हैं कट्टरपन और धार्मिक लोगों को खत्म करना होगा**



### निजी क्षेत्र पर भी महिलाओं के साथ दलितों पिछड़ों का भी अधिकार

पूर्व आईपीएस डॉक्टर बीपी अशोक ने अपने उद्बोधन से पहले महात्मा गौतम बुद्ध संविधान शिल्पी बाबा साहब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर आदि महापुरुषों को याद करते हुए कहा कि महिलाओं का उत्थान व विकास समतावादी भाईचारा के सिद्धांतों से किया जा सकता है महिलाओं को मदद के साथही उनको प्रत्येक क्षेत्र में हिस्सेदारी मिलनी चाहिए सरकारी क्षेत्र की हिस्सेदारीके साथ ही निजी क्षेत्र में भी हिस्सेदारी मिली चाहिए उन्होंने कहा निजी क्षेत्र में लोग सरकार से विभिन्न प्रकार की सुविधा लेते हैं इसलिए निजी क्षेत्र पर भी महिलाओं के साथ दलितों पिछड़ों का भी अधिकार बनता है।

# सुशांत गोल्फ सिटी के नाम पर फर्जीवाड़ा

## ईडी ने 313.12 करोड़ की संपत्ति कुर्क की, आगरा की 9 हेक्टेयर जमीन भी शामिल

जांच

- ईडी के अनुसार कंपनी ने सुशांत गोल्फ सिटी परियोजना के नाम पर ग्राहकों से कुल 1234.92 करोड़ रुपए एडवांस के रूप में जुटाए
- 278 एफआईआर के आधार पर शुरू हुई जांच

**तमसा संकेत, एजेंसी**



लखनऊ । ED के लखनऊ जोनल ऑफिस ने अंसल प्रॉपर्टीज एंड इंफ्रास्ट्रक्चर लिमिटेड (APIL) और उसके प्रमोटरों की 313.12 करोड़ रुपए की संपत्तियां अस्थायी रूप से कुर्क कर ली हैं। यह कार्रवाई मनी लॉन्ड्रिंग रोकथाम अधिनियम (PMLA), 2002 के तहत की गई है।

ईडी की जांच में सामने आया है कि कंपनी ने लखनऊ के सुशांत गोल्फ सिटी प्रोजेक्ट के नाम पर होमबायर्स से भारी रकम वसूल कर उसका एक बड़ा हिस्सा अन्य गतिविधियों में डायवर्ट कर दिया।

ईडी की जांच मुख्य रूप से लखनऊ के सुशांत गोल्फ सिटी प्रोजेक्ट से जुड़े मामलों पर केंद्रित है। आरोप है कि इस प्रोजेक्ट के नाम पर होमबायर्स से बड़ी रकम एडवांस के रूप में ली गई, लेकिन समय पर फ्लैट नहीं दिए गए। जांच में यह भी सामने आया कि प्रोजेक्ट से जुड़े फंड का सही तरीके से उपयोग नहीं किया गया और धन को अन्य गतिविधियों में डायवर्ट किया गया।

ईडी के अनुसार कंपनी ने सुशांत गोल्फ सिटी परियोजना के नाम पर ग्राहकों से कुल 1234.92 करोड़ रुपए एडवांस के रूप में जुटाए थे। हालांकि जांच में पाया गया कि इस रकम में से केवल 921.80 करोड़ रुपए ही प्रोजेक्ट के निर्माण और उससे जुड़े परिसंपत्तियों पर खर्च किए गए। बाकी करीब 313.12 करोड़ रुपए को अन्य गैर-प्रोजेक्ट गतिविधियों में डायवर्ट कर दिया गया।

देश के विभिन्न शहरों में दर्ज इन मामलों में आरोप है कि कंपनी ने प्रोजेक्ट के नाम पर ग्राहकों से पैसा लिया, लेकिन उन्हें तय समय पर फ्लैट नहीं दिए गए।

### आगरा की 9.08 हेक्टेयर जमीन कुर्क

ईडी की ओर से कुर्क की गई संपत्तियों में आगरा में स्थित करीब 9.08 हेक्टेयर आवासीय जमीन शामिल है। इन संपत्तियों की कुल अनुमानित कीमत लगभग 313.12 करोड़ रुपए बताई गई है। जांच एजेंसी के अनुसार ये संपत्तियां अंसल प्रॉपर्टीज एंड इंफ्रास्ट्रक्चर लिमिटेड से जुड़ी सहयोगी कंपनियों के नाम पर दर्ज हैं। कुर्की की यह कार्रवाई चल रही मनी लॉन्ड्रिंग जांच का हिस्सा है।

> ईडी ने यह जांच अंसल प्रॉपर्टीज एंड इंफ्रास्ट्रक्चर लिमिटेड और उसके निदेशकों के खिलाफ दर्ज 278 एफआईआर के आधार पर शुरू की थी। इन एफआईआर में आपराधिक विश्वासघात, आपराधिक साजिश और जालसाजी जैसे आरोप शामिल हैं।

### होमबायर्स के हितों की सुरक्षा के लिए कार्रवाई

ईडी का कहना है कि जांच के दौरान जो धन अपराध की कमाई के रूप में सामने आया था, वह सीधे तौर पर उपलब्ध नहीं था। ऐसे में उसके बराबर मूल्य की वैकल्पिक संपत्तियों को कुर्क किया गया है।

# लखनऊ नगर निगम की नई बिल्डिंग के निर्माण में देरी

**तमसा संकेत, एजेंसी**



- मेयर ने अफसरों और ठेकेदार को लगाई फटकार, बोलीं- हर सप्ताह समीक्षा होगी

लखनऊ । मेयर सुषमा खर्कवाल और नगर आयुक्त गौरव कुमार ने आज गोमती नगर में नगर निगम की निर्माणाधीन बिल्डिंग का औचक निरीक्षण किया। भवन में चल रहे निर्माण कार्यों की प्रगति और गुणवत्ता की समीक्षा की।

निर्माण कार्यों की धीमी गति पर नाराजगी जताते हुए निर्माण एजेंसी सीएंडडीएस के अधिकारियों और ठेकेदार को कड़ी फटकार लगाई। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि निर्माण कार्यों में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। कार्यों को निर्धारित समय सीमा के भीतर पूर्ण किया जाए।

मेयर ने कहा कि नगर निगम के इस नए भवन से शहर की प्रशासनिक व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ और व्यवस्थित बनाने में मदद मिलेगी। इसलिए निर्माण कार्य की गुणवत्ता और समयबद्धता सुनिश्चित करना अत्यंत आवश्यक है। मेयर ने एसबीएम हॉल में निर्माण कार्य कर रही एजेंसी के अधिकारियों के साथ बैठक कर निर्माण कार्यों की विस्तृत समीक्षा भी की। बैठक में काम की प्रगति, निर्माण की गुणवत्ता और समय सीमा को लेकर विस्तार से चर्चा की गई। मेयर ने नगर निगम के अधिकारियों को निर्देश दिया कि निर्माण कार्यों की नियमित निगरानी की जाए और हर शनिवार को निर्माण कार्यों की समीक्षा बैठक आयोजित की जाए, ताकि कार्यों में तेजी लाई जा सके और समय पर परियोजना पूरी हो सके।

## कटौती : गैस सिलेंडर की कमी से मेस बंद, चीफ प्रॉक्टर को लिखी चिट्ठी- आप ही बताइए क्या करें

# केजीएमयू में 2500 मरीजों का नाश्ता-रोटी कम किया

**तमसा संकेत, एजेंसी**





- केजीएमयू में पेशेंट किचन में हम पहुंचे। यहां के हेड कुक, कुक और कर्मचारियों से बात की। हेड कुक राम सजीवन ने बताया कि 4 दिन से सिलेंडर की डिलीवरी नहीं आ रही है। गैस एजेंसी के माध्यम से गैस की सप्लाई होती थी। अब दिक्कत बढ़ रही है।

लखनऊ । एलपीजी की बढ़ती किल्लत के बीच लखनऊ के किंग जॉर्ज मेडिकल यूनिवर्सिटी (KGMU) में मरीजों और मेडिकोज के खाने पर संकट खड़ा हो गया है। 2500 मरीजों के नाश्ते और रोटियों में कटौती शुरू हो गई है। मेडिकोज (MBBS स्टूडेंट्स) के हॉस्टल की मेस बंद होती जा रही हैं। हालात ये हैं कि मरीजों के लिए 5 किलो वाले कॉमर्शियल सिलेंडर से किसी तरह काम चलाया जा रहा है। हॉस्टल्स के प्रोवोस्ट ने हाथ खड़े कर दिए हैं। सरदार पटेल हॉस्टल के प्रोवोस्ट ने चीफ प्रॉक्टर को इसके लिए लेटर भी लिख दिया है। उन्होंने कहा है- 'महोदय, अब आप ही दिशा-निर्देश दीजिए कि क्या किया जाए।' KGMU किचन में काम करने वाले वर्कर्स के मुताबिक, यहां पर रोजाना करीब 7 सिलेंडर की खपत होती थी। इनमें से 5 सिलेंडर खाना बनाने में जबकि दो सिलेंडर रोटी सेंकने में काम आते थे। मौजूदा समय कॉमर्शियल सिलेंडर नहीं मिलने के कारण मिनी साइज 5 किलो के कॉमर्शियल सिलेंडर से खाना पकाया जा रहा है। इनको बार-बार बदलने में समय भी ज्यादा लग रहा है और खाने की पूरी आपूर्ति भी नहीं हो पा रही है। सरदार पटेल हॉस्टल के प्रवेक्षक ने चीफ प्रॉक्टर को लेटर भेजा है कि गैस न मिलने के कारण उनकी सभी मेस में खाना नहीं बन पा रहा है, जिससे छात्रावास में छात्रों को काफी असुविधा हो रही है। इस स्थिति में चीफ प्रॉक्टर अपने स्तर पर उचित दिशा-निर्देश देने का कष्ट करें। KGMU के करीब 20 हॉस्टलों में रहने वाले लगभग 10 हजार मेडिकोज के सामने भी भोजन का संकट खड़ा हो गया। कई हॉस्टलों की मेस बंद हो रही है, जिससे उन्हें बाहर होटल में महंगा खाना खाने जाना पड़ रहा है।

### मरीजों के लिए निर्धारित है डाइट

KGMU में भर्ती मरीजों के लिए डाइट निर्धारित है। पेशेंट कुक मुजीब ने बताया- सुबह की शुरुआत चाय से होती है। फिर नाश्ता होता है। इसके बाद दोपहर का लंच और फिर शाम की चाय और फिर रात में डिनर दिया जाता है। किचन में रोजाना औसतन 2500 मरीजों का खाना तैयार होता है। इस समय एलपीजी की किल्लत का असर यह है कि मरीजों को नाश्ता के अलावा रोटियां तक डाइट के मुताबिक नहीं दे पा रहे हैं।

# मंगलायतन विश्वविद्यालय ने महाना को किया सम्मानित

**तमसा संकेत, संवाददाता**

> विश्वविद्यालय ने उनके दूरदर्शी नेतृत्व और लोकतांत्रिक संस्थाओं को सशक्त बनाने में दिए गए योगदान की सराहना करते हुए यह सम्मान प्रदान किया।




लखनऊ। उत्तर प्रदेश विधानसभा के माननीय अध्यक्ष श्री सतीश महाना को उनके उत्कृष्ट सार्वजनिक जीवन, लोकतांत्रिक मूल्यों के प्रति समर्पण तथा विधानमंडलीय कार्यप्रणाली में नवाचारपूर्ण योगदान के लिए मंगलायतन विश्वविद्यालय, अलीगढ़ द्वारा डॉक्टर ऑफ लेटर्स (डी.लिट्) [मानद] की उपाधि से सम्मानित किया गया है।

विश्वविद्यालय द्वारा जारी प्रशस्ति पत्र में कहा गया है कि श्री महाना ने उत्तर प्रदेश विधानसभा की कार्यप्रणाली को आधुनिक और अधिक प्रभावी बनाने के लिए कई महत्वपूर्ण पहल की हैं। उनके नेतृत्व में ई-विधान प्रणाली का सफल क्रियान्वयन हुआ, जिसके माध्यम से विधानसभा को कागजरहित और तकनीक आधारित व्यवस्था की दिशा में आगे बढ़ाया गया। इस पहल से कार्यकुशलता बढ़ी है, पारदर्शिता को बल मिला है और विधानसभा की कार्यवाही तक डिजिटल माध्यम से व्यापक पहुँच सुनिश्चित हुई है। इसके अतिरिक्त श्री महाना ने विधायकों की विशेषज्ञता के आधार पर उनके बेहतर उपयोग, महिला जनप्रतिनिधियों की भागीदारी को प्रोत्साहन तथा क्षेत्रीय भाषाओं और बोलियों के उपयोग को बढ़ावा देने जैसे कई नवाचारपूर्ण कदम उठाए हैं। समन्वय सेतु जैसे मंचों के माध्यम से जनप्रतिनिधियों और प्रशासन के बीच बेहतर तालमेल स्थापित करने की पहल भी की गई है। मंगलायतन विश्वविद्यालय ने कहा कि लोकतांत्रिक मूल्यों के प्रति उनकी प्रतिबद्धता, संसदीय परंपराओं को सुदृढ़ करने के प्रयास और प्रेरणादायी नेतृत्व भावी पीढ़ियों के लिए मार्गदर्शक हैं। इसी के दृष्टिगत विश्वविद्यालय ने उन्हें यह मानद उपाधि प्रदान की है। कार्यक्रम की अध्यक्षता कुलाधिपति डा. अच्युतानंद मिश्रा ने की । समारोह में कुलपति प्रो. पीके दशोरा तथा कुलसचिव ब्रिगेडियर डा. समरवीर सिंह तथा अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

## जिलाधिकारी ने कहा-बुकिंग के बाद घर पहुंचेगा गैस सिलेंडर, एजेंसी जाने की जरूरत नहीं

# एलपीजी की पर्याप्त उपलब्धता होम डिलीवरी व्यवस्था लागू

**राहत**

**बृजेंद्र वीर सिंह**

अम्बेडकरनगर । जनपद में एलपीजी गैस सिलेंडर की उपलब्धता को लेकर प्रशासन ने स्थिति स्पष्ट की है। जिलाधिकारी अनुपम शुक्ला ने कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित प्रेस वार्ता में बताया कि जिले में एलपीजी की पर्याप्त उपलब्धता है और उपभोक्ताओं की सुविधा के लिए होम डिलीवरी व्यवस्था लागू कर दी गई है।उन्होंने कहा कि अब उपभोक्ताओं को गैस एजेंसी जाने की आवश्यकता नहीं होगी। सिलेंडर की बुकिंग के बाद निर्धारित समय में उपभोक्ता के घर तक गैस सिलेंडर पहुंचाया जाएगा।



जिलाधिकारी ने बताया कि जिले में कुल 44 एलपीजी एजेंसियां संचालित हैं। इन एजेंसियों पर नियमित रूप से गैस सिलेंडर का स्टॉक उपलब्ध कराया जा रहा है।उन्होंने जानकारी दी कि गुरुवार को जिले की सभी एजेंसियों पर कुल 13 हजार से अधिक गैस सिलेंडर उपलब्ध थे। प्रशासन की ओर से प्रतिदिन स्टॉक की निगरानी की जा रही है, ताकि किसी प्रकार की कमी की स्थिति न बने।

जिलाधिकारी ने स्पष्ट किया कि गैस सिलेंडर की जमाखोरी या निर्धारित दर से अधिक कीमत वसूलने की शिकायत मिलने पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।इसके लिए प्रशासन ने मजिस्ट्रेट, राजस्व और पुलिस कर्मियों की ड्यूटी भी लगाई है। ये टीमें एलपीजी वितरण व्यवस्था की निगरानी करेंगी और अनियमितता मिलने पर कार्रवाई करेंगी।

**एलपीजी उपभोक्ताओं की समस्याओं के स्थायी समाधान के लिए जिले में होम डिलीवरी सिस्टम को पूरी तरह लागू कर दिया गया है। सभी गैस वितरकों को इसका पालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं। प्रशासन का कहना है कि उपभोक्ताओं को केवल गैस सिलेंडर की बुकिंग करनी होगी। इसके बाद निर्धारित समय में सिलेंडर सीधे उनके घर पहुंचा दिया जाएगा।**

### बुकिंग के समय सुरक्षित रखें ओटीपी

जिलाधिकारी ने बताया कि सुबह 9 बजे से 11 बजे के बीच गैस बुकिंग नंबरों पर अधिक दबाव रहता है। इस कारण कभी-कभी उपभोक्ताओं को बुकिंग में परेशानी का सामना करना पड़ता है।उपभोक्ताओं से अपील की गई है कि वे इस समय के अलावा अन्य समय पर भी बुकिंग कर सकते हैं, जिससे प्रक्रिया आसानी से पूरी हो सके।उन्होंने यह भी बताया कि होम डिलीवरी के समय हॉकर को ओटीपी देना अनिवार्य है। बुकिंग के दौरान पंजीकृत मोबाइल नंबर पर प्राप्त ओटीपी को सुरक्षित रखना आवश्यक है। सिलेंडर की डिलीवरी के समय यह ओटीपी हॉकर को देना होगा।

### शिकायतों के समाधान के लिए कंट्रोल रूम स्थापित

एलपीजी से जुड़ी शिकायतों और समस्याओं के त्वरित समाधान के लिए जिला प्रशासन ने कंट्रोल रूम स्थापित किया है।कंट्रोल रूम में दो शिफ्ट में कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई है। पहली शिफ्ट सुबह 6 बजे से दोपहर 2 बजे तक और दूसरी शिफ्ट दोपहर 2 बजे से रात 10 बजे तक संचालित होगी।उपभोक्ता गैस से संबंधित समस्या या शिकायत के लिए कंट्रोल रूम के मोबाइल नंबरों पर संपर्क कर सकते हैं। प्रशासन का कहना है कि प्राप्त शिकायतों का त्वरित समाधान किया जाएगा।

# मधुआना हत्याकांड में 14 साल बाद फैसला

## गैर इरादतन हत्या के मामले में तीन दोषियों को 10-10 साल की सजा

**तमसा संकेत, संवाददाता**

अंबेडकरनगर। जहांगीरगंज थाना क्षेत्र के मधुआना गांव में वर्ष 2012 में हुई गैर इरादतन हत्या के मामले में अदालत ने तीन आरोपियों को दोषी करार दिया है। अपर सत्र न्यायाधीश प्रथम राम विलास सिंह की अदालत ने तीनों को 10-10 साल की कैद की सजा सुनाई है। साथ ही प्रत्येक आरोपी पर 17-17 हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया गया है।

मामला 29 मार्च 2012 की सुबह करीब आठ बजे का है। जहांगीरगंज थाना क्षेत्र के मधुआना गांव निवासी श्यामलाल ने पुलिस को दी गई शिकायत में बताया था कि उस दिन अशोक कुमार उनके घर आया था।

अशोक कुमार ने श्यामलाल के भतीजे रवि द्वारा अपनी बेटी से फोन पर बात करने को लेकर आपत्ति जताई थी। इसी बात को लेकर दोनों पक्षों में कहासुनी शुरू हो गई।



चिकित्सकों ने श्रीपति की हालत गंभीर देखते हुए उन्हें जिला अस्पताल अयोध्या रेफर कर दिया। वहां इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। इसके बाद मामले में गैर इरादतन हत्या का मुकदमा दर्ज किया गया।

घटना के बाद पुलिस ने अशोक कुमार, अर्जुन कुमार, बृजभान और जैसराज के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया था। जांच के बाद पुलिस ने तीन आरोपियों के खिलाफ आरोप पत्र अदालत में दाखिल किया।

### विवाद बढ़ने पर लाठी-डंडों से हमला

शिकायत के अनुसार इसी दौरान अर्जुन, बृजभान और जैसराज भी मौके पर पहुंच गए। चारों ने मिलकर श्यामलाल से विवाद शुरू कर दिया। शोर सुनकर परिवार के अन्य सदस्य भी घर के बाहर आ गए।

श्यामलाल के पिता श्रीपति, भाभी धनदेई, भाई की पत्नी सुधा, रवि और मेवालाल मौके पर पहुंचे। इसी दौरान आरोपियों ने लाठी-डंडों से हमला कर दिया। हमले में कई लोग घायल हो गए। इस दौरान श्यामलाल के पिता श्रीपति और भाभी धनदेई को गंभीर चोटें आईं। घटना के बाद सभी घायलों को जहांगीरगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया।

**फास्ट न्यूज**

### इंटरसिटी ट्रेन की चपेट में आने से वृद्ध की मौत

अंबेडकरनगर। जिले के अकबरपुर थाना क्षेत्र में बृहस्पतिवार सुबह इंटरसिटी ट्रेन की चपेट में आने से एक वृद्ध की मौत हो गई। हादसा अकबरपुर-अयोध्या रेल मार्ग पर मखदूमपुर के पास हुआ। घटना के बाद क्षेत्र में कुछ देर के लिए लोगों की भीड़ जुट गई। जानकारी के अनुसार बनगांव डिहवा निवासी 70 वर्षीय संतोषी वर्मा सुबह करीब नौ बजे मखदूमपुर के पास रेलवे लाइन पार कर रहे थे।

### मेडिकल कॉलेज में गंभीर टीबी मरीजों को मिल रहा निःशुल्क इलाज

अम्बेडकरनगर । राजकीय मेडिकल कॉलेज अम्बेडकरनगर में गंभीर टीबी मरीजों को समुचित और पूरी तरह निःशुल्क इलाज उपलब्ध कराया जा रहा है। खासतौर पर एमडीआर टीबी (मल्टी ड्रग रेसिस्टेंट टीबी) से पीड़ित मरीजों के लिए मेडिकल कॉलेज में विशेष उपचार व्यवस्था संचालित की जा रही है। यह पहल देश में टीबी उन्मूलन के लक्ष्य END TB 2025 Mission की दिशा में महत्वपूर्ण कदम मानी जा रही है। मेडिकल कॉलेज के प्रधानाचार्य प्रो. डॉ. मुकेश यादव के मार्गदर्शन में टीबी एवं चेस्ट विभाग द्वारा यह व्यवस्था संचालित की जा रही है।

### अनियंत्रित होकर पलटा जीरा लदा ट्रक

अंबेडकरनगर। जिले के सम्मनपुर थाना क्षेत्र में बुधवार देर रात जीरा लदा एक ट्रक अनियंत्रित होकर पलट गया। हादसा हजपुर चौराहा से करीब एक किलोमीटर आगे अकबरपुर रोड पर नैली सुबारपुर के पास रात लगभग 11 बजे हुआ। दुर्घटना में किसी के घायल होने की सूचना नहीं है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार ट्रक तेज रफ्तार में था। इसी दौरान चालक वाहन पर नियंत्रण नहीं रख सका।

## राज्य महिला आयोग की जनसुनवाई, घरेलू हिंसा समेत सात मामलों पर सुनवाई

**तमसा संकेत, संवाददाता**

अंबेडकरनगर। बुधवार को सर्किट हाउस में उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग की सदस्य गीता बिन्द की अध्यक्षता में महिला जनसुनवाई का आयोजन किया गया। जनसुनवाई के दौरान घरेलू हिंसा, जमीनी विवाद, मारपीट और दहेज से जुड़े मामलों की सुनवाई की गई। कुल सात प्रकरण सामने आए, जिनके समाधान के लिए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए गए। कार्यक्रम में महिलाओं ने अपनी समस्याएं सीधे आयोग की सदस्य के सामने रखीं। प्रत्येक मामले को सुनने के बाद संबंधित विभागों को जांच कर समयबद्ध तरीके से निस्तारण करने के निर्देश दिए गए। जनसुनवाई में आए अधिकांश मामले घरेलू हिंसा, पारिवारिक विवाद और दहेज से जुड़े थे। इसके अलावा कुछ मामलों में मारपीट और जमीन से संबंधित विवाद भी सामने आए। सभी मामलों को गंभीरता से लेते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक कार्रवाई करने के लिए कहा गया।



- सर्किट हाउस में आयोजित कार्यक्रम में संबंधित अधिकारियों को निस्तारण के निर्देश

आयोग की सदस्य ने कहा कि महिलाओं से जुड़े मामलों में त्वरित कार्रवाई जरूरी है। इसके लिए पुलिस और संबंधित विभागों को समन्वय के साथ कार्य करने के निर्देश दिए गए। जनसुनवाई के बाद विभिन्न विभागों के अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक भी की गई। बैठक में महिला सुरक्षा और महिला कल्याण से जुड़े कार्यों की प्रगति पर चर्चा हुई।

# बाल सुरक्षा पर मासिक गोष्ठी व प्रशिक्षण कार्यशाला आयोजित

## पुलिस लाइन सभागार में हुई बैठक, बाल संरक्षण से जुड़े मामलों की समीक्षा और दिशा-निर्देश जारी

**तमसा संकेत, संवाददाता**

अंबेडकरनगर। जिले में महिला और बाल सुरक्षा से जुड़े मामलों की समीक्षा के लिए पुलिस लाइन सभागार में मासिक गोष्ठी और प्रशिक्षण कार्यशाला आयोजित की गई। यह बैठक बुधवार को दोपहर 3 बजे पुलिस अधीक्षक के निर्देशन और अपर पुलिस अधीक्षक (पूर्वी) तथा पुलिस उपाधीक्षक कार्यालय के मार्गदर्शन में आयोजित हुई। कार्यक्रम की अध्यक्षता एएचटी थाना के प्रभारी उपनिरीक्षक ने की।

बैठक में एएचटी थाना, एसजेपीयू इकाई तथा जिले के सभी थानों में तैनात बाल कल्याण पुलिस अधिकारियों ने भाग लिया। कार्यशाला का उद्देश्य बाल सुरक्षा से जुड़े मामलों की समीक्षा करना और अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश देना था।

बैठक के दौरान महिला एवं बाल सुरक्षा संगठन उत्तर प्रदेश, लखनऊ द्वारा जारी मानक संचालन प्रक्रिया (एसओपी) पर विस्तार से चर्चा की गई। अधिकारियों को बताया गया कि बाल संरक्षण से जुड़े मामलों में जांच प्रक्रिया को निर्धारित नियमों के अनुसार समयबद्ध तरीके से पूरा किया जाए। थानों में तैनात बाल कल्याण पुलिस अधिकारियों के सामने आने वाली समस्याओं और उनके समाधान पर भी विचार किया गया। बैठक में सुझावों को साझा करते हुए कार्यप्रणाली को और बेहतर बनाने पर जोर दिया गया।



गोष्ठी में जिले में दर्ज बाल गुमशुदगी के मामलों की स्थिति पर चर्चा की गई। पंजीकृत और लंबित मामलों की समीक्षा करते हुए आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए गए। इसके साथ ही बाल श्रम, बाल विवाह और बाल भिक्षावृत्ति जैसे मामलों की रोकथाम को लेकर भी चर्चा हुई।

अधिकारियों को निर्देश दिया गया कि ऐसे मामलों में त्वरित कार्रवाई की जाए और संबंधित विभागों के साथ समन्वय बनाकर काम किया जाए। जागरूकता अभियान चलाकर भी इन समस्याओं को कम करने पर जोर दिया गया।

## अम्बेडकरनगर में कार और वैन की आमने-सामने टक्कर

**तमसा संकेत, संवाददाता**

अम्बेडकरनगर। जिले के इब्राहिमपुर थाना क्षेत्र क्षेत्र में गुरुवार को सड़क हादसे में एक ही परिवार के छह लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसा एनटीपीसी-माया मार्ग पर कार और वैन की आमने-सामने टक्कर से हुआ।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार माया की ओर से आ रही वैन और एनटीपीसी की दिशा से जा रही कार तेज रफ्तार में थीं। इसी दौरान दोनों वाहनों में जोरदार टक्कर हो गई। टक्कर इतनी तेज थी कि वैन में सवार सभी लोग घायल हो गए।

हादसे के तुरंत बाद कार में सवार दो लोग अपना वाहन छोड़कर मौके से फरार हो गए। स्थानीय लोगों ने घटना की सूचना पुलिस को दी।

सूचना मिलते ही इब्राहिमपुर थाना से उपनिरीक्षक शिवकुमार मौके पर पहुंचे और स्थिति का जायजा लिया।

घटना के बाद घायलों को अस्पताल पहुंचाने में एंबुलेंस के आने में देरी हुई। इस दौरान स्थानीय समाजसेवी अरविंद यादव ने अपनी निजी कार से सभी घायलों को तुरंत टांडा सीएचसी पहुंचाया।



- एक ही परिवार के छह लोग घायल
- गंभीर हालत में चार को लखनऊ रेफर, हादसे के बाद कार सवार दो लोग मौके से फरार

सीएचसी में डॉक्टरों ने घायलों का प्राथमिक इलाज किया। हालत गंभीर होने पर सभी को आगे इलाज के लिए रेफर कर दिया गया।

घायलों को बाद में महामाया मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया। यहां जांच के बाद चार लोगों की हालत नाजुक बताई गई।

## हंसवर के पृथ्वीपुर गांव में वारदात, ट्यूबवेल के कमरे में मिला खून से लथपथ शव

# खेत की रखवाली कर रहे बुजुर्ग किसान की हत्या

**घटना**

**तमसा संकेत, संवाददाता**

अंबेडकरनगर। जिले के हंसवर थाना क्षेत्र के पृथ्वीपुर गांव में बुधवार रात खेत की रखवाली करने गए एक बुजुर्ग किसान की डंडे से पीटकर हत्या कर दी गई। घटना से गांव में सनसनी फैल गई। सूचना मिलने के बाद पुलिस और फॉरेंसिक टीम मौके पर पहुंची और जांच शुरू की। पृथ्वीपुर निवासी 80 वर्षीय बहाऊ बुधवार रात करीब आठ बजे खाना खाने के बाद खेत पर गए थे। वह अपने ट्यूबवेल के पास रुककर खेतों की रखवाली कर रहे थे। देर रात अज्ञात हमलावरों ने उनके सिर पर डंडे से वार कर दिया। हमले में उनकी मौके पर ही मौत हो गई।



**पुलिस का कहना है कि घटना के पीछे के कारणों की जांच की जा रही है। आसपास के लोगों से पूछताछ की जा रही है और संभावित आरोपियों की तलाश शुरू कर दी गई है।**

सूचना मिलते ही क्षेत्राधिकारी शुभम कुमार पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण किया और आसपास के लोगों से जानकारी जुटाई।

फॉरेंसिक टीम ने भी मौके से महत्वपूर्ण साक्ष्य एकत्र किए। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।



### ट्यूबवेल के कमरे में मिला शव

वारदात के बाद हमलावर ट्यूबवेल के कमरे का दरवाजा बाहर से बंद कर मौके से फरार हो गए। रात भर बहाऊ घर नहीं लौटे तो परिजनों को चिंता हुई। सुबह परिजन उन्हें तलाश करते हुए ट्यूबवेल पहुंचे। परिजनों ने कमरे का दरवाजा खोला तो अंदर बहाऊ का खून से लथपथ शव पड़ा मिला। यह दृश्य देखकर परिजनों में चीख-पुकार मच गई। उन्होंने तुरंत पुलिस को सूचना दी।

# एसडीएम ने किया औचक निरीक्षण एजेंसी संचालक को दी सख्त चेतावनी

## निजी आवास से गैस सिलेंडर वितरण का मामला

**तमसा संकेत, संवाददाता**

जलालपुर (अंबेडकरनगर)। निजी आवास से गैस सिलेंडर वितरित किए जाने की सूचना पर प्रशासन ने बुधवार को जांच की। उपजिलाधिकारी राहुल गुप्ता ने पूर्ति विभाग की टीम के साथ मौके पर पहुंचकर स्थिति का निरीक्षण किया। जांच के दौरान एजेंसी संचालक अपने घर से सिलेंडर वितरण करते हुए पाए गए। इस पर उन्हें तत्काल निर्धारित एजेंसी परिसर से ही गैस वितरण करने की सख्त हिदायत दी गई। मामले की जानकारी मिलने के बाद उपजिलाधिकारी राहुल गुप्ता ने तुरंत कार्रवाई की। उन्होंने पूर्ति विभाग की टीम के साथ मौके पर पहुंचकर निरीक्षण किया।

निरीक्षण के दौरान पूर्ति निरीक्षक एडी भास्कर भी मौजूद रहे। टीम ने मौके पर सिलेंडर वितरण की व्यवस्था और पूरी प्रक्रिया का जायजा लिया। जांच में पाया गया कि एजेंसी संचालक अपने निजी आवास से सिलेंडर वितरित कर रहा था।



निरीक्षण के बाद उपजिलाधिकारी ने एजेंसी संचालक को स्पष्ट निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि गैस सिलेंडरों का वितरण केवल अधिकृत एजेंसी परिसर से ही किया जाए। उन्होंने चेतावनी दी कि भविष्य में इस प्रकार की व्यवस्था दोबारा नहीं होनी चाहिए। नियमों का पालन करना सभी एजेंसियों के लिए अनिवार्य है। उपजिलाधिकारी राहुल गुप्ता ने बताया कि पूरे मामले की विस्तृत जांच की जा रही है। निरीक्षण के दौरान मिली जानकारी के आधार पर पूर्ति विभाग को रिपोर्ट तैयार करने के निर्देश दिए गए हैं।

### मगुराडीला की आर.एम. भारत गैस एजेंसी का मामला

मामला जलालपुर क्षेत्र के मगुराडीला स्थित आर.एम. भारत गैस एजेंसी से जुड़ा है। प्रशासन को सूचना मिली थी कि एजेंसी संचालक गैस सिलेंडरों का वितरण अपने निजी आवास से कर रहा है। सूचना के बाद क्षेत्र में गैस की कालाबाजारी को लेकर तरह-तरह की चर्चाएं शुरू हो गई थीं। स्थानीय लोगों के बीच इसको लेकर अफवाहें भी फैलने लगी थीं।

# फर्जी बॉन्ड और चेक के जरिए रकम ट्रांसफर

## टाण्डा पीएनबी शाखा में लाखों की धोखाधड़ी का मामला

**तमसा संकेत, संवाददाता**

अम्बेडकरनगर । पंजाब नेशनल बैंक की टाण्डा शाखा में लाखों रुपये के गबन के मामले में पुलिस ने एक बैंक अधिकारी को गिरफ्तार किया है। आरोप है कि फर्जी बॉन्ड पेपर और ग्राहकों के चेक का इस्तेमाल कर धनराशि का गलत तरीके से लेनदेन कराया गया।

गिरफ्तार अधिकारी की पहचान 32 वर्षीय गौरव दूबे के रूप में हुई है। वह इस समय बस्ती जिले की भिरिया ऋतुराज शाखा में उपशाखा प्रबंधक के पद पर तैनात हैं। पुलिस ने उन्हें 10 मार्च की रात बस्ती के भिरिया चौराहा से हिरासत में लिया। कानूनी प्रक्रिया पूरी करने के बाद आरोपी को अदालत में पेश किया जाएगा। जांच में सामने आया है कि गौरव दूबे वर्ष 2021 से जून 2024 तक पीएनबी की छज्जापुर टाण्डा शाखा में उपशाखा प्रबंधक के पद पर कार्यरत थे। इसी दौरान बैंक परिसर में पीएनबी मेट लाइफ इंश्योरेंस कंपनी का एजेंट उमेर अहमद भी बैठता था। वह बैंक आने वाले ग्राहकों का बीमा करने का काम करता था।




जांच के अनुसार उमेर अहमद ग्राहकों के फर्जी हस्ताक्षर वाले चेक का इस्तेमाल करता था। इन चेकों के जरिए वह ग्राहकों के खातों से पैसा निकालता और अपने परिजनों तथा रिश्तेदारों के खातों में ट्रांसफर कराता था। कई मामलों में ग्राहकों के चेक के माध्यम से नकद रकम भी निकाली गई।

## निर्देश : कलेक्ट्रेट में बैठक, गैस सिलेंडर सीधे उपभोक्ताओं के घर पहुंचाने के निर्देश

# एलपीजी की होम डिलीवरी व्यवस्था सख्ती से लागू

**तमसा संकेत, संवाददाता**

अंबेडकरनगर। जिले में एलपीजी वितरण व्यवस्था को लेकर प्रशासन ने सख्त रुख अपनाया है। जिलाधिकारी अनुपम शुक्ला ने कलेक्ट्रेट सभागार में अधिकारियों और गैस एजेंसियों के साथ बैठक कर संपूर्ण जनपद में होम डिलीवरी प्रणाली को प्रभावी ढंग से लागू करने के निर्देश दिए। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी आनंद कुमार शुक्ला और अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व ज्योत्स्ना बंधु भी मौजूद रहीं। बैठक में जिले के सभी उप जिलाधिकारी, क्षेत्राधिकारी पुलिस, जिला पूर्ति अधिकारी, पूर्ति निरीक्षक और ऑयल मार्केटिंग कंपनियों बीपीसीएल, एचपीसीएल और आइओसीएल के प्रतिनिधि शामिल हुए। इसके साथ ही जनपद के सभी एलपीजी वितरकों को भी बैठक में बुलाया गया था। जिलाधिकारी ने गैस एजेंसियों को निर्देश दिया कि एजेंसी परिसर में भीड़ नहीं लगनी चाहिए। उपभोक्ताओं को स्पष्ट रूप से बताया जाए कि सिलेंडर की डिलीवरी घर पर ही की जाएगी। यदि किसी उपभोक्ता को किसी प्रकार की समस्या आती है तो वह संबंधित उप जिलाधिकारी, क्षेत्राधिकारी पुलिस या पूर्ति निरीक्षक से संपर्क कर सकता है। अधिकारियों को भी निर्देश दिया गया कि होम डिलीवरी प्रणाली के माध्यम से उपभोक्ताओं को गैस सिलेंडर उपलब्ध कराया जाए।




### हर उपभोक्ता तक घर पर पहुंचेगा गैस सिलेंडर

जिलाधिकारी ने बैठक में स्पष्ट निर्देश दिए कि एलपीजी सिलेंडर की डिलीवरी सीधे उपभोक्ताओं के घर पर की जाए। इसके लिए सभी गैस एजेंसियों को होम डिलीवरी व्यवस्था का सख्ती से पालन करने को कहा गया।

उन्होंने कहा कि बुकिंग के बाद यदि कोई उपभोक्ता गैस एजेंसी पर पहुंचता है तो उसे तुरंत टोकन दिया जाए। टोकन में यह भी स्पष्ट रूप से लिखा हो कि गैस सिलेंडर उसके घर कब तक पहुंचाया जाएगा।

### गैस बुकिंग के समय दबाव से आती है समस्या

बैठक के दौरान ऑयल मार्केटिंग कंपनियों के प्रतिनिधियों ने बताया कि सुबह 9 बजे से 11 बजे के बीच गैस सिलेंडर बुकिंग से जुड़े नंबरों पर अधिक कॉल आने के कारण कभी-कभी तकनीकी समस्या हो जाती है। इस पर जिलाधिकारी ने उपभोक्ताओं से अपील की कि वे इस समय के अलावा अन्य समय में भी गैस सिलेंडर की बुकिंग कर सकते हैं। इससे बुकिंग प्रक्रिया अधिक सुगम हो सकेगी।

# राज्य स्तरीय कुश्ती प्रतियोगिता में प्रियांशी अव्वल

**तमसा संकेत, संवाददाता**

अंबेडकरनगर। कंपोजिट उच्च प्राथमिक विद्यालय मरौचा की छात्रा प्रियांशी को राज्य स्तरीय कुश्ती प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त करने पर सम्मानित किया गया। विद्यालय में आयोजित कार्यक्रम में खंड शिक्षा अधिकारी धनपत यादव और शिक्षक संगठन के अध्यक्ष अनूप शुक्ल ने छात्रा को प्रशस्ति देकर सम्मानित किया।

कार्यक्रम के दौरान छात्रा की उपलब्धि की सराहना की गई। वक्ताओं ने कहा कि खेल के क्षेत्र में बच्चों को आगे बढ़ने के लिए प्रोत्साहन जरूरी है। ऐसे सम्मान से विद्यार्थियों का उत्साह बढ़ता है और अन्य बच्चों को भी प्रेरणा मिलती है।

सम्मान समारोह में एआरपी ईशान श्रीवास्तव, शैलेंद्र और विनय चतुर्वेदी मौजूद रहे। विद्यालय के अध्यापक अखिलेश कुमार और राहुल मौर्य भी कार्यक्रम में उपस्थित रहे। कार्यक्रम में शिक्षक संगठन के मंत्री राहुल कन्नौजिया, आलोक शुक्ल, रामबिलास यादव, अबूसाद, अमित राजभर, नकुल धुरिया, अकरम और अवधेश सहित कई अन्य लोग मौजूद रहे। कार्यक्रम के अंत में छात्रा प्रियांशी को उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी गईं। विद्यालय परिवार ने उम्मीद जताई कि वह आगे भी खेल के क्षेत्र में जिले और प्रदेश का नाम रोशन करेगी।



- कंपोजिट उच्च प्राथमिक विद्यालय मरौचा में छात्रा को किया गया सम्मानित
- विद्यालय में आयोजित हुआ सम्मान समारोह
- शिक्षक संगठन के पदाधिकारी भी रहे मौजूद

# सम्पादकीय

## ओम बिरला के खिलाफ लाया गया अविश्वास प्रस्ताव खारिज



विपक्ष की ओर से लोकसभा स्पीकर ओम बिरला के खिलाफ लाए गए अविश्वास प्रस्ताव को खारिज होना ही था। इसे विपक्ष भी भली तरह जानता था और इसीलिए जब यह प्रस्ताव ध्वनिमत से खारिज हुआ तो उसने मतदान की मांग नहीं की, क्योंकि वह समझ रहा था कि नतीजा बदलने वाला नहीं है।

विपक्ष और विशेष रूप से कांग्रेस ने लोकसभा स्पीकर के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव लाकर यह दिखाने की कोशिश की थी, वह इसे लेकर बहुत गंभीर है, लेकिन जब उस पर बहस का समय आया तो वह पश्चिम एशिया के संकट पर चर्चा की मांग करने लगा। ऐसा नहीं है कि सरकार इस विषय पर बहस के लिए तैयार नहीं थी, लेकिन विपक्ष और विशेष रूप से कांग्रेस ने यही प्रदर्शित किया कि वह अपनी ही ओर से लाए गए प्रस्ताव को लेकर गंभीर नहीं।

निःसंदेह राहुल गांधी नेता प्रतिपक्ष हैं, लेकिन इसका यह मतलब नहीं कि उन्हें जो मन में आए, वह बोलने की अनुमति मिल जाए और वे अपने को संसदीय नियमों से परे समझें। वे अपनी समझ से जिन्हें गंभीर विषय बताते हैं और उन पर चर्चा के लिए जोर देते हैं, वे प्रायः हवा-हवाई और सनसनीखेज ही होते हैं।

बीते कुछ दिनों से राहुल गांधी संसद के भीतर-बाहर इस पर जोर देने में लगे हुए हैं कि अमेरिका से अंतरिम व्यापार समझौते पर प्रधानमंत्री ने अमेरिकी राष्ट्रपति के समक्ष समर्पण कर दिया है, लेकिन अभी तो यह समझौता हुआ ही नहीं है। इसके पहले वे यह सिद्ध करने की असफल कोशिश करने में लगे हुए थे कि चुनाव आयोग मोदी सरकार के इशारे पर मतदाता सूचियों का इस तरह विशेष गहन पुनरीक्षण यानी एसआइआर करने में लगा हुआ है, ताकि भाजपा को चुनावी लाभ मिले।

सरकार के खिलाफ मनगढ़ंत आरोप उछालना राहुल गांधी की अगंभीरता को ही दर्शाता है। वे संसद की कार्यवाही को लेकर भी गंभीर नहीं दिखते। इसे गृहमंत्री अमित शाह ने अच्छी तरह रेखांकित किया। उन्होंने विस्तार से बताया कि लोकसभा अध्यक्ष पर खुद को सदन में न बोलने देने का आरोप लगाने वाले राहुल गांधी ने किस तरह 12 महत्वपूर्ण विधेयकों पर चर्चा में भाग नहीं लिया। इसी तरह संसद के विभिन्न सत्रों के दौरान किस प्रकार उन्होंने विदेश यात्रा करना आवश्यक समझा। गृहमंत्री ने यह भी बताया कि सदन में उनकी उपस्थिति किस तरह बहुत कम रहती है।

# क्या जदयू में निशांत कुमार की धमाकेदार सियासी एंट्री के राजनीतिक असर दूरगामी होंगे?

> ऐसा इसलिए कि यदि निशांत कुमार पार्टी के अंदर स्वीकार्यता बना लेते हैं और संगठन पर पकड़ मजबूत कर लेते हैं, ,वहीं यदि असफल रहे तो बिहार की राजनीति और ज़्यादा द्विध्रुवीय (बीजेपी बनाम आरजेडीझ कांग्रेस) हो सकती है

बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के अविवाहित इंजीनियर पुत्र निशांत कुमार की धमाकेदार सियासी लॉन्चिंग से बिहार की राजनीति में दूरगामी असर पड़ना लाजिमी है। चूंकि वह अपने प्रगतिशील और यशस्वी पिता की प्रगतिशील समाजवादी सियासत को संभालेंगे, इसलिए कुछ बातें स्पष्ट हैं। वह यह कि अब तीन बड़े स्तरों पर इस पूरे घटनाक्रम का असर पड़ेगा– सत्ता संतुलन, जेडीयू की आंतरिक राजनीति और राज्य की व्यापक सियासी प्रतिस्पर्धा। इसके अलावा कुछ मौलिक सवाल भी उभरेंगे, जिनकी चर्चा पहले लाजिमी है। स्वाभाविक सवाल है कि क्या जदयू में निशांत कुमार की धमाकेदार सियासी एंट्री के राजनीतिक असर दूरगामी होंगे? हालांकि इसका जवाब गुजशते वक्त की कोख में पल रहा है, जो समय के साथ स्पष्ट होता जाएगा। पहला यह कि उनके पिता नीतीश कुमार अब शारीरिक रूप से अस्वस्थ होकर 'विलासि-तापूर्ण' सदन राज्यसभा की ओर रुखसत हो चुके हैं, जबकि बिहार के पुनर्निर्माण के उनके सपने अभी भली भांति पूर्वक जवान भी नहीं हो पाए हैं। इसलिए उन्हें उचित नीतिगत पोषण प्रदान करते हुए जवान करने की जिम्मेदारी अब टीम निशांत कुमार की होगी। कहना न होगा कि पहले 20 साल तक यानी 1985 से 2025 तक नीतीश कुमार ने व्यक्तिगत संघर्ष की राजनीति की और बाद के 20 वर्षों तक यानी 2005 से 2025 उन्होंने सत्ता संघर्ष की राजनीति की। इसी कशमकश में बिहार के पुनर्निर्माण के उनके सपने वैचारिक कुपोषण, प्रशासनिक धूर्तता के शिकार हो गए और पूरी तरह से जवान नहीं हो पाए। दूसरा यह कि जनता दल यूनाइटेड की सहयोगी पार्टी भाजपा भले ही राष्ट्रीय समाजवादी राजनीति की



तरह ही सूबाई समाजवादी राजनीति के प्रतिबिंब जदयू को पीछे धकेलते हुए आगे बढ़ चुकी है, लेकिन पुनः सियासी धोबिया पाट पर राजनीतिक चोट देते हुए जदयू को देश -प्रदेश में पुनः बड़े भाई का दर्जा दिलवाने के सारे दारोमदार अब निशांत कुमार के कंधे पर होंगे। संदेश स्पष्ट है कि बड़े सपने देखेंगे तो उड़ीसा के नवीन पटनायक की तरह सफलतापूर्वक भविष्य में राज करेंगे, अन्यथा चिराग पासवान की तरह बीजेपी के आगे सियासी दुम हिलाते नजर आएंगे। यदि ऐसा हुआ तो यही समझा जाएगा कि बिहार के चाणक्य नीतीश कुमार ने अपनी पुत्र को समुचित राजनीतिक शिक्षा दिए ही उनकी लॉन्चिंग करवा दी। कुछ ऐसे ही सवाल लोगों के जेहन में उठ भी रहे हैं। तीसरा यह कि जेडीयू और उसके सत्ता समीकरण पर इसका सीधा असर पड़ेगा। क्योंकि नीतीश कुमार के राज्यसभा जाने और संभावित नेतृत्व परिवर्तन के साथ निशांत को डिप्टी सीएम/मुख्य चेहरा बनाने की तैयारी है, जिससे जेडीयू में नेतृत्व का खालीपन भरने की कोशिश होगी। यह कदम बीजेपी–जेडीयू गठबंधन में निरंतरता का संदेश देगा कि नीतीश भले पटना से दिल्ली शिफ्ट हों, पर "उनका आदमी/परिवार" सत्ता में रहेगा, जिससे अचानक अस्थिरता की संभावना घटेगी लेकिन इसके दूरगामी असर नकारात्मक भी हो सकते हैं। चौथा यह कि जेडीयू की आंतरिक राजनीति भी इस घटनाक्रम से प्रभावित होगी। ऐसा इसलिए कि जेडीयू के कई एमएलए–एमपी ने खुले तौर पर मांग की कि निशांत ही पार्टी को "एकजुट रख सकते हैं", जो यह दिखाता है कि नेतृत्व संकट से बचने के लिए संगठन परिवारवाद को स्वीकार कर चुका है। इससे पुराने कद्दावर नेताओं के बीच पद–प्रतिष्ठा को लेकर खींचतान बढ़ सकती है क्योंकि अचानक एक नए, राजनीतिक रूप से अनुभवहीन चेहरे को शीर्ष पर लाना वरिष्ठों की महत्वाकांक्षाओं से टकराएगा। चवां यह कि इस बड़े बदलाव से जदयू के वंशवाद बनाम सुशासन की छवि टकराएगी क्योंकि नीतीश लंबे समय से वंशवाद के खिलाफ बोलते रहे हैं; और अब बेटे की लॉन्चिंग से उनकी राजनीतिक व वैचारिक साख और "सुशासन बाबू बनाम पारिवारिक राजनीति" वाली नैरेटिव पर विपक्ष को मजबूत हमला करने का मौका मिलेगा। वहीं, आरजेडी–कांग्रेस सहित विपक्ष इसे "डबल स्टैंडर्ड" कहकर भुनाएगा, जिससे सामाजिक न्याय बनाम परिवारवाद की पुरानी बहस फिर तेज होगी और यादव–गैर लवकुश ओबीसी–अल्पसंख्यक वोटों की समीकरण राजनीति और ज्यादा आक्रामक हो सकती है, जिसकी धार नीतीश कुमार और भाजपा मिलकर कुंद कर चुकी हैं। छठा यह कि जदयू के इस घटनाक्रम का सूबाई युवा और सामाजिक आधार पर भी संभावित प्रभाव पड़ेगा। अब जदयू पार्टी के भीतर से यह तर्क दिया जा रहा है कि निशांत के आने से युवा वोटर और पढ़ा–लिखा मध्यवर्ग जुड़ सकता है, लेकिन यह तभी होगा जब वे जल्दी ज़मीनी राजनीति सीखकर स्वतंत्र छवि बना पाएं। अभी के लिए उनका पूरा राजनीतिक वैधता पूंजी "नीतीश के बेटे" होने से आती है; अगर प्रशासनिक या संगठनात्मक क्षमता जल्दी साबित न हुई तो वे सिर्फ प्रतीकात्मक वारिस बनकर रह सकते हैं जिससे जेडीयू की गिरती सामाजिक पकड़ नहीं रुक पाएगी। सातवां यह कि निशांत कुमार की लॉन्चिंग का बिहार की व्यापक सियासत में लंबी अवधि का असर पड़ेगा। निकट भविष्य में यह कदम बीजेपी–जेडीयू सरकार को स्थायित्व देगा, लेकिन मध्यम अवधि में यह तय करेगा कि नीतीश के बाद जेडीयू स्वतंत्र शक्ति बनी रहती है या भाजपा पर और अधिक निर्भर हो जाती है। ऐसा इसलिए कि यदि निशांत कुमार पार्टी के अंदर स्वीकार्यता बना लेते हैं।

**कमलेश पांडेय**

## जन सुराज का...

ज्ञान चंद पाटनी

# पैसिव यूथेनेशिया: गरिमापूर्ण मुक्ति का मार्ग लेकिन दुरुपयोग का खतरा भी कम नहीं

उच्चतम न्यायालय ने एक ऐसा ऐतिहासिक निर्णय सुनाया है जो न केवल एक व्यक्ति की लंबी पीड़ा को समाप्त करता है बल्कि वह जीवन, मृत्यु, गरिमा और नैतिकता से जुड़े गंभीर सवालों से भी जुड़ा है। 32 वर्षीय हरीश राणा 2013 में एक इमारत से गिरने के बाद 13 वर्ष से लगातार पर्सिस्टेंट वेजिटेटिव स्टेट (पीवीएस) में था। उसे अब मशीनों की कैद से मुक्ति मिलेगी। पर्सिस्टेंट वेजिटेटिव स्टेट गंभीर मस्तिष्क क्षति के बाद उत्पन्न होने वाला एक विकार है। इसमें रोगी जागृत लगता है लेकिन अपने परिवेश या स्वयं के प्रति पूरी तरह से अनभिज्ञ रहता है। उसमें सोचने, बात करने या प्रतिक्रिया करने की क्षमता नहीं होती। इसकी कोई विशिष्ट चिकित्सा नहीं है। देखभाल के लिए ट्यूब फीडिंग और संक्रमण से बचाव पर ध्यान दिया जाता है। हरीश राणा के मामले में न्यायाधीश जे.बी. पारदीवाला और के.वी. विश्वनाथन की खंडपीठ ने क्लिनिकली असिस्टेड न्यूट्रिशन सहित सभी जीवन रक्षक चिकित्सा धीरे—धीरे बंद करने की अनुमति दी है। भारत में पैसिव यूथेनेशिया यानी निष्क्रिय इच्छामृत्यु का यह पहला मामला है। सुप्रीम कोर्ट का यह निर्णय भारतीय संविधान के अनुच्छेद 21 की एक अपूर्व और प्रगतिशील व्याख्या भी करता है। संविधान निर्माताओं ने ₹जीने का अधिकार₹ की गारंटी दी थी। अदालत ने अब ₹गरिमापूर्ण मृत्यु का अधिकार₹ के रूप में इसका विस्तार किया है। हरीश राणा की स्थिति को अदालत ने अत्यंत दयनीय करार दिया। रोगी को ट्रेकियोस्टॉमी ट्यूब से सांस लेने, गैस्ट्रोस्टॉमी से भोजन ग्रहण करने और दैनिक क्रियाओं के लिए पूर्ण बाहरी सहायता की आवश्यकता थी। इस निष्कर्ष पर पहुंचा गया कि चिकित्सा व्यर्थ हो और मरीज की



स्थिति में सुधार असंभव हो तो मशीनों पर जीवन के कृत्रिम अस्तित्व को बनाए रखना न केवल पीड़ादायक है बल्कि अमानवीय भी है। उल्लेखनीय है कि कॉमन कॉज बनाम भारत संघ (2018) के मामले में सुप्रीम कोर्ट ने पैसिव यूथेनेशिया को संवैधानिक वैधता प्रदान की थी। यदि दो मेडिकल बोर्ड प्रमाणित करें कि उपचार व्यर्थ है तो जीवन रक्षक उपचार रोकने की अनुमति दी जा सकती है। प्राइमरी बोर्ड अस्पताल से और सेकेंडरी बोर्ड बाहरी विशेषज्ञों से बनता है। अदालत ने इस प्रक्रिया को और पारदर्शी बनाने के लिए प्रशासनिक दिशानिर्देश जारी किए हैं। इस फैसले का एक प्रमुख सकारात्मक पहलू प्रक्रियागत पारदर्शिता और मानवीयता का संतुलन है। अदालत ने प्राइमरी मेडिकल बोर्ड (उपचार करने वाले अस्पताल से) और सेकेंडरी मेडिकल बोर्ड (बाहरी विशेषज्ञों से) की दोहरी जांच प्रक्रिया को और मजबूत किया। सभी पक्षकारों यथा परिवार, दोनों बोर्डों—की एकमत सहमति को ध्यान में रखकर निर्णय किया गया है। प्रक्रिया को ₹मानवीय और गरिमापूर्ण₹ तरीके से पूरा करने के लिए एम्स दिल्ली को स्पष्ट निर्देश दिया गया है। यह फैसला न केवल चिकित्सकीय प्रक्रिया को मानवीय बनाता है बल्कि मरीज की गरिमा को सर्वोपरि रखता है। इस फैसले का सामाजिक और आर्थिक प्रभाव भी पड़ेगा। भारत के सरकारी और निजी अस्पतालों में बड़ी संख्या में मरीज वेंटिलेटरों, आईसीयू बेडों और अन्य जीवन रक्षक उपकरणों पर निर्भर हैं। विशेषज्ञों का स्पष्ट मत है कि पर्सिस्टेंट वेजिटेटिव स्टेट में रिकवरी की संभावना बहुत क्षीण होती है। लंबे समय तक चलने वाला उपचार केवल पीड़ा को लंबा खींचता है, कोई चिकित्सकीय लाभ नहीं देता। यह फैसला चिकित्सकों को व्यर्थ उपचार के नैतिक और कानूनी दायित्व से मुक्त करेगा। साथ ही रोगी के परिजनों को भी राहत मिलेगी। अदालत ने केंद्र सरकार को एंड ऑफ लाइफ केयर के लिए समग्र कानून लाने की अपील कर विधायी प्रक्रिया को गति दी है। न्यायालय ने इस बात पर जोर दिया है कि इसे किसी भी तरह से एक्टिव यूथेनेशिया यानी सक्रिय इच्छामृत्यु नहीं कहा जाना चाहिए। सक्रिय इच्छामृत्यु किसी व्यक्ति के जीवन को समाप्त करने के लिए घातक इंजेक्शन देना है। हरीश के मामले में उसे वर्तमान में पीईजी ट्यूब के रूप में जो जीवन रक्षक उपचार मिल रहा है, उसे बंद कर दिया जाएगा और उसे उचित दर्द निवारक दवाएं और आरामदेह देखभाल प्रदान की जाएगी ताकि प्रकृति अपना काम कर सके। पैसिव यूथेनेशिया कई देशों में वैध है क्योंकि इसे उपचार रोकने का अधिकार माना जाता है, जो मरीज की इच्छा या परिवार की सहमति पर आधारित होता है। पैसिव यूथेनेशिया ऐसी प्रक्रिया है जिसमें किसी टर्मिनली इल (अंतिम चरण का रोगी) मरीज के जीवन को बनाए रखने वाले लाइफ सपोर्ट सिस्टम या ट्रीटमेंट को हटाया या रोका जाता है। इससे व्यक्ति की प्राकृतिक मौत हो जाती है।

## भारत और नेपाल...

रामस्वरूप रावतसरे

# जेन-जी से निकले बालेन शाह क्या उसकी उम्मीदों पर खरे उतरेगें?

नेपाल की राजनीति इस समय बड़े बदलाव के दौर से गुजर रही है। 5 मार्च 2026 को हुए आम चुनाव के बाद जारी मतगणना के शुरुआती रुझानों में 35 वर्षीय बालेन शाह और उनकी पार्टी राष्ट्रीय स्वतंत्र पार्टी (आरएसपी) को भारी बढ़त मिलती दिखाई दे रही है। 165 सीटों वाली संसद में उनकी पार्टी 100 से अधिक सीटों पर आगे बताई जा रही है। यदि अंतिम परिणाम भी इसी दिशा में आते हैं तो नेपाल की राजनीति में दशकों से सक्रिय पारंपरिक दलों, नेपाली कॉन्ग्रेस और कम्युनिस्ट पार्टियों को बड़ा झटका लग सकता है। हालाँकि बालेन शाह का संभावित सत्ता में आना केवल राजनीतिक बदलाव नहीं माना जा रहा बल्कि इसे राष्ट्रवादी बयानबाजी और पड़ोसी देशों पर तीखी टिप्पणियों से भी जोड़ा जा रहा है। बालेन शाह खुद को नई पीढ़ी का नेता बताते हैं लेकिन उनके आलोचक उन्हें एक ऐसे नेता के रूप में देखते हैं जो आक्रामक बयानबाजी, जनभावनाओं को भड़काने और राजनीतिक अस्थिरता से फायदा उठाने की कोशिश करते रहे हैं। ऐसे में सवाल उठ रहा है कि अगर बालेन शाह नेपाल के प्रधानमंत्री बनते हैं तो इसका असर केवल नेपाल की राजनीति तक सीमित रहेगा या भारत-नेपाल संबंधों और क्षेत्रीय कूटनीति पर भी पड़ेगा। नेपाल में इस बार का चुनाव सामान्य परिस्थितियों में नहीं हुआ था। 2025 में देश गंभीर राजनीतिक संकट से गुजरा। सितंबर 2025 में सोशल मीडिया प्रतिबंध के विरोध से शुरू हुआ जेन-जी आंदोलन जल्द ही सरकार विरोधी आंदोलन में बदल गया। राजधानी काठमांडू समेत कई शहरों में



बड़े पैमाने पर प्रदर्शन हुए। इन प्रदर्शनों के दौरान हिंसा भी हुई जिसमें लगभग 19 लोगों की मौत हुई और 300 से अधिक लोग घायल हुए। इन घटनाओं के बाद तत्कालीन प्रधानमंत्री केपी शर्मा ओली को इस्तीफा देना पड़ा और संसद भंग हो गई। इसके बाद नए चुनाव की घोषणा की गई। अब उसी राजनीतिक अस्थिरता के बाद हुए चुनावों में बालेन शाह की पार्टी को बड़ी बढ़त मिलती दिखाई दे रही है। यदि यह रुझान परिणामों में बदलता है तो यह नेपाल की राजनीति में एक बड़ा सत्ता परिवर्तन होगा। बालेन शाह का पूरा नाम बालेंद्र शाह है। उनका जन्म 1990 में काठमांडू में हुआ था। उनके पिता राम नारायण शाह आयुर्वेद के चिकित्सक थे और उनकी माँ गृहिणी थीं। उन्होंने नेपाल में सिविल और स्ट्रक्चरल इंजीनियरिंग की पढ़ाई की और बाद में भारत के कर्नाटक स्थित विश्वेश्वरैया टेक्नोलॉजिकल यूनिवर्सिटी से मास्टर्स डिग्री हासिल की। 2015 में आए विनाशकारी नेपाल भूकंप के बाद उन्होंने पुनर्निर्माण के कुछ कार्यों में हिस्सा लिया लेकिन उनकी असली पहचान एक इंजीनियर के रूप में नहीं बल्कि रैपर और सोशल मीडिया एक्टिविस्ट के रूप में बनी।

# वसई - विरार ही नहीं देश में कई शहरों में हो रही दवाइयों में हेरा फेरी



देशभर में एक बार फिर से दवाओं में मिलावट और औषधि बनाने वाली फ़ार्मास्यूटिकल कम्पनियों की मुनाफ़ाखोरी की क़ीमत एक्सपायर डेट वाली दवाओं के उपयोग से मासूम ज़िन्दगियों द्वारा चुकायी गई है। हाल ही में मुंबई से सटे वसई – विरार में महानगर पालिका के पेटिट अस्पताल में एक्सपायर डेट वाली दवाओं का खजाना पकड़ा गया है । इस मामले को भाजपा के नव निर्वाचित नगरसेवक व गट नेता अशोक शेलके के नेतृत्व में भाजपा के नगर सेवकों ने किया है । महाराट्र प्रदेश के मुख्यमंत्री देवेन्द्र Fadnavis से इस कोभांड के जाँच के आदेश भी दे दिए है । मुंबई से सटे शहर में ऐसा हो सकता है तो दूसरे शहरों के बारे में क्या कहें एक दूसरे घटनाक्रम में मध्य प्रदेश के परासिया में कोल्ड्रिफ नामक सिरप के सेवन से 20 बच्चों की मौत हो गयी, जबकि 10 से अधिक बच्चे गम्भीर हालत में अस्पताल में भर्ती हैं यह बात अभी तक लोग भूले नहीं है । इसी प्रकार राजस्थान में कैसन्स फ़ार्मा द्वारा तैयार खाँसी के सिरप के सेवन से 12 बच्चों की जान चली गयी। मध्यप्रदेश के ही ग्वालियर ज़िले में दूषित खाँसी के सिरप से हुई बच्चों की मौतों के मामले के ठीक कुछ दिन बाद ही एक सरकारी अस्पताल में सरकार द्वारा आपूर्ति की गयी एज़िथ्रोमाइसिन सिरप की बोतल में कीड़े पाये जाने की घटना सामने आयी है। तो उसमें कीड़े दिखायी दिये।

**अशोक भाटिया**

## जरा हटके

## विभिन्न देशों

राजेश कुमार पासी

# युद्धों को रोकने में नाकाम होती विश्व व्यवस्था

द्वितीय विश्वयुद्ध के बाद दुनिया ने युद्धों से बचने के लिए संयुक्त राष्ट्र संघ का निर्माण किया था । अपनी स्थापना की शुरुआत में ये संगठन कुछ हद तक कामयाब होता दिखाई दे रहा था। वास्तव में यह शांति इस संगठन की वजह से नहीं थी बल्कि दो शक्तिशाली वैश्विक ध्रुवों के कारण थी। द्वितीय विश्वयुद्ध के बाद अमेरिका और सोवियत संघ दो सुपर पावर बन कर सामने आए। धीरे-धीरे विश्व इन दोनों शक्ति केंद्रों में बंट गया जिसके बाद इनके बीच सीधा युद्ध नहीं हुआ लेकिन एक संघर्ष चलता रहा जिसे दुनिया शीत-युद्ध के नाम से जानती है। संयुक्त राष्ट्र संघ में भी अमेरिका और सोवियत संघ के कारण एक संतुलन बना रहा लेकिन 1991 में सोवियत संघ के विघटन के बाद अमेरिका एकमात्र विश्वशक्ति बन गया। तब से लेकर अमेरिका पूरी दुनिया को अपने तरीके से चला रहा है। अमेरिका और उसके सहयोगी पश्चिमी देश मिलकर पूरी वैश्विक व्यवस्था को चला रहे हैं। अमेरिका की दादागिरी इतनी ज्यादा हो गई है कि वो संयुक्त राष्ट्र संघ को अपने उद्देश्यों के लिए इस्तेमाल करने लगा है। देखा जाए तो बात केवल संयुक्त राष्ट्र संघ की भी नहीं है, अमेरिका ने लगभग विश्व की सभी संस्थाओं पर कब्जा कर लिया है। इसके कारण ही कई देशों ने अलग से अंतरराष्ट्रीय संगठन और मंचो का निर्माण किया है। विभिन्न देशों द्वारा यूएनओ के विकल्प के रूप में बनाये गए संगठन क्या अपनी कोई भूमिका वैश्विक व्यवस्था में निभा रहे हैं। यह सवाल इसलिए खड़ा हुआ है क्योंकि अमेरिका-इजराइल और ईरान के युद्ध ने पूरी दुनिया के लिए संकट खड़ा कर दिया है । इस संकट के समय यूएनओ तो गायब है ही लेकिन दूसरे संगठन भी दिखाई नहीं दे रहे हैं। इस युद्ध के कारण पूरी दुनिया में ऊर्जा संकट आने वाला है और सिर्फ इसका इंतजार किया जा रहा है। ऐसा लग रहा है कि कोई वैश्विक व्यवस्था बची ही नहीं है, जिसकी जो मर्जी है, वो कर रहा है। दोनों पक्ष अपनी ताकत का पूरा इस्तेमाल कर रहे हैं, इसका दुनिया पर क्या असर होगा, इसकी कोई परवाह नहीं कर रहे हैं। देखा जाए तो दुनिया एक जंगल बन चुकी



है, 'जिसकी लाठी, उसकी भैंस' वाली व्यवस्था काम कर रही है। अगर अन्य संगठनों की बात करें तो मुख्य रूप से ब्रिक्स, एससीओ, जी-20 और ओआईसी ताकतवर संगठनों के रूप में सामने आते हैं। इस युद्ध को रोकने की बात तो दूर, इससे होने वाले दुष्प्रभावों को कम करने की कोशिश भी कहीं दिखाई नहीं दे रही है। ब्रिक्स और एससीओ में रूस, चीन और भारत जैसी बड़ी शक्तियां शामिल हैं लेकिन युद्ध को रोकने के लिए दोनों मंचो से कोई आवाज नहीं आयी है। जी-20 देशों में तो लगभग सभी शक्तिशाली देश शामिल हैं लेकिन वो भी चुप है। सबसे बड़ी बात ये है कि लगभग पूरा मिडल ईस्ट खतरे में आ गया है लेकिन ओआईसी की एक बैठक तक बुलाई नहीं गयी है । जब तक युद्ध शुरू नहीं हुआ था, तब तक तो इस संगठन का चुप रहना समझ आता था, लेकिन इस युद्ध ने जो रूप ले लिया है, इसके बाद भी ये संगठन निष्क्रिय है, ये समझना बहुत मुश्किल है। इस संगठन में दुनिया के लगभग सभी मुस्लिम देश शामिल हैं लेकिन इन्होंने खामनेई और उनके सहयोगियों की हत्या का विरोध नहीं किया है। अब तो ऐसा लग रहा है कि ईरान का युद्ध अमेरिका और इजराइल से ज्यादा अरब देशों के खिलाफ हो गया है। ईरान अरब देशों की अर्थव्यवस्था खत्म करने में लगा हुआ है । जब तक ईरान अरब देशों के अमेरिकी अड्डों पर हमले कर रहा था, तब तक तो फिर भी ठीक था, लेकिन अब ईरान इन देशों के नागरिक ठिकानों को निशाना बना रहा है, ऐसे में ओआईसी का चुप रहना अचंभित करता है। जिस तरह से ईरानी नेतृत्व क्रूड ऑयल का दाम 200 डॉलर तक ले जाने का दावा कर रहा है, ये मुस्लिम देशों की बड़ी समस्या बन जाएगा। ईरान की रणनीति अमेरिका को झुकाने की है. वो अपनी जगह सही हो सकता है लेकिन इसके असर से दुनिया में आने वाली बर्बादी से कौन तबाह होगा, इस पर भी तो विचार करने की जरूरत है। ओआईसी मुस्लिम हितों के लिए बनाया गया संगठन है और इस युद्ध से मुस्लिम हितों को बड़ा खतरा उत्पन्न हो गया है। वास्तव में मुस्लिम नेतृत्व ज्यादातर अमेरिका के पक्ष में है लेकिन मुस्लिम समुदाय ईरान के पक्ष में है। इसकी वजह यह है कि ईरान पर हमला किया गया है, इसलिए वो पीड़ित दिखाई दे रहा है। ईरान जिस तरह से अमेरिका के खिलाफ लड़ रहा है, उससे पूरे मुस्लिम समुदाय में गर्व की भावना पैदा हो गई है। अमेरिका के झुकने से मुस्लिम समुदाय को आत्मिक शांति मिल सकती है, लेकिन तेल की कमी से पैदा होने वाली समस्याओं की मार सबसे गरीब देशों पर पड़ने वाली है और ज्यादातर मुस्लिम देश पहले ही गरीबी की मार झेल रहे हैं। यूएनओ धीरे-धीरे अपना महत्व खोता जा रहा है क्योंकि वहां वही होता है, जो अमेरिका चाहता है लेकिन इसके विकल्प में बने संगठनों का क्या महत्व रह गया है। क्या ये संगठन सिर्फ बड़े-बड़े आयोजन करने के लिए ही हैं, या जमीन पर भी कुछ असर है। इस युद्ध की मार पूरी दुनिया पर पड़ने वाली है, इसलिए सबको अपना काम करना चाहिए। ब्रिक्स और एससीओ में चीन और रूस शामिल हैं, ये दोनों अपने प्रभाव का इस्तेमाल ईरान को रोकने में कर सकते हैं, वैसे भी ईरान इनका सहयोगी देश है। इस युद्ध में अप्रत्यक्ष रूप में चीन और रूस ईरान की मदद कर रहे हैं, इसमें कुछ भी गलत नहीं है । ईरान की रक्षा करने तक तो ठीक है, लेकिन वो जिस तरह से अन्य देशों को इस युद्ध में घसीट रहा है, उसे तो रोका जाना चाहिए । बेशक अमेरिका से रूस और चीन की दुश्मनी हो, लेकिन अरब देशों के साथ तो ऐसा नहीं है। तेल महंगा होने से रूस को तो फायदा होगा लेकिन चीन के लिए तो ये बड़ी समस्या होने वाली है।

C M Y K

### अदालत ने कहा-विशेष अदालत आरोपों की जांच कर तय कर सकती है कि पुलिस विवेचना कराई जाए

# मात्र पीड़ित के एससी-एसटी होने से एफआईआर का निर्देश अनिवार्य नहीं

**अपील**

**तमसा संकेत, एजेंसी**

प्रयागराज। इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने एक महत्वपूर्ण टिप्पणी करते हुए कहा है कि केवल इस आधार पर कि पीड़ित अनुसूचित जाति या अनुसूचित जनजाति वर्ग से संबंधित है, विशेष अदालत या मजिस्ट्रेट के लिए यह अनिवार्य नहीं है कि वह हर मामले में पुलिस को प्रथम सूचना रिपोर्ट दर्ज करने का आदेश दे। यह टिप्पणी न्यायमूर्ति अनिल कुमार दशम की एकल पीठ ने आजमगढ़ निवासी कुसुम कनौजिया द्वारा दायर आपराधिक अपील को खारिज करते हुए की। अदालत ने कहा कि किसी भी मामले में न्यायालय को आरोपों



की प्रकृति और परिस्थितियों को देखते हुए ही आगे की कार्रवाई तय करनी चाहिए। इस मामले की सुनवाई के दौरान न्यायालय ने दो प्रमुख बिंदुओं पर विस्तार से विचार किया। दूसरा यह कि निचली अदालत द्वारा दिया गया निर्णय विधि के अनुरूप था या नहीं। इन दोनों पहलुओं पर विचार करने के बाद अदालत ने अपना निर्णय सुनाया। अदालत ने स्पष्ट किया कि हर मामले में सीधे पुलिस को एफआईआर दर्ज करने का आदेश देना आवश्यक नहीं है। परिस्थितियों और आरोपों की गंभीरता को देखते हुए अदालत अपने विवेक से उचित निर्णय ले सकती है।

**न्यायालय ने अपने आदेश में कहा कि ऐसे मामलों में अदालत के पास यह अधिकार होता है कि वह प्रस्तुत किए गए आरोपों और तथ्यों का परीक्षण करे। इसके बाद अदालत यह तय कर सकती है कि मामले की जांच पुलिस से कराई जाए या फिर शिकायत के आधार पर परिवाद दर्ज कर आगे की न्यायिक कार्यवाही शुरू की जाए।**

## राज्य सरकार की ओर से रखा गया पक्ष

मामले की सुनवाई के दौरान राज्य सरकार की ओर से अदालत को बताया गया कि अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति अत्याचार निवारण अधिनियम में ऐसा कोई प्रावधान नहीं है, जो विशेष अदालत को आवेदन मिलने के बाद उसकी जांच करने से रोकता हो। सरकार की ओर से यह भी कहा गया कि अदालत के पास यह अधिकार है कि वह आवेदन पर विचार करते हुए मामले की जांच कर सके और आवश्यकता पड़ने पर आगे की कार्रवाई का निर्देश दे सके।

## अदालत का निर्णय बना महत्वपूर्ण उदाहरण

कानूनी विशेषज्ञों के अनुसार इलाहाबाद उच्च न्यायालय का यह फैसला ऐसे मामलों में एक महत्वपूर्ण उदाहरण के रूप में देखा जा रहा है। इससे यह स्पष्ट होता है कि अदालतें किसी भी मामले में केवल पीड़ित की जाति के आधार पर नहीं बल्कि उपलब्ध तथ्यों और साक्ष्यों के आधार पर ही आगे की कार्रवाई तय करती हैं। इस फैसले से यह भी स्पष्ट हुआ है कि विशेष अदालतों को आवेदन मिलने पर मामले की जांच करने और उचित कानूनी प्रक्रिया अपनाने का अधिकार प्राप्त है।

## कोल्ड स्टोर में ट्रैक्टर निकालने को लेकर विवाद

सूरतगंज (बाराबंकी)। मोहम्मदपुर खाला थाना क्षेत्र के चन्द्रसिहाली गांव में लोधेश्वर महादेव कोल्ड स्टोर पर आलू रखने के दौरान ट्रैक्टर निकालने को लेकर हुए विवाद में एक युवक की बेरहमी से पिटाई कर दी गई। मारपीट में युवक गंभीर रूप से घायल हो गया और उसके हाथ की हड्डी भी टूट गई। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार चन्द्रसिहाली निवासी जानकी प्रसाद (35) पुत्र छोटेलाल बुधवार शाम करीब 6:30 बजे लोधेश्वर महादेव कोल्ड स्टोर पर आलू रखने के लिए लाइन में खड़ा था। उसी दौरान गांव का ही रमाशंकर पुत्र रामखेलावन अपना ट्रैक्टर गलत तरीके से लाइन के आगे निकालने लगा। इस बात को लेकर दोनों के बीच कहासुनी हो गई। आरोप है कि कहासुनी के दौरान रमाशंकर और उसके साथ मौजूद दुर्गेश पुत्र रामचन्द्र निवासी चन्द्रसिहाली ने जानकी प्रसाद पर हमला कर दिया और उसकी बेरहमी से पिटाई करने लगे।

# उपनिरीक्षक भर्ती परीक्षा को लेकर कड़ी सुरक्षा

### 10 केंद्रों पर 4128 अभ्यर्थी देंगे परीक्षा

**तमसा संकेत, संवाददाता**



बहराइच। उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड, लखनऊ द्वारा आयोजित उपनिरीक्षक नागरिक पुलिस एवं समकक्ष पदों की सीधी भर्ती-2025 की लिखित परीक्षा 14 और 15 मार्च 2026 को जिले के 10 परीक्षा केंद्रों पर कड़े सुरक्षा इंतजामों के बीच आयोजित की जाएगी। परीक्षा दो पालियों में होगी, जिसमें कुल 4128 अभ्यर्थी शामिल होंगे। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि परीक्षा की निष्पक्षता और पारदर्शिता बनाए रखने के लिए सभी केंद्रों पर सख्त निगरानी रखी जाएगी।

किसी भी प्रकार की गड़बड़ी या नकल की कोशिश करने वालों के खिलाफ तत्काल सख्त कार्रवाई की जाएगी। परीक्षा केंद्रों के आसपास सुरक्षा व्यवस्था भी कड़ी कर दी गई है। परीक्षा केंद्रों में आर्य कन्या इंटर कॉलेज ब्राह्मणीपुरा में 240, आजाद इंटर कॉलेज चांदपुरा में 384, राजकीय इंटर कॉलेज छावनी बाजार में 480, राजकीय बालिका इंटर कॉलेज गुलाम अलीपुरा में 384, राजकीय पॉलिटेक्निक आसाम चौराहा कल्पीपारा में 384, राजकीय पॉलिटेक्निक मोहम्मदपुर नानपारा रोड में 288, किसान स्नातकोत्तर महाविद्यालय में 720, महाराज सिंह इंटर कॉलेज में 384, महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय सिविल लाइन में 480 तथा वैद्य भगवानदीन मिश्र गांधी इंटर कॉलेज बहराइच में 384 परीक्षार्थी परीक्षा देंगे।

**फास्ट न्यूज**

### ममता बनर्जी का पुतला दहन

गाजीपुर। गाजीपुर जनपद मुख्यालय पर गुरुवार को भाजपा अनुसूचित जनजाति मोर्चा के कार्यकर्ताओं ने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के कथित अपमान के विरोध में जोरदार प्रदर्शन किया। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के खिलाफ नारेबाजी करते हुए उनका पुतला दहन किया। प्रदर्शन-कारियों ने घटना की कड़ी निंदा करते हुए सख्त कार्रवाई की मांग की।

### अभिनेत्री निम्रत कौर गंगा आरती में शामिल हुईं

वाराणसी। हिंदी फिल्मों और अंतरराष्ट्रीय टेलीविजन में अपनी दमदार पहचान बना चुकी अभिनेत्री निम्रत कौर काशी पहुंची। अपनी यात्रा के दौरान उन्होंने शहर की आध्यात्मिकता, संस्कृति और स्वादिष्ट पारंपरिक व्यंजनों का भरपूर आनंद लिया। अभिनेत्री ने काशी के प्रसिद्ध घाटों का भ्रमण किया। गंगा में बोटिंग की और और विश्व प्रसिद्ध गंगा आरती में शामिल होकर आध्यात्मिक अनुभूति प्राप्त की। वाराणसी पहुंचने के बाद निम्रत कौर ने सबसे पहले काशी के प्रसिद्ध पारंपरिक मिठाई मलइयो का स्वाद चखा। यह सर्दियों में बनने वाली बनारस की खास मिठाई है।

### हैलेट में 3 सफाई कर्मियों ने तीमारदार को पीटा

कानपुर। कानपुर के हैलेट अस्पताल में सफाई कर्मचारी और तीमारदार के बीच मारपीट का मामला सामने आया है। घटना प्रमुख अधीक्षक कार्यालय के बाहर की बताई जा रही है, जिसका वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। वीडियो सामने आते ही अस्पताल प्रशासन में हड़कंप मच गया और मामले की जांच शुरू कर दी गई।

## धूमधाम से मनाया गया वार्षिक उत्सव प्रतिभा सम्मान और विदाई समारोह



**तमसा संकेत, संवाददाता**

अंबेडकर नगर (कटेहरी) कंपोजिट उच्च प्राथमिक विद्यालय रामपुर बनेथू में वार्षिक उत्सव व प्रतिभा सम्मान विदाई समारोह बड़े धूमधाम से मनाया गया जिसके मुख्य अतिथि रहे अनिल कुमार वर्मा (मौसम वर्मा) ब्लॉक प्रमुख कटेहरी विशिष्ट अतिथि के रूप में खंड शिक्षा अधिकारी प्रिया पाठक द्वारा मां सरस्वती वीणा वादिनी के चित्र पर माल्यर्पण कर दीप प्रज्वलन कर समारोह का शुभारंभ किया गया विद्यालय के बच्चों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया । जिसमें ब्लाक प्रमुख अनिल कुमार वर्मा (मौसम वर्मा)द्वारा बच्चों के हित को ध्यान में रखते हुए विद्यालय में वाटर कूलर व शौचालय का आश्वासन भी दिया है। कार्यक्रम उपस्थित रहे राजेश प्रताप सिंह अध्यक्ष प्रधान संघ कटेहरी अखिलेश कुमार सिंह प्राथमिक शिक्षा संघ अध्यक्ष कटेहरी अध्यापक राकेश कुमार मिश्रा (इ०प्र०अ०)श्री अरुण कुमार तिवारी ब्लॉक अध्यक्ष व रामप्रकाश सिंह ब्लॉक कोषाध्यक्ष कटेहरी, राजेश्वर प्रताप सिंह, रमजान अली, सुरेंद्र राना, राम अवतार , मानिक राम दूबे ,जगदंबा प्रसाद दुबे ,विनय दुबे आदि मौजूद रहे।

# फैक्ट्री में आग, कंधे पर लादकर निकाला

### सीढ़ी लगाकर छत पर चढ़े, शीशे तोड़कर अंदर गए, 35 कर्मचारियों को बचाया

**तमसा संकेत, एजेंसी**

गौतम बुद्ध नगर। नोएडा में बिजली मीटर बनाने वाली एक फैक्ट्री में अचानक भीषण आग लग गई। कुछ ही मिनटों में आग फैक्ट्री की पांचों मंजिलों में फैल गई, जिससे अंदर अफरा-तफरी मच गई। फैक्ट्री में काम कर रहे 200 से ज्यादा कर्मचारियों ने भागकर जान बचाई, लेकिन करीब 35 कर्मचारी अंदर फंस गए। इनमें से कई बेसुध होकर गिर गए। आसपास के लोगों ने पुलिस और फायर ब्रिगेड को सूचना दी। थोड़ी देर में फायर ब्रिगेड की 30 से ज्यादा गाड़ियां मौके पर पहुंचीं। दमकलकर्मियों ने सीढ़ी लगाकर पहली मंजिल की बालकनी पर चढ़े। फिर शीशे तोड़कर अंदर फंसे लोगों को निकाला। फिर कंधों लादकर नीचे उतारा। घायलों को पुलिस ने जिला अस्पताल में भर्ती कराया। ज्यादातर कर्मचारियों को







हल्की चोटें आईं, लेकिन 2 लोग गंभीर रूप से झुलस गए हैं। इनमें से एक को इलाज के लिए दिल्ली रेफर किया गया है। दमकल विभाग को आग पर काबू पाने में करीब 4 से 5 घंटे लगे। घटना थाना फेज-1 क्षेत्र स्थित कैपिटल पावर सिस्टम लिमिटेड फैक्ट्री की है। पुलिस ने एंबुलेंस से सभी घायलों को जिला अस्पताल भेजा। अन्य दमकलक-र्मियों ने पानी की तेज बौछारों से आग पर काबू पाया।

- **घटना की सूचना पर 30 से ज्यादा दमकल की गाड़ियां मौके पर पहुंचीं। करीब 5 घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया।**
- **आग पर काबू पाने के बाद फैक्ट्री की तलाशी ली गई। अंदर कोई नहीं मिला, तब जाकर रेस्क्यू पूरा हुआ।**

### 48 शॉर्ट सर्किट से लगी आग

बताया जा रहा है कि आग सुबह करीब साढ़े 5 बजे ग्राउंड फ्लोर पर शॉर्ट सर्किट से लगी। फैक्ट्री में प्लास्टिक और बिजली के तारों का सामान ज्यादा होने के कारण आग तेजी से फैल गई। आग इतनी भीषण थी कि धुएं का गुबार 2 किलोमीटर दूर से दिखाई दे रहा था।

इसके बाद पूरी फैक्ट्री की तलाशी ली गई, लेकिन अंदर कोई और फंसा हुआ नहीं मिला।



**जॉइंट कमिश्नर ऑफ पुलिस (लॉ एंड ऑर्डर) राजीव नारायण मिश्रा ने बताया- आज सुबह सेक्टर-4 स्थित एक फैक्ट्री में आग लगने की सूचना मिली थी। स्थानीय पुलिस और फायर ब्रिगेड की टीम तुरंत मौके पर पहुंची और आग पर काबू पा लिया गया है।**

# पयागपुर पुलिस ने वांछित अभियुक्त को किया गिरफ्तार

### सीतापुर निवासी आरोपी को घेराबंदी कर दबोचा, न्यायालय में पेश करने के लिए भेजा गया

**तमसा संकेत, संवाददाता**

बहराइच। थाना पयागपुर पुलिस ने कार्रवाई करते हुए एक वांछित अभियुक्त को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस के अनुसार यह कार्रवाई 11 मार्च 2026 को की गई। गिरफ्तार अभियुक्त की पहचान अकील खान पुत्र अमीन हसन निवासी मोहल्ला पसियन टोला, कस्बा तम्बौर, थाना तम्बौर, जनपद सीतापुर के रूप में हुई है। पुलिस के मुताबिक अभियुक्त थाना पयागपुर में दर्ज मुकदमा संख्या 404/2025 में वांछित चल रहा था। उसके खिलाफ धारा 210 और 318(4) बीएनएस तथा एनडीपीएस एक्ट की धारा 26, 8, 18 और 21 के तहत मामला दर्ज है। पुलिस काफी समय से उसकी तलाश कर रही थी। बताया गया कि पुलिस टीम को





सूचना मिली थी कि वांछित अभियुक्त क्षेत्र में मौजूद है। सूचना के आधार पर पुलिस ने घेराबंदी कर उसे गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तारी के बाद पुलिस ने उससे आवश्यक पूछताछ की और आगे की विधिक कार्रवाई पूरी की। पुलिस ने बताया कि अभियुक्त को गिरफ्तार करने के बाद उसे पुलिस अभिरक्षा में लेकर माननीय न्यायालय बहराइच के समक्ष पेश करने के लिए भेज दिया गया है। इस कार्रवाई में उपनिरी-क्षक धात्री शंकर सिंह और कांस्टेबल सुरेश यादव शामिल रहे। थाना अध्यक्ष संजय कुमार सिंह का कहना है कि क्षेत्र में अपराध और मादक पदार्थों के खिलाफ अभियान लगातार जारी रहेगा।

### सूरतगंज ब्लॉक की दो ग्राम पंचायतों का किया निरीक्षण, सचिव और ग्राम प्रधान को जल्द सुधार के निर्देश

# अयोध्या मंडल के उपनिदेशक पंचायत का औचक निरीक्षण



**तमसा संकेत, संवाददाता**

सूरतगंज (बाराबंकी)। अयोध्या मंडल के उपनिदेशक पंचायत अरविन्द कुमार ने विकास खंड सूरतगंज क्षेत्र की रायपुर और फिरोजपुर ग्राम पंचायतों का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने पंचायतों में पाई गई कमियों को जल्द पूरा करने के निर्देश सचिव और ग्राम प्रधान को दिए। तय कार्यक्रम के बावजूद सचिव के अनुपस्थित रहने पर उपनिदेशक पंचायत ने नाराजगी जताई और सहायक विकास अधिकारी पंचायत को निर्देश दिया कि सचिव को तीन दिन के भीतर पत्रावली के साथ मंडलीय कार्यालय में उपस्थित कराया जाए। निरीक्षण के दौरान



### पंचायत भवन और शौचालय की साफ-सफाई पर नाराजगी

निरीक्षण के दौरान पंचायत भवन और सामुदायिक शौचालयों में साफ-सफाई और पेंटिंग का अभाव देखने को मिला। इस पर उपनिदेशक पंचायत ने नाराजगी जताई। गांव के सामाजिक स्थलों पर गंदगी मिलने पर उन्होंने सफाईकर्मी के माध्यम से जल्द सफाई कराने के निर्देश सहायक विकास अधिकारी पंचायत पुष्पा मिश्रा को दिए।

उपनिदेशक पंचायत ने सबसे पहले दोनों ग्राम पंचायतों के अंत्येष्टि स्थल का जायजा लिया। वहां निर्माण कार्य अधूरा मिलने पर उन्होंने इसे शीघ्र पूरा कराने के निर्देश दिए। इस दौरान उन्होंने फिरोजपुर के ग्राम प्रधान सुरेन्द्र कुमार और रायपुर के प्रधान पुत्र अंकित श्रीवास्तव को कार्य जल्द पूरा कराने के लिए कहा।

### सचिव की अनुपस्थिति पर जताई नाराजगी

रायपुर ग्राम पंचायत के सचिव विजय सिंह निरीक्षण के दौरान मौजूद नहीं मिले। इस पर उपनिदेशक पंचायत ने सहायक विकास अधिकारी पंचायत से जानकारी ली। उन्हें बताया गया कि सचिव एक दिन के आकस्मिक अवकाश पर हैं। तय कार्यक्रम के बावजूद सचिव के अनुपस्थित रहने पर उपनिदेशक पंचायत ने नाराजगी जताई और सहायक विकास अधिकारी पंचायत को निर्देश दिया कि सचिव को तीन दिन के भीतर पत्रावली के साथ मंडलीय कार्यालय में उपस्थित कराया जाए।

**निरीक्षण के दौरान मंडलीय कनिष्ठ नवीन कुमार, अभियंता विकास नाग, सचिव विवेक कुमार, शिवा सिंह, राकेश सिंह, खंड प्रेरक आर.के. वर्मा और रमाकांत सहित अन्य कर्मचारी भी मौजूद रहे।**

## चेतावनी : यहां छाती पीटी तो बढ़िया इलाज करेंगे, सड़क पर नमाज पढ़ी तो जेल भेजेंगे

# इतनी खुजली है तो ईरान चले जाओ : कुलदीप कुमार

**तमसा संकेत, एजेंसी**

संभल। 'कुछ लोगों को ईरान-इजराइल युद्ध से यहां पर बहुत तकलीफ हो रही है। यहां छाती पीट रहे हैं। अगर इतनी ही दिक्कत है तो हवाई जहाज में बैठो और वहीं चले जाओ।' यह बात संभल में CO कुलदीप कुमार ने पीस कमेटी की बैठक में कही। शांतिभंग नहीं करने की चेतावनी देते हुए CO ने कहा कि अगर यहां किसी ने व्यवस्था बिगाड़ने की कोशिश की, तो हमें उससे निपटना आता है। इस पूरे मामले का वीडियो भी सामने आया है दरअसल, CO कुलदीप कुमार बुधवार को संभल कोतवाली में



अलविदा जुमा और ईद के त्योहार को लेकर बैठक कर रहे थे। बैठक में सिटी मजिस्ट्रेट सुधीर कुमार और इंस्पेक्टर गजेंद्र सिंह भी मौजूद थे। बैठक में CO ने मुस्लिम समुदाय के लोगों से शांति से त्योहार मनाने को कहा। उन्होंने कहा कि कोई भी अंतरराष्ट्रीय विवादों के नाम पर शहर की शांति भंग न करे। इसे कतई बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

**सीओ कुलदीप कुमार ने कहा- मैं देख रहा हूं कि बहुत सारे लोगों को इस बात की खुजली मची है कि साहब, ईरान और इजराइल के बीच में झगड़ा हो रहा है। कुछ लोग बीच में अपनी टांग अड़ाए हुए हैं। अगर इतनी दिक्कत है, तो जहाज में बैठ जाओ। यहां से जहाज ईरान में फंसे भारतीयों को लेने जा रहा है। उसी में बैठकर चले जाओ और ईरान की तरफ से लड़ो।**



■ बैठक में जिले की मस्जिदों के मौलाना, पार्षद समेत करीब 50 लोग शामिल हुए थे।

### सड़क पर नमाज पढ़ी, तो बख्शा नहीं जाएगा

CO ने कहा- मस्जिद में जगह नहीं होने पर नमाजी भागे-भागे जाते हैं और सड़क पर नमाज पढ़ने लगते हैं। अगर ऐसा हुआ तो हम एक मिनट कुछ नहीं कहेंगे। उसके बाद उठाकर केस लिखकर जेल भेज देंगे। अगर ईरान-इजराइल युद्ध में समर्थन या नारेबाजी की, तो जेल भेज दिया जाएगा। किसी दूसरे देश के झगड़े का असर हमारे देश की कानून व्यवस्था पर पड़ा, तो पुलिस बहुत 'बढ़िया वाला इलाज' करेगी। नमाज के दौरान किसी दूसरे देश के विरोध में कोई नारा, स्लोगन या पट्टी नहीं होनी चाहिए। कुलदीप कुमार ने कहा- हम हिंदुस्तानी हैं, भारतीय हैं।

### जहां पोस्टर बनते हैं, वहां भी होगी कार्रवाई

CO ने चेतावनी दी कि पुलिस केवल प्रदर्शनकारियों पर ही नहीं, उन जगहों पर भी कार्रवाई करेगी जहां ये विवादित पोस्टर और स्लोगन छपते या लिखे जाते हैं। हम यहां सुकून से रह रहे हैं। अपनी ही जमीन पर फिजा खराब करने की इजाजत किसी को नहीं दी जाएगी।

## सिलेंडर के लिए गैस एजेंसियों पर लंबी कतार

वाराणसी। वाराणसी में गैस सिलेंडर लेने के लिए सुबह से ही बड़ी संख्या में लोग एजेंसियों पर पहुंच रहे हैं। यहां पर कतार में खड़े होकर लोग अपनी अलग अलग समस्याएं बता रहे हैं और सिलेंडर की मांग कर रहे हैं। जबकि गैस एजेंसी के प्रोपराइटर का कहना है कि किसी तरह की गैस सिलेंडर की कोई कमी नहीं है। दरअसल, लोड ज्यादा बढ़ जाने की वजह से सर्वर डाउन होने की वजह से बुकिंग में थोड़ी दिक्कतें आ रही है जिसकी वजह से लोग सीधे गैस एजेंसी पर पहुंचने लगे हैं यही कारण है कि यहां पर भीड़ ज्यादा बढ़ गई है। धूपचंडी जगतगंज स्थित धरम गैस सेवा के मालिक धरमराज सोनकर ने बताया कि अभी तक लोगों को घर बैठे ऑनलाइन बुकिंग के बाद सिलेंडर उनके घर पर पहुंचाया जाता था लेकिन अभी घरों तक सिलेंडर भेजने का कार्य बंद हैं। दरअसल, स्थानीय लोगों द्वारा सिलेंडर लेकर जाने वालों के साथ जबरदस्ती करते हैं।

# इंडियन बैंक शाखा का भव्य उद्घाटन

**तमसा संकेत, संवाददाता**

बहराइच। थाना रिसिया क्षेत्र के बलभद्दरपुर में इंडियन बैंक की नई शाखा का भव्य उद्घाटन किया गया। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक राम नयन सिंह और थाना प्रभारी करुणाकर पांडे मौजूद रहे। उद्घाटन कार्यक्रम में बैंक के ज़ोनल मैनेजर बहराइच और शाखा प्रबंधक सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी भी उपस्थित थे। उद्घाटन समारोह में अधिकारियों ने कहा कि नई शाखा खुलने से स्थानीय लोगों को बैंकिंग सुविधाएं अब नजदीक उपलब्ध होंगी। ग्रामीण और कस्बाई क्षेत्र के लोग जमा-निकासी, खाता खोलने, ऋण तथा डिजिटल बैंकिंग जैसी सेवाओं का लाभ आसानी से ले सकेंगे। इससे क्षेत्र में वित्तीय सेवाओं को सुगमता और पारदर्शिता मिलेगी। बैंक अधिकारियों ने बताया कि बलभद्दरपुर में शाखा खुलने से आर्थिक गतिविधियों को बढ़ावा मिलेगा और



स्थानीय व्यापारियों, किसानों और आम नागरिकों को सुविधा होगी। उन्होंने कहा कि नई शाखा का उद्देश्य क्षेत्र के लोगों को भरोसेमंद और आधुनिक बैंकिंग सेवाएं प्रदान करना है। कार्यक्रम में स्थानीय नागरिकों और गणमान्य व्यक्तियों की भी उपस्थिति रही। सभी ने बैंक की नई शाखा के संचालन के लिए शुभकामनाएं दी और उम्मीद जताई कि इससे क्षेत्र का आर्थिक विकास और लोगों की जीवनशैली में सुधार आएगा। नई शाखा के उद्घाटन से बलभद्दरपुर में बैंकिंग सेवाओं की पहुंच और भी मजबूत हुई है, जिससे स्थानीय लोगों को सुविधा और सुरक्षा दोनों मिलेगी।



## पति से बोली- अम्मी को अटैक पड़ा ■ ननद से लड़ाई हुई तो मुंह से सच निकला

# मथुरा में बहू ने सास की गला दबाकर की हत्या

### बाप-बेटे नोएडा में काम करते थे, घर पर सास-बहू ही रहती थीं

भंकरपुर बसेला गांव के रहने वाले अनवर (50) अपनी पत्नी अनवरी (52) के साथ रहते हैं। उनके बेटे आमिर (26) की शादी 2020 में हाथरस के गांव कोटा कपूरा की रहने वाली हिना (24) से हुई। अनवर ने अपनी बेटी अमीना की शादी भी हाथरस में की है। अनवर और आमिर दोनों नोएडा में ड्राइवरी का काम करते हैं। घर पर अनवरी और हिना ही रहती थीं।



**वारदात**

तमसा संकेत, एजेंसी

मथुरा । मथुरा में बहू ने प्रेमी के साथ मिलकर सास की हत्या कर दी। फिर पति को फोन किया- अम्मी कुछ बोल नहीं रही हैं। लगता है साइलेंट हार्ट अटैक पड़ा है। मौत की खबर सुनते ही ससुर-पति नोएडा से पहुंचे। रिश्तेदार भी आए।

बहू ने खूब रोने का नाटक किया। उसकी कहानी को सच मानकर परिवार ने शव को सुपुर्द-ए-खाक कर दिया। सबकुछ उसके प्लान के मुताबिक हुआ। किसी को उस पर शक नहीं हुआ। हत्या के 3 दिन बाद बहू का ननद से खाना बनाने के लिए झगड़ा हो गया।




गुस्से में बहू ने बोल दिया- मैंने तेरी मां को मारा है, जा तू मेरा बाल भी बांका कर ले। तुझे भी खत्म कर दूंगी। यह बात सुनकर परिवार को शक हो गया। ससुर ने पुलिस को शिकायत कर दी। पुलिस ने सास का शव कब्र से निकलवाया। पोस्टमॉर्टम हुआ तो गला दबाकर हत्या की बात क्लियर हुई।

### 2 मार्च की रात बाप-बेटे को बताया- अम्मी नहीं रहीं

पुलिस ने बताया- 2 मार्च की रात हिना ने पति आमिर को फोन किया। कहा- अम्मी बोल नहीं रहीं, उनको अटैक आया है। लगता है वो नहीं रहीं। सुनते ही आमिर और उसके पिता गांव आए। अमीना भी घर आ गई। 3 मार्च को परिवारवालों और रिश्तेदारों की मौजूदगी में सास को कब्रिस्तान में दफनाया गया।

अनवरी की मौत के बाद परिवार गम में डूबा था। बेटी अमीना घर पर ही थी। 6 मार्च को खाना बनाने को लेकर हिना और अमीना की बहस हो गई। बौखलाहट में हिना के मुंह से अम्मी की हत्या बात निकल गई। यह सुनते ही अमीना के पैरों तले जमीन खिसक गई। उसने तुरंत पिता और भाई को पूरी बात बताई।

अमीना की बात सुनकर ससुर अनवर ने अगले दिन यानी 7 मार्च को आसपास के लोगों से बात की। लोगों ने उन्हें बताया कि पड़ोसी आदिल (19) का हिना से काफी मिलना-जुलना था। वह अक्सर हिना से मिलने घर आता था। कई बार उसे रात में घर आते और सुबह बाहर जाते देखा था। इससे अनवर को पूरी बात समझ आ गई। उन्होंने 8 मार्च को पुलिस से हिना के खिलाफ शिकायत की।

> सीओ श्वेता वर्मा ने बताया जब महिला की मौत हुई उस समय कोई सूचना नहीं दी गई थी। शव को दफना दिया गया था। 8 मार्च को पति अनवर ने शिकायत पत्र दिया। आरोप बहू और उसके प्रेमी पर लगाया। आदेश के बाद नायब तहसीलदार की मौजूदगी में शव को निकलवाकर पोस्टमॉर्टम कराया। तब हत्या का खुलासा हुआ।

# इस्कॉन मंदिर में उमड़ा आस्था का सैलाब

### श्री राधा-श्यामसुंदर ने किया भव्य नौका विहार

तमसा संकेत, संवाददाता

वृंदावन। कान्हा की नगरी में उत्सवों की अनवरत श्रृंखला के बीच रमनरेती स्थित इस्कॉन मंदिर (कृष्ण-बलराम मंदिर) में भव्य नौका विहार उत्सव का आयोजन किया गया। गौर पूर्णिमा के उपलक्ष्य में आयोजित इस पंचदिवसीय महोत्सव के दौरान मंदिर प्रांगण को कृत्रिम जलाशय का रूप देकर यमुना नदी विहार की दिव्य लीला का मनोहारी चित्रण किया गया।

उत्सव के लिए मंदिर के मुख्य आंगन को जल से भरकर उसे यमुना के स्वरूप में परिवर्तित कर दिया गया। जलाशय के पानी पर फूलों से आकर्षक रंगोली बनाई गई। मंदिर अधिकारी रविलोचन दास के अनुसार, इस विशेष आयोजन के लिए करीब 100 किलो से अधिक देशी-विदेशी फूलों का प्रयोग किया



गया। जल क्रीड़ा और नौका विहार की अलौकिक झांकी को देखकर भक्त भाव-विभोर हो उठे।

मंदिर प्रशासन ने बताया कि ए.सी. भक्तिवेदांत स्वामी प्रभुपाद द्वारा वर्ष 1975 में मंदिर की स्थापना के समय से ही यह परंपरा निरंतर चली आ रही है। मान्यता है कि द्वापर युग में भगवान श्रीकृष्ण, राधा रानी के साथ यमुना की लहरों पर नौका विहार किया करते थे। उसी प्राचीन लीला को जीवंत करने के लिए हर वर्ष गौर पूर्णिमा के अवसर पर प्रभु को विशेष रूप से सजी हुई नाव में विराजमान कर मंदिर परिसर की परिक्रमा कराई जाती है।

**फास्ट न्यूज**

### सड़क हादसे में 2 लोगों की मौत

किरावली । आगरा में पिकअप और ट्रक की टक्कर हो गई। पिकअप में 25 लोग सवार थे। इनमे से 2 लोगों की मौत हो गई। वहीं, 22 लोग घायल हो गए, जिनमें 4 लोगों की हालत गंभीर बताई जा रही है। सभी घायलों को एम्बुलेंस की मदद से एसएन मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया है। पिकअप सवार सभी लोग नामकरण संस्कार में शामिल होकर लौट रहे थे। हादसा किरावली थाना क्षेत्र के दक्षिणी बाईपास पर कराहरा कट के पास बुधवार रात 9:15 बजे हुआ।

### लांस नायक ने हनीट्रैप में पाकिस्तान भेजी युद्धपोतों की डिटेल्स

आगरा । आगरा से यूपी ATS ने आदर्श कुमार उर्फ लकी को अरेस्ट किया है। आदर्श भारतीय नौसेना में लांस नायक है। आदर्श पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी ISI के लिए जासूसी कर रहा था। उसने ISI एजेंट को देश के युद्धपोतों की तस्वीरें और डिटेल्स भेजी हैं। कोर्ट में पेश करके आदर्श को 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेजा गया है। ATS सूत्रों के अनुसार- 3 साल पहले आदर्श कुमार की इंस्टाग्राम पर आशी नाम की लड़की से दोस्ती हुई थी। ये आईडी ISI के हैंडलर की थी। जिसने आशी नाम से आईडी बनाकर आदर्श को फंसाया।

### मेरठ में फर्जी आईएएस गिरफ्तार

मेरठ । मेरठ के नौचंदी थाना क्षेत्र में एक फर्जी आईएएस अधिकारी को गिरफ्तार किया गया है। आरोपी आधी रात को हंगामा कर खुद को आईएएस बताकर लोगों पर रौब झाड़ रहा था। पुलिस जांच में उसकी पहचान राहुल कौशिक के रूप में हुई है। बुधवार देर रात फूल बाग कॉलोनी में एक युवक द्वारा हंगामा किए जाने की सूचना स्थानीय लोगों ने पुलिस को दी। नौचंदी थाना पुलिस मौके पर पहुंची और युवक को हिरासत में ले लिया।

# उप निरीक्षक भर्ती परीक्षा को लेकर प्रशासन अलर्ट



तमसा संकेत, संवाददाता

मथुरा। आगामी उत्तर प्रदेश पुलिस उप निरीक्षक भर्ती परीक्षा-2025 को सकुशल एवं पारदर्शी ढंग से सम्पन्न कराने के उद्देश्य से गुरुवार को कलैक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी चंद्र प्रकाश सिंह एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्लोक कुमार की अध्यक्षता में एक महत्वपूर्ण गोष्ठी आयोजित की गई।

बैठक में परीक्षा के सफल संचालन के लिए सुरक्षा व्यवस्था, प्रश्नपत्रों के सुरक्षित वितरण, परीक्षा केंद्रों पर अभ्यर्थियों की सुविधा, यातायात व्यवस्था तथा कानून-व्यवस्था बनाए रखने जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तार से चर्चा की गई।

जिलाधिकारी एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि परीक्षा को पूरी निष्पक्षता, पारदर्शिता एवं शांतिपूर्ण वातावरण में संपन्न कराया जाए। साथ ही परीक्षा केंद्रों पर पर्याप्त पुलिस बल की तैनाती, निगरानी व्यवस्था एवं अन्य आवश्यक प्रबंध सुनिश्चित करने के भी निर्देश दिए गए।

# चोरी की मोटरसाइकिल व तमंचे के साथ शातिर चोर गिरफ्तार

तमसा संकेत, संवाददाता

मथुरा। थाना मगोर्रा पुलिस ने चोरी की मोटरसाइकिल और अवैध तमंचे के साथ एक शातिर चोर को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उसके कब्जे से .315 बोर का तमंचा और एक जिंदा कारतूस भी बरामद किया है। पुलिस के अनुसार गुरुवार देर रात करीब 12:58 बजे रेलवे पुल जाजनपट्टी के पास चेकिंग के दौरान एक संदिग्ध व्यक्ति को पकड़ा गया। पूछताछ में उसने अपना नाम महाबीर पुत्र स्व. देवी सिंह निवासी गांव कुदरवन, थाना मगोर्रा, जनपद मथुरा (उम्र करीब 31 वर्ष) बताया। तलाशी लेने पर उसके पास से चोरी की एक मोटरसाइकिल (रजिस्ट्रेशन नंबर UP 85 BF 4275) तथा .315 बोर का तमंचा और एक जिंदा कारतूस बरामद हुआ। इस संबंध में थाना मगोर्रा में मु0अ0सं0 77/2026



धारा 35/106 बीएनएसएस, 317(2) बीएनएस व 3/25 आर्म्स एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर आरोपी के खिलाफ आवश्यक विधिक कार्रवाई की जा रही है।

पुलिस के अनुसार गिरफ्तार आरोपी के खिलाफ पूर्व में भी चोरी से जुड़े कई मामले दर्ज हैं।

इस कार्रवाई को अंजाम देने वाली पुलिस टीम में थानाध्यक्ष हरीश चौधरी, उपनिरीक्षक कमल किशोर, उपनिरीक्षक रविंद्र प्रताप सिंह तथा हेड कांस्टेबल जितेंद्र कुमार शामिल रहे।

# मथुरा की होली वाली गली से निकली मां कैला देवी की भव्य पदयात्रा

तमसा संकेत, संवाददाता

मथुरा। शहर के छत्ता बाजार स्थित होली वाली गली से श्री कैला देवी पदयात्रा ट्रस्ट द्वारा 26वीं भव्य पदयात्रा का आयोजन किया गया। जिसमें ढोल-नगाड़ों और बैंड-बाजों के साथ मां कैला देवी की भव्य शोभायात्रा निकाली गई, जिसमें बड़ी संख्या में महिला, पुरुष और बच्चों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

शोभायात्रा होली गली से प्रारंभ होकर तिलक द्वार, कोतवाली रोड, भरतपुर गेट, घीया मंडी, चौक बाजार, स्वामी घाट और विश्राम बाजार होते हुए पुनः होली गली पहुंचकर विश्राम करेगी। पूरे मार्ग में श्रद्धालुओं ने जयकारों के साथ मां कैला देवी का स्वागत किया।

श्री कैला देवी पदयात्रा ट्रस्ट के मीडिया प्रभारी दीपक चतुर्वेदी (बैंकर) एवं मीडिया प्रभारी तुलसी राम ने बताया कि यह पदयात्रा 12 मार्च गुरुवार को सुबह पथवारी मंदिर भैंस बहोरा से राजस्थान के



करौली स्थित मां कैला देवी धाम के लिए रवाना होगी। यात्रा कार्यक्रम के अनुसार 17 मार्च को पदयात्रा अटैवा स्कूल कैला देवी रोड पहुंचेगी। 18 मार्च को दिल्ली वाली धर्मशाला में अखंड ज्योति अर्पण किया जाएगा तथा 19 मार्च को मां कैला देवी के दरबार में सामूहिक भेंट-पूजा और कन्या-लंगूर भंडारे का आयोजन होगा। इसके बाद 24 मार्च को मां नरी सेमरी को ज्योत अर्पित की जाएगी, 25 मार्च को मथुरा से मां चंद्राबली देवी गोकुल तक पदयात्रा निकाली जाएगी और 29 मार्च को श्रद्धालु मां सलेमपुर में ज्योत अर्पण करने जाएंगे। कार्यक्रम का समापन 2 अप्रैल को विशाल 56 भोग और भंडारे के साथ किया जाएगा।

# एमआईईटी के सहयोग से 'हसलग्रैड' की पहल

### छात्रों को देगा इंडस्ट्री एक्सपोज़र और नए अवसर

तमसा संकेत, संवाददाता

मेरठ। बदलते समय में केवल सैद्धांतिक शिक्षा पर्याप्त नहीं रह गई है। छात्रों के लिए व्यावहारिक अनुभव और इंडस्ट्री से सीधा जुड़ाव भी उतना ही आवश्यक हो गया है। इसी सोच को साकार करते हुए 'हसलग्रैड' नामक एक उभरता हुआ प्लेटफ़ॉर्म सामने आया है, जो छात्रों को पारंपरिक शिक्षा की सीमाओं से आगे बढ़ाकर वास्तविक दुनिया के अवसरों से जोड़ने का प्रयास कर रहा है। हसलग्रैड का उद्देश्य युवाओं को केवल किताबों तक सीमित न रखते हुए उन्हें प्रैक्टिकल अनुभव, इंडस्ट्री एक्सपोज़र और उद्यमशीलता की सोच के साथ सशक्त बनाना है। यह प्लेटफ़ॉर्म छात्रों, स्टार्टअप्स और



कंपनियों के बीच एक प्रभावी सेतु का कार्य करता है, जहां प्रतिभाशाली छात्र इंटर्नशिप, प्रोजेक्ट्स और लाइव कार्य अनुभव के माध्यम से अपने कौशल को विकसित कर सकते हैं। इस मंच के जरिए छात्र न केवल नई-नई चीजें सीखते हैं, बल्कि वास्तविक समस्याओं पर काम करते हुए अपने करियर की मजबूत नींव भी तैयार करते हैं। वहीं, स्टार्टअप्स और कंपनियों को भी ऐसे ऊर्जावान और रचनात्मक युवाओं के साथ काम करने का अवसर मिलता है, जो नई सोच, तकनीकी समझ और सीखने की उत्सुकता के साथ उनके प्रोजेक्ट्स में महत्वपूर्ण योगदान दे सकते हैं। एमआईईटी इनक्यूबेशन फोरम का मिल रहा मार्गदर्शन हसलग्रैड की इस पहल को एमआईईटी इनक्यूबेशन फोरम का मार्गदर्शन और सहयोग प्राप्त हो रहा है। फोरम के सीईओ रेहान अहमद के नेतृत्व और विशेषज्ञ सलाह से इस स्टार्टअप को अपने विजन को आगे बढ़ाने, नई रणनीतियों को प्रभावी ढंग से लागू करने और इंडस्ट्री की चुनौतियों का सामना करने में महत्वपूर्ण दिशा मिल रही है। उनका अनुभव और मेंटरशिप हसलग्रैड को तेजी से आगे बढ़ाने में अहम भूमिका निभा रहा है।

### कानपुर में पुलिस बंट-वा रही गैस सिलेंडर

कानपुर । कानपुर शहर में रसोई गैस को लेकर चल रहे संकट की चर्चाओं के बीच गुरुवार सुबह से ही ग्राहकों की लाइन गैस एजेंसियों के बाहर पहुंच गई। बुकिंग के बाद भी सिलेंडर न मिलने पर ग्राहकों में गुस्सा देखने को मिला। सरसौल की एजेंसी में ग्राहकों की भीड़ को देखते हुए सिलेंडर वितरण के लिए पुलिस बुलानी पड़ी। शहर के नजीराबाद थाना क्षेत्र अंतर्गत जेके मंदिर के पास सिलेंडर लेने के लिए ग्राहकों की भीड़ पहुंच गई। ग्राहकों की भीड़ के बीच हंगामा हो गया और अफरा तफरी मचने पर नजीराबाद पुलिस मौके पर पहुंची और माइक से एनाउंसमेंट करके सिलेंडर बंटवाया। मौके पर एडीसीपी सेंट्रल अर्चना सिंह और एसीपी स्वरुप नगर सुमित सुधाकर रामटेके मौके पर पहुंचे। कल्याणपुर की एक एजेंसी में भाई की शादी वाले दिन छोटा भाई सिलेंडर के लिए लाइन में लगा मिला। जिला प्रशासन ने भी ग्राहकों की सुविधा के लिए हेल्पलाइन नंबर जारी किए हैं। स्वरुप नगर स्थित कानपुर गैस सर्विस में एजेंसी का शटर तक नहीं खुला।

# एमआईईटी में 'फाइनेंशियल लिटरेसी' पर विशेषज्ञ व्याख्यान आयोजित

तमसा संकेत, संवाददाता



मेरठ। अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में मेरठ इंस्टीट्यूट ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी (एमआईईटी) के महिला प्रकोष्ठ द्वारा "महिलाओं के लिए वित्तीय साक्षरता" विषय पर एक विशेषज्ञ व्याख्यान का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य महिलाओं को वित्तीय योजना और निवेश के महत्व के प्रति जागरूक करना था, ताकि वे अपने भविष्य को सुरक्षित बना सकें।

कार्यक्रम की मुख्य वक्ता ओराने लेदर्स प्रा. लि. की निदेशक प्रेरणा सेठी रहीं। अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि वित्तीय सुरक्षा के लिए शुरुआती बचत सबसे बड़ा मंत्र है। उन्होंने महिलाओं को आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनने के लिए बचत और समझदारी से निवेश करने की आवश्यकता पर जोर दिया।

उन्होंने बताया कि यदि लोग जीवन की शुरुआत में ही बचत करना शुरू कर देते हैं, तो उनका पैसा समय के साथ अधिक बढ़ता है। बचत पर मिलने वाला ब्याज और उस ब्याज पर मिलने वाला अतिरिक्त ब्याज धन को तेजी से बढ़ाने में मदद करता है। उन्होंने निवेश और आपातकालीन फंड बनाने की भी सलाह दी, जिससे आर्थिक सुरक्षा के साथ जीवन के लक्ष्यों को प्राप्त करना आसान हो जाता है। इस अवसर पर महिला संकाय सदस्यों, स्टाफ और छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और वक्ता द्वारा साझा किए गए अनुभवों एवं सुझावों से लाभान्वित हुईं। कार्यक्रम के सफल आयोजन में महिला प्रकोष्ठ की सदस्यों डॉ. आशिमा कथूरिया, डॉ. मधु बाला शर्मा, डॉ. रुचि गर्ग, डॉ. नेहा मित्तल, डॉ. श्वेता शुक्ला और निधि गुलाटी का विशेष योगदान रहा।

## पृष्ठ 01 का शेष...

### 'अमेरिकी बेस पर...

यह बयान ऐसे समय आया है, जब अमेरिका, इजराइल और ईरान के बीच युद्ध लगातार तेज हो रहा है।

ईरान में फंसे भारतीयों की मदद कर रही सरकार- MEA के मुताबिक ईरान में मौजूद भारतीयों को सुरक्षित निकालने के लिए सरकार मदद कर रही है। अजरबैजान और आर्मेनिया के रास्ते लौटने वालों को वीजा और सीमा पार कराने में सहायता दी जा रही है।

ईरान में करीब 9 हजार भारतीय नागरिक- विदेश मंत्रालय ने बताया कि ईरान में करीब 9 हजार भारतीय हैं। इनमें छात्र, नाविक, कारोबारी, पेशेवर और तीर्थयात्री शामिल हैं।

पीएम मोदी ने खाड़ी देशों के नेताओं से की बात- प्रधानमंत्री मोदी ने खाड़ी देशों के नेताओं से बातचीत में जल्द शांति बहाल करने के लिए संवाद और कूटनीति पर जोर दिया।

### ट्रम्प बोले- तेल की...

ट्रम्प की यह टिप्पणी ऐसे समय आई है जब इंटरनेशनल एनर्जी एजेंसी (IEA) ने चेतावनी दी है कि ईरान के बढ़ते हमलों की वजह से दुनिया को तेल की सप्लाई में इतिहास की सबसे बड़ी रुकावट का सामना करना पड़ सकता है।

### गैस की किल्लत,...

वहीं मध्य प्रदेश में 1900 का कॉमर्शियल सिलेंडर 4000 में बिक रहा है। उधर, कॉमर्शियल गैस सिलेंडर की सप्लाई पर रोक से होटलों और रेस्टोरेंट्स ने इंडक्शन पर खाना बनाना शुरू कर दिया है। इससे बाजार में इंडक्शन की डिमांड भी बढ़ गई है।

जयपुर के जयंती बाजार, एसोसिएशन के अध्यक्ष सचिन गुप्ता ने बताया कि जयपुर में महीने के 2500 से 3000 इंडक्शन बिकते थे। इनकी डिमांड अब 50% तक बढ गई है।

ग्रामीण इलाकों के लिए सिलेंडर बुकिंग का नियम बदल दिया है। पेट्रोलियम मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने ससंद में बताया कि अब ग्रामीण क्षेत्रों में लोगों को एक सिलेंडर लेने के बाद अगला सिलेंडर 45 दिन बाद ही मिलेगा। यानी दो सिलेंडरों के बीच अब कम से कम 45 दिन का अंतर रखना जरूरी होगा।

### यूपी में हिंदुस्तान...

तीन महीने पहले उसकी फर्म को ब्लैक लिस्टेड कर दिया गया था। इससे वह खुन्नस मान रहा था। उसने जान से मारने की धमकी दी थी।

हर्षित मिश्रा ने 4 फरवरी को अजय के खिलाफ मूसाझाग थाने में केस दर्ज कराया था। सिक्योरिटी मांगी थी। सुधीर गुप्ता अजय की धमकियों से इस कदर खौफ में थे कि उन्होंने वीआरएस ले लिया था। 31 मार्च को उन्हें चार्ज छोड़ना था। बावजूद इसके आरोपी पर पुलिस ने कोई एक्शन नहीं लिया।

### एलपीजी संकट...

देश में रोजाना करीब 50 लाख LPG सिलेंडर की डिलीवरी की जाती है।

हालांकि उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि देश में कच्चे तेल की सप्लाई की स्थिति पूरी तरह संतोषजनक है और देश के करीब एक लाख पेट्रोल पंपों में से किसी पर भी ईंधन खत्म होने (ड्राई-आउट) की स्थिति नहीं है।

पेट्रोलियम मंत्रालय : मंत्रालय की जॉइंट सेक्रेटरी (मार्केटिंग और ऑयल रिफाइनरी) सुजाता शर्मा ने कहा-देश में पेट्रोल-डीजल और LPG की उपलब्धता को लेकर स्थिति काफी सहज और संतोषजनक है। भारत रोजाना करीब 55 लाख बैरल कच्चे तेल का इस्तेमाल करता है और दुनिया का चौथा सबसे बड़ा रिफाइनर होने के कारण पेट्रोल-डीजल जैसे उत्पादों की उपलब्धता को लेकर भरोसा बना हुआ है।

### विदेश मंत्रालय : बोले...

हम अन्य भारतीय नागरिकों से भी आग्रह करते हैं कि जो लोग ईरान छोड़ना चाहते हैं, वे दूतावास द्वारा दी जा रही इस सहायता का लाभ उठाएं। हमारे दूतावास ने इस संबंध में एक एडवाइजरी भी जारी की है। स्कायलाइट नाम का यह विशेष कॉमर्शियल शिप हमले का शिकार हुआ था, जिसमें एक भारतीय नागरिक की मौत हो गई और एक अब भी लापता है। दूसरा शिप, जिस पर हमला हुआ था, वह एमकेडी व्योम था। उसमें एक भारतीय नागरिक की मौत हो गई थी, जबकि 16 अन्य भारतीय सुरक्षित अपने घर लौट चुके हैं।

### संसद के बाहर नारे...

इसके बाद सदन में हंगामा शुरू हो गया। स्पीकर बिरला ने राहुल को टोका,'जिस विषय पर नोटिस दिया है उस पर बोलिए। इस पर बोलना है तो नोटिस दीजिए। इतना कहते ही विपक्ष के सांसद हंगामा करने लगे। बिरला ने पेट्रोलियम मंत्री हरदीप पुरी से बोलने को कहा- पुरी ने जैसे ही बोलना शुरू किया एपस्टीन-एपस्टीन के नारे लगे।

### निशिकांत दुबे बोले...

आम जनता को जो कांग्रेस बेवकूफ बनाती है वह बेनकाब हो गई। मैंने स्पीकर को नोटिस दिया और पूरी पेनड्राइव सौंपी

### एक करोड़ रिश्वत...

STF ने बाबू निकांत जैन को गिरफ्तार किया था। उसने भी कबूला था कि वह अभिषेक के कहने पर रिश्वत मांग रहा था। निकांत जैन ने गिरफ्तारी के खिलाफ लखनऊ हाईकोर्ट में याचिका लगाई।

इसी साल 10 फरवरी को लखनऊ हाईकोर्ट में बिजनेसमैन अपनी बात से मुकर गए। कहा- उन्होंने शिकायत गलतफहमी के चलते दर्ज कराई। इसके बाद कोर्ट ने मामले को रद्द कर दिया।

### आईएएस के बाबू...

इसके बाद अभिषेक प्रकाश को सस्पेंड कर दिया गया। उस वक्त वे औद्योगिक विकास विभाग के सचिव और इन्वेस्ट यूपी के CEO थे। कार्रवाई के बाद से अभिषेक प्रकाश सार्वजनिक जगहों पर नजर नहीं आए हैं।

### बिजनेसमैन ने...

वह कहेगा तो फाइल तुरंत पास हो जाएगी। जैन से बात की तो उसने 5 फीसदी (करीब 1 करोड़ रुपए) कमीशन मांगा। कमीशन देने से मना करने पर जैन ने कहा कि कितना भी प्रयास कर लो, आना यहीं है।

### फारूक अब्दुल्ला पर...

हमलावर को कोर्ट ने 5 दिन की पुलिस रिमांड पर भेज दिया है। वहीं, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने जम्मू में फायरिंग की घटना के बाद फारूक अब्दुल्ला से फोन पर बात की और उनका हालचाल पूछा।

फारूक अब्दुल्ला ने बताया मेरे पास मेरी सिक्योरिटी की तारीफ करने के लिए शब्द नहीं हैं। लोकल पुलिस वाले, मेरे साथ रहने वाले सिक्योरिटी वाले और NSG के सदस्य शामिल थे, जो मेरी सुरक्षा के लिए मेरे सामने खड़े थे।

मैं उस आदमी को नहीं जानता, न ही किसी ने मुझे उसके बारे में कभी कुछ बताया। जहां तक उसके मकसद की बात है मुझे कैसे पता चलता कि वह क्या हो सकता था? सवाल यह है कि इस शादी में कई जाने-माने लोग मौजूद थे, इसलिए पुलिस को सही सावधानी बरतनी चाहिए थी। लेकिन पुलिस का कोई इंतजाम नहीं था। सिर्फ मेरे लिए नहीं, बल्कि उस शादी में कई जाने-माने लोग आए थे। ऐसे इवेंट में प्रोटेक्शन होना जरूरी था, खासकर आज जिस तरह के माहौल में हम रह रहे हैं। इस मामले की सही जांच होनी चाहिए। अब यह गृहमंत्री पर है कि वे जांच करें और पता लगाएं कि ऐसा क्यों हुआ और इसका क्या कारण था। आजकल इस तरह की चीजें होती रहती हैं। हमलावर को हमेशा फायदा होता है। उसे पता होता है कि वह आपको कहां टारगेट करना चाहता है। लेकिन मैं यह नहीं कहूंगा कि सिक्योरिटी और बढ़ानी चाहिए। यह मुख्य मुद्दा नहीं है।

### समाजवादी सरकार...

उन्होंने आरोप लगाया कि वर्तमान भाजपा सरकार ने कन्नौज के इस आधुनिक काऊ मिल्क प्लांट को बंद कर दिया। यह प्लांट आधुनिक तकनीक से लैस था और इसमें टेट्रा पैक में दूध तथा अन्य उत्पाद उपलब्ध कराए जाते थे।

# हार्दिक पंड्या के खिलाफ तिरंगे के अपमान की शिकायत

## वर्ल्ड कप जीत के जश्न के दौरान फ्लैग ओढ़कर जमीन पर लेटने का आरोप

**नई दिल्ली, एजेंसी**

भारतीय क्रिकेट टीम के स्टार ऑलराउंडर हार्दिक पंड्या के खिलाफ राष्ट्रीय ध्वज के कथित अपमान को लेकर बेंगलुरु में शिकायत दर्ज कराई गई है। यह शिकायत पुणे के वकील वाजिद खान बिदकर ने दी है। उनका आरोप है कि टी-20 वर्ल्ड कप में भारत की जीत के बाद अहमदाबाद में हुए जश्न के दौरान पंड्या ने तिरंगे का उचित सम्मान नहीं किया। शिकायत के अनुसार, टीम इंडिया की जीत के बाद मैदान पर खिलाड़ियों द्वारा जश्न मनाए जाने के कई वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुए। इन वीडियो में पंड्या अपने कंधे पर तिरंगा ओढ़े हुए मैदान पर दौड़ते और नाचते दिखाई दे रहे हैं। शिकायतकर्ता का कहना है कि जश्न के दौरान राष्ट्रीय ध्वज के साथ इस तरह का व्यवहार उसकी गरिमा के खिलाफ है। बता दें कि टी-20 वर्ल्ड कप के फाइनल में भारत ने New Zealand national cricket



team को 96 रन से हराकर खिताब अपने नाम किया। इस जीत के साथ भारत ने टी-20 क्रिकेट में एक और ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल की। भारत इससे पहले ICC Men's T20 World Cup 2007 और ICC Men's T20 World Cup 2024 में भी खिताब जीत चुका है। यह पहली बार है जब किसी टीम ने अपने ही देश में टी-20 वर्ल्ड कप जीतने के साथ लगातार दो बार यह ट्रॉफी अपने नाम की है।अब इस पूरे मामले को लेकर सोशल मीडिया और क्रिकेट जगत में बहस शुरू हो गई है। हालांकि अभी तक Hardik Pandya की ओर से इस शिकायत पर कोई आधिकारिक प्रतिक्रिया सामने नहीं आई है।

### राष्ट्रीय ध्वज कानून का दिया हवाला

शिकायतकर्ता वकील वाजिद खान बिदकर ने बताया कि The Prevention of Insults to National Honour Act, 1971 के तहत राष्ट्रीय ध्वज की गरिमा बनाए रखना अनिवार्य है। इस कानून के अनुसार तिरंगे को जमीन पर गिरने देना, अनुचित तरीके से पहनना या किसी भी प्रकार से उसकी गरिमा को ठेस पहुंचाना दंडनीय अपराध माना जाता है। उन्होंने कहा कि जश्न के दौरान पंड्या इस कानून के प्रावधानों का ध्यान नहीं रख पाए, इसलिए उनके खिलाफ इसी अधिनियम की धारा 2 के तहत शिकायत दर्ज कराई गई है।

### बेंगलुरु के शिवाजी नगर थाने में दी शिकायत

वकील ने बताया कि उन्होंने बेंगलुरु के शिवाजी नगर पुलिस स्टेशन में लिखित शिकायत दी है। शुरुआत में पुलिस ने यह कहते हुए मामला दर्ज करने से हिचक दिखाई कि घटना अहमदाबाद में हुई है, इसलिए शिकायत वहीं दर्ज होनी चाहिए हालांकि शिकायतकर्ता ने तर्क दिया कि तिरंगा पूरे देश का राष्ट्रीय प्रतीक है, इसलिए उसके अपमान से जुड़ी शिकायत देश के किसी भी हिस्से में दर्ज कराई जा सकती है।



### भारत ने न्यूजीलैंड को हराकर जीता खिताब

बता दें कि टी-20 वर्ल्ड कप के फाइनल में भारत ने New Zealand national cricket team को 96 रन से हराकर खिताब अपने नाम किया। इस जीत के साथ भारत ने टी-20 क्रिकेट में एक और ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल की। भारत इससे पहले ICC Men's T20 World Cup 2007 और ICC Men's T20 World Cup 2024 में भी खिताब जीत चुका है। यह पहली बार है जब किसी टीम ने अपने ही देश में टी-20 वर्ल्ड कप जीतने के साथ लगातार दो बार यह ट्रॉफी अपने नाम की है।

- हार्दिक पंड्या टी-20 वर्ल्ड कप जीतने के बाद गर्लफ्रेंड के साथ जश्न मनाते हुए दिखे। तिरंगा उनके कंधे पर था।
- बेंगलुरु के वकील वाजेद खान बिडकर जिन्होंने पंड्या के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई है।

### मंच पर लेटे होने का भी आरोप

वकील का आरोप है कि वायरल वीडियो के एक हिस्से में पंड्या अपनी गर्लफ्रेंड के साथ मंच पर लेटे हुए दिखाई देते हैं। उस समय भी उनके कंधे पर तिरंगा मौजूद था।

शिकायतकर्ता का कहना है कि राष्ट्रीय ध्वज को इस तरह इस्तेमाल करना उसके सम्मान के विरुद्ध माना जा सकता है।

## क्रिकेटर कुलदीप की शादी में होगी 20 हजार की थाली

मुंबई। भारतीय क्रिकेट टीम के स्पिनर कुलदीप यादव अपनी बचपन की दोस्त वंशिका सिंह के साथ शादी करने जा रहे हैं। शादी में शामिल होने के लिए कानपुर से परिवार और रिश्तेदार मसूरी रवाना हो चुके हैं। यह शादी 14 मार्च (शनिवार) को मसूरी के आलीशान 'वेलकम होटल द सेवॉय' में होगी। इसके तीन दिन बाद यानी 17 मार्च को लखनऊ के होटल सेंट्रम में ग्रैंड रिसेप्शन पार्टी आयोजित की जाएगी। कुलदीप और वंशिका ने 4 जून 2025 को लखनऊ में सगाई की थी। इस शादी का बजट 2 करोड़ रुपये से अधिक होने की संभावना है। कुलदीप और वंशिका की शादी का खूबसूरत और शाही वेडिंग कार्ड भी सामने आया है। निमंत्रण पत्र की थीम राधा-कृष्ण पर आधारित है। इसकी बनावट, नक्काशी और उस पर उकेरी गई कलाकृतियां किसी शाही रजवाड़े का अहसास कराती हैं। कार्ड की कीमत करीब 2200 रुपये बताई जा रही है। वहीं, मेहमानों के लिए वेज और नॉनवेज दोनों तरह के व्यंजन रखे गए हैं।

# पिता के निधन के बाद जितेश की बदली सोच

## बोले- वर्ल्डकप टीम से बाहर होने का दुख छोटा लगा

**नई दिल्ली, एजेंसी**

भारतीय विकेटकीपर बल्लेबाज जितेश शर्मा ने कहा कि टी-20 वर्ल्ड कप की भारतीय टीम में जगह नहीं मिलने से उन्हें निराशा जरूर हुई थी, लेकिन कुछ ही समय बाद उनके जीवन में ऐसा व्यक्तिगत दुख आया जिसने उनकी सोच पूरी तरह बदल दी। जितेश के पिता मोहन शर्मा का 1 फरवरी को छोटी बीमारी के बाद निधन हो गया। उन्होंने बताया कि उस समय वह सात दिन तक अपने पिता के साथ रहे और उसी दौरान उन्हें एहसास हुआ कि परिवार उनके लिए वर्ल्ड से भी ज्यादा महत्वपूर्ण था। समाचार एजेंसी पीटीआई (PTI) को दिए एक इंटरव्यू में जितेश ने अपने करियर के उतार-चढ़ाव और निजी जिंदगी पर खुलकर बात की। वर्ल्ड



कप टीम से बाहर होने के अनुभव पर जितेश ने कहा,'जब मुझे पता चला कि मेरा सिलेक्शन नहीं हुआ है, तो मैं थोड़ा निराश था। आखिर मैं भी एक इंसान हूं और बुरा महसूस करना स्वाभाविक है। लेकिन कुछ ही समय बाद मेरे पिता बीमार हो गए और 1 फरवरी को उनका निधन हो गया। मैं उनके आखिरी सात दिनों में उनके साथ था। तब मुझे अहसास हुआ कि मेरे पिता को वर्ल्ड कप से ज्यादा मेरी जरूरत थी।

# गिल को क्रिकेटर ऑफ द ईयर अवॉर्ड देगा बीसीसीआई

## द्रविड़ को लाइफटाइम अचीवमेंट पुरस्कार मिलेगा, यू-19 वर्ल्डकप जिताने वाले म्हात्रे भी सम्मानित होंगे

- आयुष म्हात्रे की कप्तानी में भारतीय टीम इस साल अंडर-19 वनडे वर्ल्ड कप जीती थी।

**नई दिल्ली, एजेंसी**

भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (BCCI) टेस्ट और वनडे कप्तान शुभमन गिल को क्रिकेटर ऑफ द ईयर अवॉर्ड से सम्मानित करेगा। वहीं, पूर्व भारतीय खिलाड़ी और हेड कोच राहुल द्रविड़ को कर्नल सीके नायडू लाइफ टाइम अचीवमेंट अवॉर्ड दिया जाएगा। न्यूज एजेंसी PTI ने यह जानकारी दी है।

एजेंसी के मुताबिक, 15 मार्च को दिल्ली में BCCI का एनुअल अवॉर्ड प्रोग्राम होगा। इस दौरान आयुष म्हात्रे को लाला अमरनाथ अवॉर्ड से सम्मानित किया जाएगा।

म्हात्रे की कप्तानी में भारत इसी साल की शुरुआत में अंडर-19



शुभमन गिल

वनडे वर्ल्ड कप अपने नाम किया था। भारतीय महिला टीम की पूर्व कप्तान मिताली राज को भी लाइफ टाइम अचीवमेंट अवॉर्ड से सम्मानित किया जाएगा। इसके अलावा घरेलू क्रिकेट में बेहतरीन प्रदर्शन के लिए मुंबई एसोसिएशन को बेस्ट क्रिकेट एसोसिएशन का पुरस्कार दिया जाएगा। हालांकि अब तक इसे लेकर BCCI के तरफ से कोई ऑफिशियल बयान नहीं आया है। साल 2025 में भारतीय कप्तान गिल का प्रदर्शन शानदार रहा। उन्होंने टेस्ट क्रिकेट में 983 रन बनाए, जिसमें इंग्लैंड के खिलाफ खेली गई सीरीज में 70 से ज्यादा की औसत से बनाए गए 754 रन शामिल थे। वनडे में भी गिल ने 490 रन बनाए और भारत के ICC चैंपियंस ट्रॉफी जीतने में अहम भूमिका निभाई। कुल मिलाकर उन्होंने सभी फॉर्मेट में 49 की औसत से 1764 रन बनाए, जिसमें सात शतक और तीन अर्धशतक शामिल रहे। टेस्ट क्रिकेट में उन्होंने 12 मैचों में 699 रन बनाए और 214 रन की पारी खेलकर दोहरा शतक लगाने वाली पहली भारतीय और सबसे युवा महिला खिलाड़ी बनीं। उन्होंने बतौर कप्तान 2004 से 2022 तक भारतीय टीम का नेतृत्व किया और उनकी अगुवाई में भारत 2005 और 2017 के विमेंस वनडे वर्ल्ड कप के फाइनल तक पहुंचा।

### द्रविड़ ने भारत को 2024 में टी-20 वर्ल्ड चैंपियन बनाया

द्रविड़ को टेस्ट क्रिकेट के महान बल्लेबाजों में गिना जाता है, उन्होंने टेस्ट में 13,288 और वनडे में 10,889 रन बनाए। कोच के रूप में उनके कार्यकाल में भारत ने ICC टूर्नामेंटों में अच्छा प्रदर्शन किया, जिसमें टीम वनडे वर्ल्ड कप के फाइनल तक पहुंची और 2024 का टी-20 वर्ल्ड कप भी जीता। द्रविड़ ने साल 2012 में क्रिकेट से रिटायरमेंट के बाद इंडिया अंडर-19 टीम की कमान भी संभाली और शुभमन गिल व पृथ्वी शॉ जैसे खिलाड़ियों वाली टीम को साल 2018 में खिताब दिलाया। इस दौरान उन्होंने इंडिया ए टीम के साथ मिलकर भी काम किया।




### 23 साल का रहा मिताली का इंटरनेशनल करियर

मिताली राज का इंटरनेशनल करीब 23 साल का रहा। उन्होंने 1999 में 16 साल की उम्र में आयरलैंड के खिलाफ वनडे से इंटरनेशनल क्रिकेट में डेब्यू किया और जून 2022 में संन्यास लिया। मिताली ने 232 वनडे मैचों में रिकॉर्ड 7805 रन बनाए, जो विमेंस क्रिकेट में सबसे ज्यादा हैं। टेस्ट क्रिकेट में उन्होंने 12 मैचों में 699 रन बनाए और 214 रन की पारी खेलकर दोहरा शतक लगाने वाली पहली भारतीय और सबसे युवा महिला खिलाड़ी बनीं। उन्होंने बतौर कप्तान 2004 से 2022 तक भारतीय टीम का नेतृत्व किया और उनकी अगुवाई में भारत 2005 और 2017 के विमेंस वनडे वर्ल्ड कप के फाइनल तक पहुंचा।



# हंसिका मोटवानी और सोहेल खतूरिया का तलाक

## 4 साल बाद खत्म हुआ रिश्ता, एक्ट्रेस ने नहीं मांगी कोई एलिमनी

**नई दिल्ली।** एक्ट्रेस हंसिका मोटवानी और बिजनेसमैन सोहेल खतूरिया ने आपसी सहमति से अपनी शादी खत्म कर ली है। मुंबई की फैमिली कोर्ट ने दोनों को म्यूचुअल डिवोर्स दे दिया है। रिपोर्ट्स के मुताबिक, दोनों पिछले साल यानी 2024 से अलग-अलग रह रहे थे और अब कानूनी तौर पर भी उनका रिश्ता खत्म हो गया है। सूत्रों के अनुसार, तलाक की प्रक्रिया शांतिपूर्ण तरीके से पूरी हुई और दोनों ने आपसी सहमति से अलग होने का फैसला किया। खास बात यह है कि हंसिका मोटवानी ने इस सेटलमेंट के दौरान एलिमनी की मांग नहीं की। उन्होंने बिना किसी आर्थिक दावे के ही तलाक के लिए सहमति दे दी। हंसिका और सोहेल की शादी दिसंबर 2022 में बेहद



भव्य अंदाज में हुई थी। राजस्थान के जयपुर स्थित ऐतिहासिक किले में दोनों ने शाही अंदाज में सात फेरे लिए थे। इस शादी में परिवार और करीबी दोस्तों के अलावा फिल्म और बिजनेस जगत के कई लोग शामिल हुए थे। शादी की तस्वीरें और वीडियो सोशल मीडिया पर काफी वायरल हुए थे। हालांकि शादी के कुछ समय बाद ही दोनों के रिश्ते में दूरियां आने की खबरें सामने आने लगी थीं।

## परिवार के विरोध के बाद पुलिस से मांगी सुरक्षा, महाकुंभ मेले में हुईं थीं वायरल

# मोनालिसा ने मुस्लिम बॉयफ्रेंड फरमान खान से शादी की

**नई दिल्ली।** महाकुंभ मेले के दौरान अपनी खूबसूरत आंखों और मासूम मुस्कान के कारण चर्चा में आई मोनालिसा एक बार फिर सुर्खियों में हैं। उस समय उनकी नीली-भूरी आंखों और अलग पहचान की वजह से उनकी तस्वीरें और वीडियो सामाजिक माध्यमों पर तेजी से फैल गए थे और वह देखते ही देखते देशभर में चर्चा का विषय बन गई थीं। दोनों ने पुलिस को बताया कि वे अपनी इच्छा से साथ रहना चाहते हैं और उन्हें किसी भी प्रकार की धमकी या दबाव से बचाया जाए। महाकुंभ मेले के दौरान अपनी खूबसूरत आंखों



और मासूम मुस्कान के कारण चर्चा में आई मोनालिसा एक बार फिर सुर्खियों में हैं। उस समय उनकी नीली-भूरी आंखों और अलग पहचान की वजह से उनकी तस्वीरें और वीडियो सामाजिक माध्यमों पर तेजी से फैल गए थे और वह देखते ही देखते देशभर में चर्चा का विषय बन गई थीं।

### फरमान खान से की शादी

खबरों के अनुसार मोनालिसा ने अपने मुस्लिम मित्र फरमान खान के साथ विवाह कर लिया है। बताया जा रहा है कि दोनों करीब डेढ़ साल से एक-दूसरे को जानते हैं और लंबे समय से उनके बीच प्रेम संबंध था। परिवार के विरोध और संभावित खतरे को देखते हुए मोनालिसा अपने साथी फरमान खान के साथ केरल की राजधानी तिरुवनंतपुरम स्थित थंपानूर पुलिस थाने पहुंचीं। वहां उन्होंने पुलिस से सुरक्षा देने की मांग की।

### सामाजिक माध्यम से हुई थी मुलाकात

जानकारी के मुताबिक मोनालिसा और फरमान खान की मुलाकात सामाजिक माध्यम फेसबुक के जरिए हुई थी। शुरुआत में दोनों के बीच बातचीत हुई और धीरे-धीरे यह दोस्ती गहरी होती चली गई। समय के साथ यह रिश्ता प्रेम में बदल गया और दोनों ने विवाह करने का फैसला कर लिया।



> मोनालिसा की शादी और परिवार के विरोध से जुड़ा यह मामला अब सामाजिक माध्यमों पर काफी चर्चा का विषय बना हुआ है। कुछ लोग इस रिश्ते का समर्थन कर रहे हैं, जबकि कुछ लोग इसे लेकर अलग-अलग प्रतिक्रियाएं दे रहे हैं। फिलहाल दोनों ने पुलिस से सुरक्षा मांगी है और आगे की स्थिति पर सबकी नजर बनी हुई है।

# रैपर फ्लिपराची का भारत दौरा कैंसिल

## मिडिल ईस्ट के तनाव की वजह से बेंगलुरु-मुंबई के शोज टले, धुरंधर के मेकर्स को नुकसान

**मुबंई।** ब्लॉकबस्टर फिल्म धुरंधर के गाने 'फासला' (Fa9la) से भारत में फेमस हुए बहरीन के रैपर फ्लिपराची ने अपने शो कैंसिल कर दिए हैं। फ्लिपराची को बेंगलुरु और मुंबई में लाइव परफॉर्म करना था, लेकिन अब मिडिल ईस्ट में बढ़ते तनाव और सुरक्षा कारणों की वजह से उनका आना टल गया है। फ्लिपराची को 13 मार्च को मुंबई के फीनिक्स मार्केटसिटी और 14-15 मार्च को बेंगलुरु के 'UN40 म्यूजिक एंड बियॉन्ड' फेस्टिवल में अपरफॉर्म करना था। सारेगामा इंडिया ने एक आधिकारिक बयान जारी कर बताया कि मिडिल ईस्ट और बहरीन में चल रहे मौजूदा तनावपूर्ण हालातों की वजह से सुरक्षा और यात्रा संबंधी मुश्किलें खड़ी हो गई हैं। कंपनी के मुताबिक, इन परिस्थितियों में कलाकार का सफर करना संभव नहीं है। हालांकि, बेंगलुरु के म्यूजिक फेस्टिवल में अन्य कलाकारों की प्रस्तुतियां जारी रहेंगी। फ्लिपराची का यह दौरा रद्द होना फिल्म 'धुरंधर' के मेकर्स के लिए किसी नुकसान से कम नहीं है। फिल्म 19 मार्च को सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली है।

> एक इंटरव्यू में फ्लिपराची ने बताया था कि यह गाना फिल्म का हिस्सा कैसे बना। उन्होंने कहा, 'मेकर्स अक्षय खन्ना के विलेन वाले किरदार के लिए एक ऐसा संगीत ढूंढ रहे थे जो डार्क और थोड़ा अलग हो। जब उन्होंने फासला की धुन सुनी, तो उन्हें लगा कि यह एकदम सही है। एक कॉल पर ही सब कुछ फाइनल हो गया।' भारत से मिल रहे प्यार पर खुशी जताते हुए उन्होंने कहा कि उनके इंस्टाग्राम का इनबॉक्स हजारों मैसेज से भरा रहता है, जिसे देखकर वे अक्सर हैरान रह जाते हैं।



मेकर्स की योजना थी कि रिलीज से ठीक पहले बड़े शहरों में फ्लिपराची के शोज के जरिए फिल्म का माहौल बनाया जाए।



# कृतिका कामरा-गौरव कपूर ने घर पर रजिस्टर्ड मैरिज की

## लाल चंदेरी साड़ी में दिखीं एक्ट्रेस, सहवाग-युवराज समेत कई स्टार्स पहुंचे


**मुबंई।** एक्ट्रेस कृतिका कामरा और मशहूर होस्ट गौरव कपूर शादी के बंधन में बंध गए हैं। 11 मार्च की शाम मुंबई के बांद्रा स्थित अपने घर पर दोनों ने एक निजी समारोह में रजिस्टर्ड मैरिज की। कृतिका और गौरव ने किसी बड़े ताम-झाम और पारंपरिक शादी की बजाय घर पर ही शादी करने का फैसला किया। समारोह में केवल परिवार के सदस्य और कुछ करीबी दोस्त ही शामिल हुए।



### मां की गिफ्ट की हुई लाल चंदेरी साड़ी पहनी

शादी के मौके पर कृतिका कामरा लाल रंग की चंदेरी साड़ी में बेहद खूबसूरत नजर आईं। खास बात यह है कि यह साड़ी उन्हें उनकी मां ने गिफ्ट की थी। इसे कृतिका के अपने ब्रांड 'सिन्नाबार' ने तैयार किया है, जो पारंपरिक चंदेरी कला को बचाने और महिला कारीगरों को बढ़ावा देने का काम करता है।

> शादी के बाद घर की छत (टेरेस) पर एक आफ्टर-पार्टी रखी गई। इसमें क्रिकेट जगत से वीरेंद्र सहवाग, जहीर खान और युवराज सिंह पहुंचे। वहीं बॉलीवुड और टीवी इंडस्ट्री से नेहा धूपिया, अंगद बेदी, सोहा अली खान, मलाइका अरोड़ा और पूजा गौर जैसे सितारे शामिल हुए।



### अपनों के बीच नया चैप्टर शुरू करना खुशी की बात

अपनी शादी को लेकर गौरव और कृतिका ने कहा, 'हम हमेशा से मानते रहे हैं कि जिंदगी के सबसे खास पल वही होते हैं, जो आप अपने प्रिय लोगों के साथ साझा करते हैं। हमें बहुत खुशी है कि हम अपनी जिंदगी का यह नया अध्याय मुंबई में अपने घर पर, अपने परिवार और सबसे करीबी दोस्तों के बीच शुरू कर पा रहे हैं।'

### मौजूदा लीडरशिप का जनता पर पूरा कंट्रोल, ट्रम्प जल्द ऑपरेशन खत्म कर सकते हैं

# ईरान में अभी सरकार नहीं गिरा पाएगा अमेरिका





**जानकारी**

**वॉशिंगटन, एजेंसी**

अमेरिका और इजराइल लगातार दो हफ्ते से ईरान में एयरस्ट्राइक कर रहे हैं, इसके बावजूद ईरान की सत्ता अभी भी काफी मजबूत है और उसके जल्द गिरने का कोई खतरा नहीं है। यह बात अमेरिकी खुफिया एजेंसियों की रिपोर्ट में सामने आई है। इस मामले से जुड़े तीन सूत्रों ने न्यूज एजेंसी रॉयटर्स को इसकी जानकारी दी है। एक सूत्र के मुताबिक कई खुफिया रिपोर्टों में एक जैसा आकलन किया गया है कि ईरान की सरकार गिरने की स्थिति में नहीं है और वह अभी भी देश की जनता पर कंट्रोल बनाए हुए है। वहीं, तेल की कीमतों में इजाफे की वजह से राजनीतिक दबाव बढ़ रहा है। ऐसे में अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने संकेत दिया है कि अमेरिका जल्द जंग खत्म कर सकता है। हालांकि अगर ईरान के कट्टरपंथी नेता सत्ता में बने रहते हैं तो युद्ध खत्म करने का रास्ता निकालना आसान नहीं होगा उनके मुताबिक ईरान भले ही अपने पड़ोसी देशों के खिलाफ पूरी ताकत इस्तेमाल न कर पाए, लेकिन देश के अंदर वह अभी भी पूरी तरह कंट्रोल बनाए रखने में सक्षम है। इस हफ्ते ईरान के सीनियर शिया धर्मगुरुओं की संस्था 'असेंबली ऑफ एक्सपर्ट्स' ने खामेनेई के बेटे मुजतबा खामेनेई को नया सर्वोच्च नेता घोषित कर दिया है। एक अन्य सूत्र के मुताबिक इजराइल का इरादा यह है कि मौजूदा ईरानी शासन का कोई हिस्सा भी सत्ता में न बचा रहे। हालांकि अभी यह साफ नहीं है कि अमेरिका और इजराइल का मौजूदा ऑपरेशन सरकार को कैसे गिरा पाएगा। व्हाइट हाउस ने इस पर सीधे टिप्पणी नहीं की है और यह भी साफ नहीं किया कि राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प को सैन्य अभियान



### ईरानी कुर्द के पास लड़ने की ताकत नहीं

हालांकि अमेरिकी खुफिया रिपोर्टों में यह शक जताया गया है कि ईरानी कुर्द समूह लंबे समय तक ईरानी सुरक्षा बलों से लड़ने की क्षमता नहीं रखते। दो सूत्रों के मुताबिक उनके पास न तो पर्याप्त हथियार हैं और न ही पर्याप्त संख्या में लड़ाके। सूत्रों के मुताबिक हाल के दिनों में ईरानी कुर्द समूहों ने वॉशिंगटन में अमेरिकी अधिकारियों और सांसदों से हथियार और बख्तरबंद वाहन देने की मांग की है। लेकिन ट्रम्प ने शनिवार को कहा कि उन्होंने ईरानी कुर्द समूहों को ईरान में भेजने का विचार फिलहाल खारिज कर दिया है।

*रिपोर्ट में कहा गया है कि अगर ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामेनेई की हत्या के बाद भी वहां की सत्ता व्यवस्था टूटने के बजाय तय प्रोसेस के तहत नया नेतृत्व चुन लेगी और सरकार चलती रहेगी। खुफिया आकलन में यह भी कहा गया कि ईरान की बिखरी हुई विपक्षी ताकतों के सत्ता में आने की संभावना बहुत कम है।*



### ईरान में मौजूद सत्ता को गिराना आसान नहीं

वॉशिंगटन पोस्ट की एक अलग रिपोर्ट के मुताबिक अमेरिका की खुफिया एजेंसियों की एक सीक्रेट रिपोर्ट में कहा गया है कि अगर अमेरिका, ईरान पर बड़े पैमाने पर सैन्य हमला भी करे, तब भी वहां की मौजूदा सत्ता को गिराना आसान नहीं होगा। यह आकलन नेशनल इंटेलिजेंस काउंसिल (NIC) की रिपोर्ट में किया गया है। रिपोर्ट के मुताबिक ईरान की सैन्य और धार्मिक नेतृत्व वाली व्यवस्था इतनी मजबूत है कि उसे हटाना मुश्किल होगा। यह रिपोर्ट अमेरिका और इजराइल की तरफ से 28 फरवरी को ईरान पर हमला शुरू करने से करीब एक हफ्ते पहले तैयार की गई थी। जैसे कि अगर ईरान के शीर्ष नेताओं को निशाना बनाया जाए या सरकार और संस्थानों पर बड़ा हमला किया जाए।

शुरू करने से पहले इस रिपोर्ट की जानकारी दी गई थी या नहीं। रिपोर्ट में कहा गया है कि अगर ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामेनेई की हत्या के बाद भी वहां की सत्ता व्यवस्था टूटने के बजाय तय प्रोसेस के तहत नया नेतृत्व चुन लेगी और सरकार चलती रहेगी। खुफिया आकलन में यह भी कहा गया कि ईरान की बिखरी हुई विपक्षी ताकतों के सत्ता में आने की संभावना बहुत कम है।

नेशनल इंटेलिजेंस काउंसिल अमेरिका की 18 खुफिया एजेंसियों के सीनियर एक्सपर्ट्स का एक ग्रुप है, जो मिलकर ऐसी सीक्रेट रिपोर्ट तैयार करते हैं। व्हाइट हाउस ने इस पर सीधे टिप्पणी नहीं की है और यह भी साफ नहीं किया कि राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प को सैन्य अभियान शुरू करने से पहले इस रिपोर्ट की जानकारी दी गई थी या नहीं।

### ईरान की मौजूदा सरकार गिरेगी यह तय नहीं

खुफिया रिपोर्टों के मुताबिक 28 फरवरी को अमेरिका और इजराइल के हमलों के पहले ही दिन ईरान के सुप्रीम लीडर अयातुल्ला अली खामेनेई की मौत हो गई थी, लेकिन इसके बावजूद वहां की धार्मिक नेतृत्व वाली व्यवस्था अभी भी एकजुट बनी हुई है। इजराइल के एक सीनियर अधिकारी ने भी रॉयटर्स से कहा कि सीक्रेट मीटिंग्स में भी यही बात निकल कर सामने आई है कि फिलहाल ईरान की मौजूदा सरकार गिरने की कोई संभावना नहीं है। सूत्रों ने यह भी कहा कि जमीन पर हालात बहुत तेजी से बदल रहे हैं और आने वाले समय में ईरान के अंदर की स्थिति अलग दिशा में जा सकती है। इसके बावजूद अमेरिकी खुफिया रिपोर्टों के मुताबिक खामेनेई और IRGC के अफसरों की मौत के बाद बना 'इंटरनल लीडरशिप सिस्टम' अभी भी देश पर कंट्रोल बनाए हुए है। ब्रूकिंग्स इंस्टीट्यूशन की एक्सपर्ट सुजैन मलोनी ने कहा कि ईरान के अंदर फिलहाल ऐसी कोई ताकत नहीं है जो सरकार के पास बची हुई शक्ति को चुनौती दे सके।

**राजधानी तेहरान में सड़क पर बिलबोर्ड लगा है। इसमें ईरान के दिवंगत सुप्रीम लीडर अयातुल्ला खामेनेई को देश का झंडा अपने बेटे और उत्तराधिकारी मुजतबा खामेनेई को सौंपते हुए दिखाया गया है। सबसे बाएं इस्लामी क्रांति के संस्थापक अयातुल्लाह रुहोल्लाह खैमेनी की तस्वीर है।**



### कुर्द बोले- अमेरिका समर्थन दे तो हथियार उठाएंगे

इसी बीच खबरें आई थीं कि इराक में मौजूद ईरानी कुर्द मिलिशिया समूहों ने अमेरिका से बातचीत की है कि क्या वे पश्चिमी ईरान में सुरक्षा बलों पर हमला कर सकते हैं। ऐसा होने पर ईरान के सुरक्षा तंत्र पर दबाव पड़ सकता है और देश के अंदर सरकार के खिलाफ विरोध बढ़ सकता है। ईरानी कुर्दिस्तान की कोमाला पार्टी के प्रमुख अब्दुल्ला मोहतदी ने कहा कि अगर अमेरिका समर्थन दे तो हजारों युवा सरकार के खिलाफ हथियार उठाने के लिए तैयार हैं। उन्होंने यह भी दावा किया कि ईरानी कुर्द क्षेत्रों में सुरक्षा बलों ने कुछ ठिकाने छोड़ दिए हैं क्योंकि उन्हें अमेरिका और इजराइल के हमलों का डर है।

### खामेनेई की मौत के बाद भी लीडरशिप का ईरान पर कंट्रोल

अमेरिका और इजराइल ने युद्ध शुरू होने के बाद ईरान के कई ठिकानों को निशाना बनाया है। इनमें एयर डिफेंस सिस्टम, परमाणु ठिकाने और टॉप लीडरशिप से जुड़े लोग शामिल हैं। ट्रम्प प्रशासन ने इस युद्ध के अलग-अलग कारण बताए हैं। युद्ध शुरू करते समय ट्रम्प ने ईरान की जनता से कहा था कि वे अपनी सरकार को खुद बदल दें।

हालांकि बाद में उनके सीनियर अधिकारियों ने कहा कि ईरान की सरकार को हटाना इस ऑपरेशन का मकसद नहीं है। हमलों में खामेनेई के अलावा कई सीनियर अधिकारी और इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स (IRGC) के कई बड़े कमांडर भी मारे गए हैं।

यह ईरान की एक शक्तिशाली पैरामिलिट्री फोर्स है, जो देश की अर्थव्यवस्था के बड़े हिस्से को कंट्रोल करती है। सूत्रों का कहना है कि इसके लिए संभवतः जमीनी सैन्य कार्रवाई करनी पड़ेगी, जिससे ईरान के अंदर लोग सड़कों पर उतरकर विरोध कर सकें। ट्रम्प प्रशासन ने अभी तक ईरान में अमेरिकी सैनिक भेजने की संभावना से भी इनकार नहीं किया है।

## सलालाह पोर्ट पर ड्रोन से तेल टैंकरों को बनाया निशाना

**मस्कट, एजेंसी**

खाड़ी क्षेत्र में तनाव लगातार बढ़ता जा रहा है। अमेरिका और इस्राइल के साथ चल रहे युद्ध के बीच ईरान ने अब ओमान के सलालाह बंदरगाह पर ड्रोन से हमला किया है। इस हमले में तेल के स्टोरेज टैंकों को निशाना बनाया गया है। इस घटना ने क्षेत्र में एक नया संकट पैदा कर दिया है, क्योंकि ओमान अब तक इस युद्ध में एक तटस्थ देश की भूमिका निभा रहा था। अल जजीरा और ओमान टीवी की रिपोर्ट के अनुसार, ड्रोन हमलों ने सलालाह बंदरगाह पर स्थित तेल टैंकों को काफी नुकसान पहुंचाया है। ब्रिटेन की समुद्री सुरक्षा कंपनी एम्ब्रे ने भी इस हमले की पुष्टि की है। हालांकि राहत की बात यह है कि इस हमले में किसी भी व्यापारिक जहाज को नुकसान नहीं पहुंचा है। यह हमला ईरान द्वारा खाड़ी देशों के ऊर्जा ठिकानों पर किए जा रहे हमलों का हिस्सा माना जा रहा है। इस हमले के बाद ओमान के सुल्तान




हैथम बिन तारिक अल सैद ने ईरान के राष्ट्रपति मसूद पेजेशकियान से संपर्क किया। सुल्तान ने ओमान की धरती पर हुए इन हमलों पर कड़ा विरोध दर्ज कराया और इसकी निंदा की। उन्होंने साफ किया कि ओमान युद्ध में किसी का पक्ष नहीं ले रहा है। सुल्तान ने कहा कि ओमान अपनी सुरक्षा और स्थिरता बनाए रखने के लिए हर जरूरी कदम उठाएगा। बता दें कि यह हमला उस समय हुआ जब सुल्तान हैथम ने अयातुल्ला मोजतबा खामेनेई को ईरान का नया सर्वोच्च नेता बनने पर बधाई दी थी। ओमान की न्यूज एजेंसी के मुताबिक सुल्तान ने खामेनेई के चयन पर उन्हें शुभकामना संदेश भेजा था।

## अमेरिका ने पाकिस्तान में बंद किया अपना वाणिज्य दूतावास

### हर साल 75 लाख डॉलर की होगी बचत

**वॉशिंगटन, एजेंसी**

अमेरिका ने पाकिस्तान के पेशावर में स्थित अपने वाणिज्य दूतावास को हमेशा के लिए बंद करने का फैसला किया है। यह राजनयिक मिशन अफगानिस्तान सीमा के सबसे करीब था। साल 2001 में अफगानिस्तान पर हमले के समय और उसके बाद भी यह जगह अमेरिका के लिए ऑपरेशंस और रसद का मुख्य केंद्र रही है। अमेरिकी विदेश विभाग ने इस हफ्ते कांग्रेस को वाणिज्य दूतावास बंद करने की योजना के बारे में बताया। विभाग का कहना है कि इस कदम से हर साल लगभग 75 लाख डॉलर की बचत होगी। अमेरिका का मानना है कि इस फैसले से पाकिस्तान में उसके राष्ट्रीय हितों को आगे बढ़ाने की क्षमता पर कोई बुरा असर नहीं पड़ेगा। 'द एसोसिएटेड प्रेस' को मिले एक नोटिस से यह जानकारी सामने आई है। यह



फैसला पिछले एक साल से विचाराधीन था। ट्रंप प्रशासन ने लगभग सभी सरकारी एजेंसियों के खर्चों और आकार को छोटा करना शुरू किया है। विभाग ने साफ किया है कि इस फैसले का ईरान के साथ चल रहे तनाव से कोई लेना-देना नहीं है। हालांकि, ईरान विवाद की वजह से कराची और पेशावर जैसे शहरों में विरोध प्रदर्शन हुए थे, जिस कारण वाणिज्य दूतावास ने कुछ समय के लिए अपना काम रोक दिया था। पिछले साल अमेरिकी प्रशासन ने विदेश विभाग के बजट में बड़ी कटौती की थी।

**फास्ट न्यूज**

### अब छोटे बच्चे भी चला सकेंगे वॉट्सएप

नई दिल्ली। वॉट्सएप को ऑपरेट करने वाली कंपनी मेटा ने 'पेरेंट-मैनेज्ड' अकाउंट मॉडल पेश किया है। इससे अब 13 साल से कम उम्र के बच्चे भी वॉट्सएप का इस्तेमाल कर सकेंगे। अब तक वॉट्सएप इस्तेमाल करने की न्यूनतम उम्र 13 साल थी। इस नए फीचर में माता-पिता या अभिभावक अपने बच्चों के अकाउंट को पूरी तरह कंट्रोल कर पाएंगे।

### डॉलर के मुकाबले रुपया रिकॉर्ड निचले स्तर पर

नई दिल्ली। पश्चिम एशिया में जारी युद्ध और कच्चे तेल की बढ़ती कीमतों के बीच गुरुवार को भारतीय रुपये पर भारी दबाव देखने को मिला। रुपया अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 35 पैसे गिरकर अब तक के सबसे निचले स्तर 92.36 पर पहुंच गया। इंटरबैंक विदेशी मुद्रा बाजार में रुपया 92.25 प्रति डॉलर पर खुला, लेकिन दिन के कारोबार के दौरान लगातार गिरते हुए 92.36 प्रति डॉलर तक पहुंच गया। यह पिछले बंद स्तर के मुकाबले 35 पैसे की गिरावट है और अब तक का रिकॉर्ड निचला इंट्रा-डे स्तर है।

### पश्चिम एशिया तनाव से कच्चे तेल में उछाल

नई दिल्ली। पश्चिम एशिया में बढ़ते संघर्ष का असर वैश्विक तेल बाजार पर साफ दिखाई देने लगा है। गुरुवार को अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमतें फिर से 100 डॉलर प्रति बैरल के पार पहुंच गईं। अंतरराष्ट्रीय मानक ब्रेंट क्रूड की कीमत नौ प्रतिशत से अधिक बढ़कर 100.76 डॉलर प्रति बैरल हो गई, जबकि अमेरिकी मानक डब्ल्यूटीआई क्रूड करीब 9 प्रतिशत उछलकर लगभग 95 डॉलर प्रति बैरल पर पहुंच गया।

### टाइटैनिक के 'किंग ऑफ द वर्ल्ड' पोज में नजर आए, पहले भी बन चुका ऐसा स्टैच्यू

# ट्रम्प-एपस्टीन का 12 फीट ऊंचा स्टैच्यू लगा



- 2025 में लगाई गई ट्रम्प और एपस्टीन को हाथ पकड़कर खड़े दिखाया गया था।
- 1990 से 2000 तक ट्रम्प और एपस्टीन को कई कार्यक्रमों और पार्टियों में साथ देखा गया।

**वॉशिंगटन, एजेंसी**

अमेरिका के वॉशिंगटन डीसी में राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प और यौन अपराधी जेफ्री एपस्टीन का 12 फीट ऊंचा स्टैच्यू लगाया गया है। इसमें दोनों टाइटैनिक फिल्म के मशहूर 'किंग ऑफ द वर्ल्ड' पोज में खड़े नजर आ रहे हैं। इस स्टैच्यू को गुमनाम कलाकार समूह 'द सीक्रेट हैंडशेक' ने नेशनल मॉल के पास लगाया है। कुछ लोग इसे राजनीतिक कला और अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता का उदाहरण बता रहे हैं, जबकि कई लोगों ने इसे आपत्तिजनक बताया है। व्हाइट हाउस की ओर से अब तक इस पर कोई आधिकारिक प्रतिक्रिया नहीं आई है। पहले भी ट्रम्प और एपस्टीन का ऐसा स्टैच्यू लग चुका है। यह पोज हॉलीवुड फिल्म 'टाइटैनिक' (1997) के मशहूर सीन से प्रेरित है। इस फिल्म में अभिनेता लियोनार्डो डिकैप्रियो ने जैक डॉसन का किरदार निभाया था।

> **"फिल्म के एक फेमस सीन में जैक जहाज के अगले हिस्से पर खड़ा होकर हाथ फैलाता है और कहता है- "आई एम द किंग ऑफ द वर्ल्ड" (मैं दुनिया का राजा हूं)। यह सीन हॉलीवुड के सबसे आइकॉनिक सीन में गिना जाता है। यह पहली बार नहीं है जब इस समूह ने ऐसा स्टैच्यू लगाया है। 2025 में इसी समूह ने बेस्ट फ्रेंड फारेवर नाम की मूर्ति लगाई थी, जिसमें ट्रम्प और एपस्टीन को हाथ पकड़कर खड़े दिखाया गया था।"**

### जेफ्री एपस्टीन कौन था?

जेफ्री एपस्टीन अमेरिका का फाइनेंसर था, जिस पर नाबालिग लड़कियों की सेक्स ट्रैफिकिंग और यौन शोषण का नेटवर्क चलाने के गंभीर आरोप लगे थे। 2019 में उसे गिरफ्तार किया गया था, लेकिन उसी साल न्यूयॉर्क की जेल में उसकी मौत हो गई। 1990 के दशक और शुरुआती 2000 के दौर में ट्रम्प और एपस्टीन को कुछ सामाजिक कार्यक्रमों और पार्टियों में साथ देखा गया था।

### स्टैच्यू पर मेक अमेरिका सेफ अगेन लिखा

स्टैच्यू के आसपास बैनर लगाए गए हैं, जिन पर दोनों की तस्वीरों के साथ 'मेक अमेरिका सेफ अगेन' जैसे नारे लिखे गए हैं। स्टैच्यू में एपस्टीन आगे खड़ा है और ट्रम्प उनके पीछे हाथ फैलाए दिखाई दे रहे हैं।

# ट्रम्प के पास जंग खत्म करने का कोई प्लान नहीं

### ईरान की ताकत का गलत अंदाजा लगाया, तेल सप्लाई ठप होगी सोचा नहीं था

**वॉशिंगटन, एजेंसी**

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प 18 फरवरी को जब यह तय कर रहे थे कि ईरान पर हमला किया जाए या नहीं, तब ऊर्जा मंत्री क्रिस राइट ने एक इंटरव्यू में कहा था कि उन्हें यह चिंता नहीं थी कि अगर युद्ध हुआ तो मिडिल ईस्ट से तेल की सप्लाई पर असर पड़ेगा या तेल के बाजार में बड़ी गड़बड़ी होगी। राइट ने कहा था कि पिछले साल जून में जब इजराइल और अमेरिका ने ईरान पर हमले किए थे, तब भी तेल बाजार पर ज्यादा असर नहीं पड़ा था। उनके मुताबिक उस समय तेल की कीमत थोड़ी बढ़ी थी, लेकिन जल्द ही नीचे आ गई थी। ट्रम्प के दूसरे सलाहकार भी निजीतौर पर इसी तरह की राय रखते थे। उनका मानना था कि चेतावनियां बढ़ा-चढ़ाकर दी जा रही हैं और ईरान



शायद ही इस बार तेल ले जाने वाले समुद्री रास्तों को बंद करेगा, जिनसे दुनिया की लगभग 20% तेल सप्लाई गुजरती है। लेकिन हाल के दिनों में यह आकलन गलत साबित होता दिख रहा है। ईरान ने धमकी दी कि वह होर्मुज स्ट्रेट से गुजरने वाले तेल के टैंकरों पर हमला कर सकता है। यह वही अहम समुद्री रास्ता है जिससे होकर फारस की खाड़ी से निकलने वाले सभी जहाज गुजरते हैं। ईरान की इन धमकियों के बाद खाड़ी रीजन में व्यावसायिक जहाजों की आवाजाही लगभग रुक गई है। इस वजह से तेल की कीमतें एक समय 110 डॉलर प्रति बैरल को छू गई थीं। ट्रम्प प्रशासन अब आर्थिक संकट को काबू में करने के तरीके खोजने में जुट गया है। इस संकट के कारण अमेरिका में पेट्रोल की कीमतें भी बढ़ गई हैं। इस घटना यह भी पता चलता है कि ट्रम्प और उनके सलाहकारों ने जंग पर ईरान के रुख का गलत अंदाजा लगाया। ईरान इस संघर्ष को अपने अस्तित्व से जुड़ा खतरा मान रहा है। पिछले साल जून में हुई 12 दिन की जंग की तुलना में इस बार ईरान ने कहीं ज्यादा आक्रामक प्रतिक्रिया दी है। उसने अमेरिका के सैन्य ठिकानों, मिडिल ईस्ट के कई अरब देशों के शहरों और इजराइल के आबादी वाले इलाकों पर मिसाइल और ड्रोन अटेक किए हैं।

### गिरावट: निफ्टी भी 228 अंक टूटा, ऑटो और बैंकिंग शेयर्स में बिकवाली रही

# सेंसेक्स 829 अंक गिरकर 76,034 पर बंद

**मुंबई, एजेंसी**

अमेरिका-इजराइल और ईरान के कारण शेयर बाजार में आज यानी 12 मार्च को लगातार दूसरे गिरावट रही। सेंसेक्स 829 अंक (1.08%) की गिरावट के साथ 76,034 पर बंद हुआ। वहीं निफ्टी में भी 228 अंक (0.95%) की गिरावट रही, ये 23,639 पर बंद हुआ। आज ऑटो, FMCG, रियल्टी और बैंकिंग शेयर्स में ज्यादा गिरावट रही।

एनर्जी और मेटल शेयर्स में बढ़त रही। फरवरी महीने में विदेशी निवेशकों ने 6,640 करोड़ के शेयर्स बेचे हैं। वहीं घरेलू निवेशकों ने इस दौरान 38,423 करोड़ की नेट खरीदारी की थी। इससे पहले कल यानी 11 मार्च को शेयर बाजार में गिरावट रही थी। सेंसेक्स 1342 अंक (1.72%) की गिरावट के साथ



76,864 के स्तर पर बंद हुआ था। वहीं निफ्टी में भी 395 अंक (1.63%) की गिरावट रही, ये 23,867 पर बंद हुआ था। इससे पहले 11 मार्च को भी शेयर बाजार में बड़ी गिरावट दर्ज की गई थी। उस दिन सेंसेक्स 1,342 अंक यानी 1.72 प्रतिशत गिरकर 76,864 के स्तर पर बंद हुआ था। वहीं निफ्टी 395 अंक यानी 1.63 प्रतिशत की गिरावट के साथ 23,867 के स्तर पर बंद हुआ था। लगातार दो दिनों की गिरावट से निवेशकों में सतर्कता बढ़ गई है।

**ग्लोबल मार्केट में कच्चे तेल की कीमतों में आज तेजी है। ब्रेंट क्रूड करीब 9% बढ़कर फिर 101 डॉलर प्रति बैरल पर पहुंच गया। वहीं अमेरिकी तेल डब्ल्यूटीआई भी 95 डॉलर प्रति बैरल के स्तर पर पहुंच गया है। इससे पहले कल इस कच्चे तेल की कीमत में गिरावट थी। वहीं 9 मार्च को ब्रेंट क्रूड 116 डॉलर पर पहुंच गया था।**

### बाजार गिरने की 3 मुख्य वजहें

- अमेरिका-इजराइल और ईरान युद्ध से सप्लाई चेन बिगड़ गई है।
- कच्चे तेल के दाम बढ़ने से भारत का इंपोर्ट बिल और महंगाई बढ़ेगी।
- अमेरिका और एशियाई बाजारों में गिरावट का असर भारत पर।

### 11 मार्च को एफआईआई ने 4,672 करोड़ के शेयर्स बेचे

एक दिन पहले विदेशी निवेशकों (FIIs) ने कैश सेगमेंट में 6,267 करोड़ के शेयर बेचे। घरेलू निवेशकों (DIIs) ने 4,965 करोड़ की नेट खरीदारी की। मार्च महीने में विदेशी निवेशकों ने अब तक 39,116 करोड़ के शेयर्स बेचे। वहीं घरेलू निवेशकों ने इस दौरान 53,099 करोड़ की नेट खरीदारी की है। वहीं निफ्टी में भी 395 अंक (1.63%) की गिरावट रही, ये 23,867 पर बंद हुआ था। इससे पहले कल यानी 11 मार्च को शेयर बाजार में गिरावट रही थी।

# फरवरी में रिटेल महंगाई बढ़कर 3.21% हुई

### इजराइल-ईरान जंग से ये और बढ़ सकती है

**नई दिल्ली, एजेंसी**

फरवरी में रिटेल महंगाई बढ़कर 3.21% पहुंच गई है। इससे पहले जनवरी में यह 2.74% थी। आज 12 मार्च को ये आंकड़े जारी किए गए हैं। महंगाई में यह बढ़ोतरी ऐसे समय में हुई है जब इजराइल-अमेरिका और ईरान के बीच जंग चल रही है। विशेषज्ञों का मानना है कि अगर यह जंग लंबी चली तो कच्चे तेल के दाम 150 डॉलर प्रति बैरल तक पहुंच सकते हैं। इससे पेट्रोल-डीजल महंगा हो सकता है, जिससे माल ढुलाई का खर्च बढ़ेगा और फल-सब्जी समेत हर जरूरी सामान की कीमतें बढ़ जाएंगी। महंगाई दर बढ़ने की सबसे बड़ी वजह खाने-पीने की चीजों के दामों का बढ़ना है। फूड इन्फ्लेशन फरवरी में बढ़कर 3.47% पर पहुंच गया। जनवरी में यह आंकड़ा केवल



2.13% था। ग्रामीण इलाकों की तुलना में शहरों में महंगाई थोड़ी कम रही। ग्रामीण महंगाई जनवरी के 2.73% से बढ़कर 3.37% हो गई, जबकि शहरी महंगाई 2.75% से बढ़कर 3.02% रही। यह महंगाई के नए फॉर्मूले (2024 बेस ईयर) के तहत जारी दूसरा आंकड़ा है। सरकार ने महंगाई नापने के बास्केट में भी बदलाव किया है। खाने-पीने की चीजों का वजन 45.9% से घटाकर 36.75% कर दिया गया है, जबकि हाउसिंग और बिजली-गैस का वजन बढ़ा दिया गया है।

**तमसा संकेत**
tamsa.news@gmail.com

स्वत्वाधिकारी, मुद्रक, प्रकाशक विद्यादेवी द्वारा कृष्णा डाइनेस्टी प्रिंटिंग प्रेस म0 न0 195 सेक्टर 6-बी, वृन्दावन योजना, रायबरेली रोड लखनऊ- 226 029 (उ0प्र0) से मुद्रित कराकर तमसा संकेत भवन शहजादपुर, अकबरपुर जनपद अम्बेडकरनगर (उत्तर प्रदेश) (पिन कोड- 224122) से प्रकाशित

**सम्पादक : विद्यादेवी**

समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ होगा

समाचार पत्र में प्रकाशित लेख, राजनीतिक विश्लेषण, लेखकों के अपने विचार हैं। सम्पादक का इन विचारों से सहमत होना आवश्यक नहीं हैं।

मो0- 9415799533
R.N.I. NO. 64107/96